राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 08 मई 2025
वर्ष 06, अंक 219, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नगर पंचायत मोहनलालगंज में राजस्व टीम ने चलाया बुलडोजर, ढहाया अवैध कब्जा....03

शहर के अतिक्रमण पर नगर आयुक्त के सख्त हुए तेवर.....12

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा इस्तीफा दें या फिर सजा का सामना करें, 9 मई तक जवाब दाखिल करे

स्वतंत्र प्रभात

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी मिलने के आरोपों की जांच के लिए गठित आंतरिक समिति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को सौंपी अपनी रिपोर्ट में न्यायाधीश को दोषी ठहराया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार उन्हें इस्तीफा देना ही होगा और यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजी जाएगी।यह रिपोर्ट बार एंड बेंच ने ब्रेक की है उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार ÷रिपोर्ट में उन पर आरोप लगाया गया है। प्रक्रिया के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने उनसे पूछताछ की है। उन्हें दिया गया पहला विकल्प इस्तीफा देना है। अगर वह इस्तीफा देते हैं, तो यह अच्छा है। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं, तो महाभियोग की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजी जाएगी। "यह भी समझा जाता है कि न्यायमूर्ति वर्मा को मुख्य न्यायाधीश को जवाब देने के लिए शुक्रवार, 9 मई तक का समय दिया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित समिति में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू , हिमाचल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनु शिवरामन शामिल थे ।पैनल ने 25 मार्च को जांच शुरू की थी और 4 मई को अपनी रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश खन्ना को सौंप दी थी। 14 मार्च की शाम को न्यायमूर्ति वर्मा के घर में आग लगने के बाद कथित तौर पर अग्निशमन कर्मियों ने बेहिसाब नकदी बरामद की थी।न्यायमूर्ति वर्मा और उनकी पत्नी उस समय दिल्ली में नहीं थे और मध्य प्रदेश में यात्रा कर रहे थे। आग लगने के समय घर पर केवल उनकी बेटी और वृद्ध मां ही थीं।

रिपोर्ट चार मई को सीजेआई को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपी गई। इसमें 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद कथित तौर पर नकदी मिलने के विवाद पर समिति के निष्कर्ष शामिल हैं। न्यायाधीश के आवास पर आग लगने के बाद अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी। नकदी बरामदगी विवाद में एक खबर के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ। इसके परिणामस्वरूप कई कदम उठाए गए, जिनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय द्वारा प्रारंभिक जांच और न्यायमूर्ति वर्मा से दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायिक कार्य वापस ले लेना और बाद में उन्हें बिना न्यायिक कार्य के इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करना शामिल है।

उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में कहा, ''सेवारत न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने तीन मई की अपनी रिपोर्ट चार मई को प्रधान न्यायाधीश को सौंप दी है।'' शीर्ष अदालत ने 28 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कहा था कि वह न्यायमूर्ति वर्मा को फिलहाल कोई न्यायिक कार्य न सौंपें। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 24 मार्च को न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की थी। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधान न्यायाधीश के निर्देश के बाद न्यायमूर्ति वर्मा से न्यायिक काम वापस ले लिया था। सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की थी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 22 मार्च को आरोपों की आंतरिक जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की जांच रिपोर्ट उच्चतम





न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्णय लिया। इसमें कथित तौर पर नकदी मिलने की तस्वीरें और वीडियो भी शामिल थे। न्यायमूर्ति वर्मा ने अपने खिलाफ आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि उन्होंने या उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने स्टोररूम में कभी भी नकदी नहीं रखी। इस घटना के बाद जस्टिस वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिन्होंने आरोपों से इनकार किया और कहा कि यह उन्हें फंसाने की साजिश लगती है। इसके बाद सीजेआई ने आरोपों की आंतरिक जांच शुरू की और जांच के लिए 22 मार्च को तीन सदस्यीय समिति गठित की।

जली हुई नकदी का वीडियो दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के साथ शेयर किया था। सीजेआई खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का फैसला किया था, जो उन्हें सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा द्वारा इस आरोप पर दिए गए जवाब को भी सार्वजनिक किया कि जस्टिस वर्मा को आवंटित सरकारी बंगले के परिसर में स्थित एक गोदाम में जले हुए नोट मिले थे।

आरोपों के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया, जहां हाल ही में उन्हें पद की शपथ दिलाई गई। हालांकि, सीजेआई के निर्देश पर न्यायाधीश से न्यायिक कार्य अस्थायी रूप से छीन लिया गया है। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति वर्मा की वापसी के विरोध में हड़ताल की थी। आंतरिक जांच के लंबित रहने को देखते हुए, न्यायिक पक्ष से सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। आंतरिक जांच शुरू होने के तुरंत बाद, न्यायमूर्ति वर्मा ने कथित तौर पर वरिष्ठ वकीलों की एक टीम से कानूनी सलाह मांगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अरुंधति काटजू और अधिवक्ता तारा नरूला, स्तुति गुजराल और एक अन्य वकील उनके आवास पर आए थे। फिलहाल जस्टिस वर्मा पर इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में नहीं है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि कमेटी ने क्या निष्कर्ष निकाला है। इन-हाउस प्रक्रिया के तहत सीजेआई की कोई भी कार्रवाई पूरी तरह से इन-हाउस जांच रिपोर्ट द्वारा निर्देशित होती है।यह भी स्पष्ट नहीं है कि इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। इंदिरा जयसिंह बनाम रजिस्ट्रार जनरल, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया और अन्य (2003) में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि रिपोर्ट केवल सीजेआई की संतुष्टि के लिए है। यह पूरी तरह से प्रारंभिक प्रकृति की है, तदर्थ है और अंतिम नहीं है।

शेष खबर पेज न.- 8

## झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर; हम तो ऐसे नहीं छोड़ेंगे, सजा देकर रहेंगे

● डिप्टी कलेक्टर पर बुरी तरह भड़की।

स्वतंत्र प्रभात



देश के अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई को आज (मंगलवार को) एक याचिकाकर्ता पर बुरी तरह भड़कते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि आज आप अपने छोटे-छोटे बच्चों की दुहाई दे रहे हैं लेकिन जिनका घर आपने उजाड़ा, उनके भी तो बच्चे थे। दरअसल, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ आंध्र प्रदेश के एक डिप्टी कलेक्टर (DC) की उस अर्जी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अधिकारी ने हाई कोर्ट द्वारा अवमानना के मामले में दी गई सजा के खिलाफ अपील की थी। आरोपी अधिकारी ने तहसीलदार के पद पर रहते हुए हाई कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना की थी और गुंटूर जिले में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर चलवा दिया था। इस हरकत से नाराज आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने उस अधिकारी को अवमानना का दोषी करार देते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई है। अधिकारी ने उस सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था कि उसे यहां से राहत मिलेगी लेकिन हुआ ठीक उलटा।

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी की हरकत और रवैये पर नाराजगी जताते हुए उसे पदावनत करने की बात कही तो याचिकाकर्ता ने उसका विरोध किया और कहा कि वह न्यायालय की अवमानना के लिए सजा के रूप में पदावनत को स्वीकार नहीं करेंगे। इस पर पीठ ने एक दिन पहले भी याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता देवाशीष भारुका से पूछा था कि वह अपने मुवक्किल से निर्देश प्राप्त करें कि क्या उसे पदावनत की सजा मंजूर है और वचन देने के लिए तैयार हैं? शीर्ष न्यायालय ने डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर फिर से तहसीलदार बनाने की बात कही थी, जबकि याचिकाकर्ता शीर्ष अदालत से बेदाग छूटने की उम्मीद कर रहा था। मंगलवार को जब फिर से इस मामले की सुनवाई शुरू हुई तो वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ को याचिकाकर्ता की अनिच्छा से अवगत कराया कि वह पदावनत की सजा के लिए तैयार नहीं है। याचिकाकर्ता आज खुद अदालत में सशरीर मौजूद था। उसने अदालत से दया की भीख मांगी और अपने बच्चों का हवाला दिया। इस पर पीठ नाराज हो गई। जस्टिस गवई ने कहा कि यह याचिकाकर्ता के बच्चों और उसके भविष्य को ध्यान में रखते हुए उसके प्रति नरमी बरती जा रही है। लेकिन उनकी जिद इस बात को बयां करती है कि हाईकोर्ट के आदेशों के प्रति उनका क्या रवैया रहा होगा।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस गवई ने टिप्पणी की, "हम उनका करियर बचाना चाहते थे। लेकिन अगर वह नहीं चाहते, तो हम कुछ नहीं कर सकते। इससे पता चलता है कि हाईकोर्ट के आदेशों के प्रति उनका क्या रवैया रहा होगा।" जब याचिकाकर्ता ने फिर दया की प्रार्थना की, तो जस्टिस गवई ने कहा, ÷जब 80 पुलिस वाले लेकर गरीबों के घर गिरा रहे थे, तब भगवान की याद नहीं आई आपको?" जस्टिस गवई ने आगे कहा, "आपके बच्चों के बारे में सोचते हुए, हम आपको जेल जाने से बचाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन अगर आप जाना चाहते हैं, तो जाइएज्‍ 2 महीने तक वहीं रहिए। आपकी नौकरी भी चली जाएगी। हाईकोर्ट की चेतावनी के बाद, अगर कोई इस तरह की हरकत करता है...चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह कानून से ऊपर नहीं है।

हम अपने हाईकोर्ट के आदेशों की इस तरह अवमानना नहीं होने देंगे। हम इसे सजा दिए बिना नहीं छोड़ेंगे।" हालांकि, कोर्ट ने आज भी भरुका को याचिकाकर्ता को समझाने के लिए 10 मिनट का समय दिया। इसके बाद जस्टिस गवई ने कहा, "अगर वह अड़े हुए हैं, तो हम मदद नहीं कर सकते। हम नहीं चाहते...उनका रवैया बिल्कुल साफ है।" जब याचिकाकर्ता अड़े रहे, तो कोर्ट ने याचिका खारिज करने की इच्छा जताई। कोर्ट ने कहा, "हम उनके खिलाफ ऐसी सख्त टिप्पणियां करेंगे कि कोई भी नियोक्ता उन्हें काम पर रखने की हिम्मत नहीं करेगा। वे प्रोटोकॉल के निदेशक हैं। उन्हें लगता होगा कि वे सरकार के करीब हैं...हम कभी इतने सख्त नहीं होते, लेकिन यहां हम उनकी बातों को समझ सकते हैं। उनकी जिद बहुत कुछ बयां करती है। अगर वे जिद पर अड़े रहे, तो हम न केवल उन्हें बर्खास्त करेंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें फिर से बहाल न किया जाए। हम इससे ज्यादा नरम नहीं हो सकते।" जस्टिस गवई ने कहा, "ऐसे तो नहीं छोड़ेंगे। सजा तो देकर ही रहेंगे। उसे जेल जाना ही पड़ेगा।"


## संक्षिप्त ख़बरें

### सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 9 मई को होगा आयोजित



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन लखनऊ के 25 अप्रैल को सम्पन्न हुए चुनाव में सत्र 2025- 2026 हेतु नवीन कार्यकारिणी में नव निर्वाचित हुए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण शुक्रवार को किया जाएगा। सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री शिवकुमार पाण्डेय ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को शाम 3:00 बजे होटल "दि गोल्डेन एप्पल" बी-749 सेक्टर-सी, महानगर, निकट वायरलेस चौराहा, महानगर, लखनऊ में सम्पन्न किया जाएगा।

### नगला भैंसी गांव में दुकान का ताला तोड़कर लैपटॉप, मोबाइल एवं नगदी चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के नगला भैंसी स्थित एक दुकान में मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब दुकानदार पहुंचा तो ताला टूटा और लैपटॉप सहित अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। दुकानदार जितेंद्र ने बुधवार को बताया कि उसकी दुकान से अज्ञात चोर 3 विभिन्न कंपनियों के एंड्रॉयड मोबाइल, एक लेपटॉप और पांच हजार रुपए कैश चोरी कर ले गए। चोरों ने सीसीटीवी का डीवीआर भी तोड दिया। पीड़ित जितेंद्र ने थाने में तहरीर दी जिसके बाद थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार पुलिस टीम के साथ ने घटना स्थल पर पहुंचे और जांच की।

## विकास खंड बेहजम की ग्राम पंचायत सनीगावा मे कागजो पर काम दिखा लाखो हज़म

● नाबालिग़ बच्चों से ताल खुदाई करा उनके पिता के नाम फर्जी हाज़िरी भरकर निकाला जा रहा भुगतान-ग्रामीण

समुदायिक शौचालय और पंचायत भवन की स्थित बदहाल

कागजों पर नल मरम्मत कार्य दिखा मिस्त्री और मजदूर के नाम पर भुगतान निकालकर हजम कर लिए जाने का मामला

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत सनिगवा का है जहां पर प्रधान व पंचायत सचिव की मिली भगत और खंड विकास अधिकारी के संरक्षण में कागजो पर काम दिखाकर लाखों की सरकारी धनराशि का गवन कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त सरकारी धनराशि के गवन के मामले पर खंड विकास अधिकारी बेहजम चुप्पी साधे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। साहब की चुप्पी स्वयं बयां कर रही है कि विकासखंड बेहजम में किस कदर भ्रष्टाचार की जड़े गहरी जमी है। इनको समूल उखाड़ पाना तो दूर इस पर लगाम लगा पाने में भी यह साहब नाकाम साबित हो रहे हैं।ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत सनिगवां में प्रकाश में आया है, जहां पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने आपस में बंदर बांट करके पंचायत भवन मरम्मत कार्य करा कागजों पर निर्माण दिखाकर मिस्त्री और मजदूर के नाम पर भुगतान निकालकर आपस में बंदर बांट कर लिए जाने की चर्चाओं का बाजार गर्म है।वही मनरेगा से खुदवाये जा रहे तालाब मे फर्जी





हाज़िरी लगाकर पैसा निकाले जाने मामला भी सुर्खियां बना है। लोगों का आरोप है उक्त धनराशी निकालकर पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा आपस में बंदरबांट कर लिया गया जबकि हकीकत की जमीन पर कहीं भी कोई कार्य नहीं कराया गया है। उक्त आरोप नाम न छापने की शर्त पर दर्जनों ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मनरेगा मे नाबालिग बच्चों से काम कराया जाता हैं और हाज़िरी उनके पिता के नाम लगाई जाने की बात सामने आई हैं।और उपलब्ध कराए गए साक्ष पर एक नजर डालें तो मजदूर एवं मिस्त्री के नाम पर लाखो का भुगतान निकाला गया हैं। वाह क्या बात है महज कागजों पर ही विकास की रेल दौड़ा लाखों का माल हजम कर लिया गया और खंड विकास अधिकारी बेहजम साहब को इसकी भनक तक नहीं लगी। ग्राम पंचायत सनीगांवा के भ्रष्टाचार की यह तो महज बानगी है अभी काफी काम और कारनामे खुलकर आएंगी सामने जिनमे ह्युम पाइप खरीद नल रिबोर एवं मरम्मत के साथ-साथ मनरेगा में कराए गए कार्यों में बड़े स्तर पर की गई बाजीगरी के खेल का पर्दा फास होगा ग्राम पंचायत सनीगांवा में किए गए विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की परत दर परत जानकारी के लिए क्रमशः अगले अंक में।

## एस.एस.बी जबान से ठगी,नहीं दर्ज हो रही रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

**बेहजम खीरी** मामला थाना नीमगावं क्षेत्र का हैं।जहां एक सेना का जवान 2 माह से नीमगांव थाना के चक्करलगा रहा है लेकिन उसकी आज तक उसके साथ हुई ठगी की एफ आई आर दर्ज नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों पूर्व चीन बार्डर पर तैनात सिपाही कुलदीप राज के साथ 2लाख की ठगी हुई थी।कुलदीप राज के बताएनुसार वह गत दो माह सेथाना नीमगांव के चक्कर लगा कर थक चुका है पर उसकी आजतक रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकी है।मायूस होकर सिपाही कुलदीप राज ने बताया कि न्याय नहीं मिला तो परिवार सहित आत्महत्या कर लूँगा।अभी मेरी छुट्टी निरस्त हो गई है।शायद मुझे बार्डर पर जाना पड़ेगा।अगर शहीद नहीं हुआ तो वापस आऊंगा और अपने हक़ और अधिकार की लड़ाई लड़ूंगा। गौर तलब हो कि यह वही बहादुर जवान है जो





छिंदवाड़ा मे अपनी तैनाती के दौरान निहत्था होने के बावजूद नक्सलवादी कमाडर क़ो दबोच लिया था।एक सैनिक को खुद के लिए लड़ना और स्वाभिमान पर मर मिटना तो सही है? पर क्या उसके साथ हुई ठगी करने वालों के विरुद्ध नीमगांव पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करना चाहती यह विडंबना का विषय है। सिपाही कुलदीप राज अपनी पत्नी को लेकर कई बार थाने पर आ चुका हैं,थाना प्रभारी निरीक्षक नीमगांव से लेकर पुलिस अधीक्षक से भी कई बार न्याय की गुहार लगाई पर सैनिक के मामले में मुकदमा पंजीकृत दायर नहीं किया गया।

## नाला निर्माण में घटिया किस्म की पीली ईंटो हो रहा इस्तेमाल

● ... गरीब ग्रामीणों के विकास कार्य में ग्राम प्रधान व सचिव जमकर डाल रहे डाका जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात



**काकोरी।** राजधानी लखनऊ की ब्लाक काकोरी के ग्राम पंचायतों में जमकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। काकोरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत पहिया आजमपुर में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा नाली निर्माण कार्य में जमकर मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है। सैकड़ो ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान नाला निर्माण में जेसीबी मशीन से खुदाई कराया है जब कि ग्राम पंचायत में मजदूरों द्वारा कार्य कराने का नियम है नाला खुदाई के बाद इसके निर्माण में घटिया किस्म की पीली ईंटो का इस्तेमाल करके निर्माण कार्य किया जा रहा है। पीली ईंटे इतनी कमजोर है कि लेबरों द्वारा उठाने पर ही टूटी जा रही है जिससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकारी धन का किस तरह बंदरबांट किया जा रहा है। नाला निर्माण के लिए ठेकेदार ने अच्छी ईंटें मंगाने के बजाय पीली ईंट मंगवाकर कार्य शुरू कर दिया है। आसपास के लोगों ने जब घटिया ईंटें देखी तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर मीडिया कर्मी पहुचने पर पीली ईंटो के बारे में पूरी जानकारी किया और इन पीली ईंटो द्वारा हो रहे निर्माण कार्य के बारे में सम्बंधित जिम्मेदार से बात की गई तो उन्होंने अपनी साफ सुथरी छवि दिखाने के लिए पत्रकार को ही लिखित शिकायत देने का फरमान जारी करते हुए फोन काट दिया।

### इस सम्बंध में क्या कहते हैं जिम्मेदार?

विकास खण्ड अधिकारी काकोरी ने कहा कि आप लिखित शिकायत ब्लॉक पर आकर दे दो जांच करातें है। वही ग्राम प्रधान मतीन अहमद ने निर्माण कार्य में हो रही पीली ईट के नाम को सुनते ही फोन काट दिया।

## थुलवासा चौकी पुलिस की सरपरस्ती में रात भर होता रहा खनन अधिकारी रहे मौन

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अनेक गांवों में पुलिस की मिली भगत के चलते अवैध खनन व अवैध कटान जोरो पर है तथा खनन माफिया आए दिन रात के अंधेरे में जेसीबी व डंफर की मदद से धरती को छलनी करते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं अवैध कटान का भी सिलसिला क्षेत्र में बदस्तूर जारी है। बताते चलें कि जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से तत्पर है, और जिम्मेदारों को समय-समय पर शासन से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए जाते हैं, तो वहीं दूसरी ओर शासन के निर्देशों का पालन करने को कौन कहे तथा कोतवाली पुलिस द्वारा सारे आदेशों और निर्देशों को कथित तौर पर अपनी पुलिसिया करवाई के चलते आदेशों को रौंदा जा रहा है। जिसके चलते खनन माफियाओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और शाम होते ही रात्रि के अंधेरे में खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना छलनी करने में कोई कोर कसर नहीं



छोड़ रहे हैं जिसका साथ स्थानीय कोतवाली पुलिस बराबर दे रही है।

ज्ञात हो कि बीती रात महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के चरी का पूर्व मजरे पहाड़पुर गांव में जेसीबी व डंपर द्वारा क्षेत्र के शारदा नहर के नजदीक संपर्क मार्ग से सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी खोदकर खनन माफिया ने शासन और प्रशासन को खुली चुनौती दी है तथा बीते एक सप्ताह के अंदर कोतवाली क्षेत्र के चरी का पुरवा पहाड़पुर रनागंज सहित कई गांवों में अवैध खनन जारी है और सूर्यास्त होते ही खनन माफिया अवैध खनन करने में मशगूल हो जाते हैं। स्थानीय पुलिस व कोतवाली पुलिस की मिली भगत के चलते ही यह अवैध खनन का कार्य चल रहा है। मामले में उप जिलाधिकारी तहसील सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर अवैध खनन की सूचना दी गई है हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेज कर अवैध खनन की जांच कराई गई है रिपोर्ट मिलते ही खनन विभाग को रिपोर्ट भेज कर खनन माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सिद्धार्थनगर- अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर मदरसा ध्वस्त



**सिद्धार्थनगर।** भारत- नेपाल सीमा से पन्द्रह किलो मीटर तक सरकारी जमीन पर बने अवैध मस्जिद, मदरसे की जांच प्रक्रिया के तहत शनिवार को एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्या के निर्देशन में मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत अशर्फिया गरीब नवाज रेहरा परसा बेलहरी,मदरसा फैजल उलूम सल्फिया गनवरिया,शमशुल हुदा गौरा उर्फ गौरी के संचालकों को नोटिस देकर सील किया गया था। जिसमें बुधवार को गौरा उर्फ गौरी में स्थित अवैध ढंग से बने मदरसे का ध्वस्तीकरण के लिए टीम पहुंची। राजस्व टीम ने जेसीबी से मदरसे का ध्वस्तीकरण कराया। इस दौरान पुलिस टीम और राजस्व विभाग की टीम में राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, राजस्व कर्मी विनय कुमार पांडेय,शशांक आनन्द आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सघन चेकिंग के एआरटीओ पंकज सिंह ने दो वाहनों के खिलाफ की कार्यवाही



**बस्ती।** बस्ती जिले में एआरटीओ प्राइवेट वाहन द्वारा व्यवसायिक कार्यो का उपयोग किये जाने वाले वाहनों के विरूद्ध आज दिनांक 06.05.2025 को जनपद में सघन अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत गोरखपुर से बस्ती की ओर आ रही सरिया से लदी दो ट्रैक्टर जिसका पंजीयन चिन्ह यूपी53.0975 एवं यूपी53.1569 है जो अंकुर उद्योग लि0, गीडा सहजनवॉ, गोरखपुर से सरिया लेकर बस्ती जा रही थी, को मार्ग चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर शासकीय राजस्व की क्षति एवं आम जनमानस के जान-माल के खतरे को देखते हुए चौकी फुटहिया, थाना नगर मे निरूद्ध कर दिया गया है जिस पर प्रथम दृष्टया लगभग 70000/- रू0 प्रति वाहन का जुर्माना आरोपित किया गया। उक्त अभियान के दृष्टिगत जनपद के सभी प्राइवेट वाहन स्वामियों से अपील की गयी है कि किसी भी प्राइवेट वाहन का उपयोग व्यवसायिक कार्य हेतु कदापि न करें अन्यथा प्राइवेट वाहन का कामर्शियल उपयोग करते हुए पाये जाने पर नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

### जन अधिकार पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापनः जातिगत जनगणना की तारीख घोषित करने की मांग



**बस्ती।** बस्ती में बुधवार को जन अधिकार पार्टी जिलाध्यक्ष आशीष मौर्य के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना की तारीख घोषित करे।ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष आशीष मौर्य, मण्डल प्रभारी शिवाजी कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष सांसद बाबू सिंह कुशवाहा सदैव जातिगत जनगणना की मांग करते रहे। अंततः केन्द्र सरकार ने इस मांग को स्वीकार कर लिया है। अच्छा हो कि सरकार अति शीघ्र जातिगत जनगणना की तारीख घोषित करने के साथ ही प्रक्रिया शुरू कराये। इसके पूर्व पार्टी कार्यालय पर संस्थापक अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा का 59 वां जन्म दिन उल्लासपूर्वक मनाया गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से विकास कुमार गौतम, घनश्याम मौर्य, अखिलेश प्रजापति, अभिषेक मौर्य, जयराम मौर्य, दीपांजलि गुप्ता, सौरभ कुमार मौर्य, लल्लू मौर्य, दीनानाथ गुप्ता आदि शामिल रहे।

### साइबर सेल ने वापस कराये 51 हजार




**अलीगढ़।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के नाम पर ठगी किये 51 हजार रूपये को साइबर सेल की टीम द्वारा त्वरित प्रभावी कार्यवाही कर पीडित के बैंक खाते में वापस कराये। शिकायतकर्ता इशाक मोहम्मद पुत्र रशीद निवासी मौलाना आजाद नगर थाना सिविल लाइन्स जो कि जे0एन0 मेडीकल कालेज में एम्बूलेंस चलाने का कार्य करते है ने शिकायती प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया कि शिकायतकर्ता के साथ क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के नाम पर 51 हजार रूपये की साइबर ठगी होने के सम्बन्ध में शिकायत की गई थी । साइबर सेल टीम द्वारा शिकायतकर्ता से घटना के सम्बध मे जानकारी प्राप्त कर शीघ्र सम्बन्धित बैक/पेमेन्ट गेट वे/मर्चेन्ट से सम्पर्क करके फ्राँड की गयी धनराशि को रूकवाया गया व शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशि 51 हजार रूपये वापस करा दिये है । शिकायकर्ता द्वारा जनपद अलीगढ़ पुलिस को धन्यवाद कर भूरी भूरी प्रशंसा की गयी ।

# नोडल अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर डियूटी से गायब मिले सीएचओं

**●सीएचओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए सीएमओं ने नोडल अधिकारियों को दिया है नियुक्तमीडिया टीम के पड़लात में स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार की खुल रही पोलआखिर क्यों ? सीएचओं हेल्थ एण्ड वेलनस सेन्टर पर कर रहे मनमानी डियूटी**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में योगी सरकार चाहे जितना स्वास्थ्य व्यवस्था सुचारू रूप से चलने का दंभ भरे, कितु विभागीय लापरवाही से स्थिति सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायतो में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर है वहां पर तैनात हेल्थ कम्युनिटी अफसर आए दिन डियूटी से गायब रहते हैं । मीडिया पड़ताल में कप्तानगंज विकास खंड के अन्तर्गत बने हेल्थ वेलनेस सेंटर रमवापुर कला, पोखरा और गड़हा गौतम केन्द्रों पर सप्ताह में एक-दो दिन छोड़ अक्सर ताला लगा रहता है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब असहाय बीमार परिवार इलाज कराने के लिए लोग नीम हकीम/ झोलाछाप का सहारा ले रहे हैं साथ ही रेगुलर सेंटर न खुलने से क्षेत्रीय लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य उपकेंद्र पर ए एन एम और सी एच ओ की तैनाती है लेकिन विभागीय सांठगांठ के चलते नियमित स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं खुल पा रहे हैं और सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चौपट होती जा रही है। हर दिन ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य उप केंद्रो को लेकर विभाग के जिम्मेदारों को खबरें प्रकाशित कर जानकारी दी जाती है लेकिन फिर भी मामला जस का टेस्ट बना रहता है और स्वस्थ अप केदो पर ताला लटका रहता है जहां तक की बात करें मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तो ताले लगने की सूचना देने पर उनके द्वारा बताया जाता है कि ठीक है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाती है लेकिन अगले दिन भी पहले दिन की तरह भी स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लटका दिखाई देते हैं और कार्रवाई के नाम पर निल बटे शून्य रहता है । इससे स्पष्ट है कि यह तो जिम्मेदार अधिकारियों के मिलीभगत से सीएचओ डियूटी में खेल चल रहा है स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाही / मनमानी कार्यो से प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है । उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम ने कहा कि सीएचसी अधीक्षक कप्तानगंज अनूप कुमार से जानकारी प्राप्त कर डियूटी से गायब सीएचओं के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ।

## सम्मान निधि की समस्याओं का कैंप में कराएं समाधान

**चित्रकूट-** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आठ मई गुरुवार से 31 मई 2025 तक विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाया जाएगा। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक राजस्व ग्रामों में कैम्प व शिविर के माध्यम से समस्त पात्र कृषकों को लाभान्वित करते हुए कृषकों का भूमि अंकन, बैंक-खातों से आधार लिंक, ई-केवाईसी का त्वरित समाधान किया जायेगा। साथ ही जिन कृषकों ने नए आवेदन किए है, उनका भी सत्यापन कर डाटा सत्यापित किया जायेगा। 31 मई तक आयोजित होने वाले इन कैंपों में कृषि विभाग के कर्मचारी, राजस्व विभाग के लेखपाल, ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत व विकास अधिकारी, पोस्ट इण्डियन बैंक व जन सेवा केन्द्र के प्रतिनिधि उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगे। सभी किसान इन कैंपों में उपस्थित होकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभ में आ रही समस्या का तत्काल समाधान कराये।

## बस्ती में मॉक ड्रिल के बहाने आपदा से निपटने की तैयारी, धमाके की आवाज से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जनपद मुख्यालय पर राजकीय इंटर कालेज में बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति, विशेषकर बम धमाके जैसी घटनाओं से निपटने की तैयारियों की परख करना था। ड्रिल के दौरान अचानक बम धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और लोग सहम उठे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। राहत व बचाव दलों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जिला प्रशासन ने बताया कि यह मॉक ड्रिल पूरी तरह सफल रही और इससे सभी आपातकालीन सेवाओं की तत्परता की समीक्षा की जा सकी।



इस अभ्यास के जरिए न सिर्फ अधिकारियों और कर्मचारियों की तैयारियों की जांच की गई, बल्कि आम नागरिकों को भी आपदा के समय संयम और सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया। प्रशासन ने आगे भी ऐसी मॉक ड्रिल जारी रखने की बात कही है ताकि किसी असली आपदा की स्थिति में जानमाल का नुकसान कम किया जा सके। मॉकड्रिल के दौरान जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व एनसीसी के कैडेट्स भी मौजूद रहे।

## सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज माक ड्रिल का गया आयोजन

**● किसी भी आपातकाल में घबरायें नही, धैर्य और संयम से कार्य करें-अपर जिलाधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद के सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में नागरिक सुरक्षा को लेकर माक ड्रिल एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में असामाजिक तत्वों द्वारा बम के माध्यम से हमला किया गया और जैसे ही विद्यालय को जानकारी मिली तत्काल विद्यालय प्रशासन द्वारा सायरन बजाकर बच्चों व अध्यापकों सहित समस्त कर्मचारियों को अलर्ट किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर आनन्द कुमार जॉन ने तत्काल जिला प्रशासन व डायल 112 को फोन के माध्यम से सूचित किया और मौके पर पुलिस बल, अग्निशमन, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट व चिकित्सा की टीमें पहुंची और विद्यालय में बम के माध्यम से लगी हुई आग को अग्निशमन दमकल द्वारा पानी के माध्यम से बुझाया गया और रेसक्यू टीमों द्वारा विद्यालय में हमले से घायल हुये बच्चों को निकाला गया और उन्हें जिला अस्पताल में चिकित्सीय उपचार हेतु भेजा गया तथा विद्यालय की बिल्डिंग में फंसे हुये अन्य बच्चों को रेस्क्यू टीमों द्वारा सकुशल निकाला गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने कहा कि किसी भी आपातकाल में घबरायें नही, धैर्य और संयम से कार्य करें, जिला प्रशासन की गाइडलाइन का अनुपालन करें। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अफवाहों को न फैलायें। धैर्य, संयम और जागरूकता ही आपको और आपके प्रियजनों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार



सिंह, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, जिला आपदा विशेष अनुपम शेखर तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, जनपद के समाजसेवी, व्यापार/उद्योग के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रायें व अन्य सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

## गोरखपुर पुलिस का सनसनीखेज एक्शन- 9 खूंखार अपराधियों पर 95,000 का इनाम, शहर में हड़कंप!

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** अपराध की दुनिया पर नकेल कसने के लिए गोरखपुर पुलिस ने कमर कस ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (स्स्क) राज करन नैय्यर ने जिले में अपराधियों के खिलाफ अभूतपूर्व कार्रवाई करते हुए 9 फरार और खतरनाक अपराधियों की धरपकड़ के लिए 95,000 रुपये के इनाम का ऐलान किया है। ये अपराधी हत्या, बलात्कार, अपहरण, धोखाधड़ी और पॉक्सो जैसे जघन्य अपराधों में वांछित हैं, और इनके नाम सुनकर ही अपराध जगत में खौफ पैदा हो गया है।कौन हैं ये 9 अपराधी? पुलिस ने जिन अपराधियों को निशाने पर लिया है, उनमें सत्यनारायण शर्मा, राकेश उर्फ गोलू शर्मा, अखिलेश उर्फ पुल्लू, मनोज साहनी, संगीता, आलोक कुमार, धर्मवीर उर्फ चिल्लू, नम्रता और संदीप जैसवार शामिल हैं। इनमें से कुछ पर 10,000 रुपये



तो कुछ पर 15,000 रुपये तक का इनाम रखा गया है। ये अपराधी झंगहा, पिपराईच, चौरीचौरा और बेलीपार थाना क्षेत्रों में हुए संगीन वारदातों के मास्टरमाइंड हैं।पुलिस की ताबड़तोड़ रणनीति स्स्कने इन अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। टीमें रात-दिन छापेमारी कर रही हैं, और अपराधियों के ठिकानों पर नजर रखी जा रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने इनके संभावित hideouts की लिस्ट तैयार कर ली है, और जल्द ही इन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने की पूरी तैयारी है।जनता से पुलिस की अपील स्स्क राज करन नैय्यर ने जनता से गुहार लगाई है कि अगर इन अपराधियों के बारे में कोई भी सुराग मिले, तो फौरन नजदीकी थाने या आपातकालीन नंबर 112 पर खबर करें। उन्होंने वादा किया है कि सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।क्यों है ये कार्रवाई खास? गोरखपुर पुलिस का यह धमाकेदार कदम न केवल अपराधियों के होश उड़ाने वाला है, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का भरोसा भी जगाएगा। जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए यह ऑपरेशन एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। अपराधी अब बचकर कहां जाएंगे, जब गोरखपुर पुलिस उनके पीछे 'शिकारी' बनकर पड़ चुकी है!

## तीन बच्चों की मां घर से लापता




**अलीगढ़।** अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव दुभिया से एक महिला अपनी एक बेटी के साथ घर से लापता हो गए है। पीड़ित पति ने थाने पहुंच कर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। गांव दुभिया निवासी मनोज कुमार पुत्र बांकेलाल ने तहरीर में कहा है कि बीती तीन मई से उसकी 29 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर एक सात साल की बेटी अनुष्का को साथ लेकर कहीं चली गई है। तथा पत्नी घर में रखी तीस हजार रुपए की नगदी ले गई है। मामले में पुलिस का कहना है कि लापता महिला की गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बस्ती में जश्न, देशभक्ति के रंग में रंगे हिंदूवादी संगठन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती मे हिंदू संगठनों द्वाराभारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर 'की सफलता के बाद बस्ती जिले में बुधवार को हिंदूवादी संगठनों ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाई और 'भारत माता की जय 'के नारे लगाए। स्थानीय नागरिकों ने भी इस आयोजन में भाग लिया, जिससे देशभक्ति का माहौल बन गया।आप को बता दें 'ऑपरेशन सिंदूर 'के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिसमें लगभग 70 आतंकवादी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिकों की जान गई थी। भाजपा नेता व हरैया विधायक अजय सिंह के प्रतिनिधि पं0 सरोज मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व की सराहना की। मौके पर मौजूद हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व महामंत्री विनय सिंह ने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है और भविष्य में शांति स्थापित करने में सहायक होगा। इस दौरान रोलू सिंह, आलोक प्रताप सिंह, अमरनाथ सिंह, भावेश पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, कन्हैया लाल, पंडित देवस्य मिश्र सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र, बंजरिया में धान की सीधी बीजाई डीएसआर का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कृषि विज्ञान केंद्र, बंजरिया में धान की सीधी बीजाई डीएसआर का आयोजन किया गया, जिसमें अटारी कानपुर, उपकार, इरी, यूपी सीड, जैन इरीगेशन, किसान क्राफ्ट, बायर, वराह एवं ग्रो इंडीको जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में डीएसआर तकनीक को जल संरक्षण, श्रम लागत में कमी और पर्यावरणीय अनुकूलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर इसका व्यावसायिक रूप से प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व बैंक की टेक्निकल लीड डॉ. अंजलि पारसनिस ने डीएसआर क्लस्टर की उपयोगिता एवं दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह तकनीक वर्तमान कृषि संकटों का



व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करती है।


डॉ. वी. बी. सिंह (वैज्ञानिक जीपीबी) ने बीज चयन एवं उन्नत किस्मों की भूमिका पर जानकारी दी। डॉ. प्रेम शंकर (पादप सुरक्षा वैज्ञानिक) ने डीएसआर पद्धति में बीज शोधन के साथ रोग-कीट प्रबंधन की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। आर. वी. सिंह (कृषि प्रसार वैज्ञानिक) ने डीएसआर तकनीक को किसानों तक पहुँचाने के लिए विस्तार एवं प्रचार-प्रसार की योजनाओं पर चर्चा की। हरिओम मिश्रा (एग्रोनॉमी विशेषज्ञ) ने डीएसआर की खेत तैयारी, सिंचाई प्रबंधन एवं पोषण प्रबंधन संबंधी तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। डॉ. अंजलि वर्मा (गृह विज्ञान विशेषज्ञ) ने धान उत्पादन से संबंधित मूल्यवर्धन, धान आधारित उत्पादों की तैयारी एवं महिला किसानों की भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में जैन इरीगेशन से डॉ. ए. के. भारद्वाज, किसान क्रॉफ्ट से आलोक जैन, इरी से डॉ. अजय कुमार पुंधीर, ग्रो इंडिको से उज्ज्वल पाटिल, क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादक संगठन, स्वयंसेवी संगठन एवं संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## खजनी क्षेत्र में दबंगों का आतंक- महिला और उसके परिवार पर जानलेवा हमला, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**खजनी पुलिस का रत्ती भर हनक नहीं है दबंगो पर**

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोखपुर-** खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सहसी में दबंगों के आतंक से एक महिला और उसका परिवार दहशत में जीने को मजबूर है। पीड़िता गायत्री देवी, पत्नी सिकंदर निषाद ने थाना खजनी में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि हमारे गांव के सुरज, किशन, गणेश, सोहन सहित अन्य लोगों ने उनके पति पर जानलेवा हमला किया। उसके बाद मुखदमा पंजीकृत किय्या इसी दबंग दो बार हमला कर चुके जिसमे गम्भीर चोट भी आई ,उस घटना में भी लंबे समय तक चार्ज सीट नही गई थी ,दबंग बार बार हमला करते जा रहे पुलिस कोई ठोस कदम नही उठाई ,जिसके वजह से फिर पुनः आज बुद्धवार को वही दबंग चाकू से हमला किये ,जिसमे में अंकुर को हाथ मे चाकू नग



गया । पीड़िता ने बताया कि यह हमला बुधवार सुबह किया गया, जब सभी आरोपी एकजुट होकर चाकू से लैस होकर उनके पति पर टूट पड़े। पति की चीख-पुकार सुनकर उनका देवर अंकुल बीच-बचाव करने आया, तो उस पर भी चाकू से हमला कर दिया गया। अंकुल को हाथ और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी, और किशन नामक युवक ने तो हथियार लहराते हुए गोली मारने की बात कही। गायत्री देवी ने यह भी बताया कि पहले भी इन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, और उन्होंने पूर्व में 31 अप्रैल को थाने में लिखित सूचना देकर संभावित हमले की आशंका जताई थी। बावजूद इसके कोई ठोस कार्यवाही न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं। अब पीड़िता ने थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिवार को अब भी दोबारा हमले का भय सता रहा है। प्रशासन और पुलिस से सवाल – आखिर पहले से सूचना मिलने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त उपाय क्यों नहीं किए गए? पीड़िता और उसके परिवार को कब मिलेगा न्याय और सुरक्षा का भरोसा?

## गोरखपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े का पर्दाफाश, गैंगस्टर एक्ट के तहत 4 शातिर अपराधियों पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा में कूटरचित आधार कार्ड और प्रवेश पत्र के जरिए फर्जीवाड़ा करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का गोरखपुर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गोरखपुर राजकरन नैय्यर के नेतृत्व में चलाए जा रहे संगठित अपराधों के खिलाफ अभियान के तहत इस गिरोह के सरगना धीरेन्द्र कुमार मौर्या सहित चार शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की गई है।गैंग का मास्टरमाइंड और उसका नेटवर्क पुलिस के अनुसार, गैंग का सरगना धीरेन्द्र कुमार मौर्या, बिहार के भोजपुर जिले का निवासी है, जिसने अपने तीन अन्य साथियों–विवेक कुमार (गोरखपुर/दिल्ली), सोनू यादव (गोरखपुर), और विकास कुमार (पटना, बिहार)–के साथ मिलकर यह गोरखधंधा चलाया। यह गिरोह परीक्षा में साल्वर बैठाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करता था और इसके बदले मोटी रकम वसूलता था। धीरेन्द्र ने अपने नेटवर्क के जरिए अभ्यर्थियों के स्थान पर साल्वर को परीक्षा में शामिल करवाया, जिसके लिए कूटरचित आधार कार्ड और प्रवेश पत्र बनाए गए।




**पुलिस की सख्त कार्रवाई**


पुलिस अधीक्षक (नगर) के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में थाना गोरखनाथ की पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि यह गिरोह लंबे समय से इस तरह की धोखाधड़ी में शामिल था। थाना गोरखनाथ में पहले से ही इनके खिलाफ मुकदमा (मु0अ0सं0 77/2024) दर्ज था, जिसमें धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि और 6/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। अब इस मामले को और गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत नया मुकदमा (मु0अ0सं0 203/2025) दर्ज किया है, जिसमें धारा 2(ख)(I),(VIII),(XI),(XXV) और 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 शामिल हैं।अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासविवेक कुमार- गोरखपुर के चिलुआताल का मूल निवासी, वर्तमान में दिल्ली में रह रहा था।सोनू यादव- गोरखपुर के कैम्पियरगंज क्षेत्र का निवासी।विकास कुमार- बिहार के पटना जिले का निवासी।धीरेन्द्र कुमार मौर्या (गैंग लीडर)- बिहार के भोजपुर का निवासी, जिसने पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। सभी अभियुक्तों के खिलाफ पहले से ही धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले दर्ज हैं, और अब गैंगस्टर एक्ट के तहत इनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

**पुलिस का संदेश- अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा**

एसएसपी गोरखपुर ने कहा, "संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए हमारी टीमें लगातार काम कर रही हैं। इस तरह के फर्जीवाड़े से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ता है। हम ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।"पुलिस ने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से भी अपील की है कि वे इस तरह के फर्जीवाड़े से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।


# संक्षिप्त खबरें

## हिन्दू जन सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया नेत्र शिविर



**राजधानी लखनऊ** की काकोरी के श्री शीतला माता मंदिर में हिंदू जन सेवा समिति द्वारा इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र शिविर मै 105 मरीजों का परीक्षण किया गया द्य जिसमें 27 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए 14 लोगों को चश्मा दिया गया द्य कैंप में नगर ही नहीं दूर-दूर गांव से लोग आकर नेत्र शिविर का लाभ लिया द्य कैंप इंचार्ज सतीश मिश्रा ने जी ने बताया की अब गर्मी और सर्दी का कोई असर मोतियाबिंद ऑपरेशन में नहीं होता है अब आधुनिक मशीनों द्वारा ऑपरेशन किया जाता है द्य इस कैंप में डॉक्टर पंकज वर्मा व कैंप इंचार्ज सतीश मिश्रा व उनकी टीम रही साथ ही समिति के अध्यक्ष प्रज्वल गुप्ता, आदित्य शर्मा, अनुज द्विवेदी, महीन गुप्ता, विशाल सैनी, अनुराग गुप्ता, सनी राठौर, उत्कर्ष तिवारी, दीपांशु वर्मा, विजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## पाँच साल का इंतजार पाँच घंटे में हुआ ख़त्म



**हरदोई** आज जन सुनवाई के के दौरान एक महिला सुनीता देवी जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष पहुँची। सुनीता ने बताया कि उनके पति गुड्डू की करीब पाँच वर्ष पहले मौत हो चुकी है लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बना है। वह टड़ियावां विकास खण्ड के बुधराई गाँव की निवासी हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल बीडीओ टड़ियावां से बात की तथा सचिव से वर्चुअल माध्यम से बात कराने के निर्देश दिए। थोड़ी देर में सचिव से बात करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अगले पाँच घंटे में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर अवगत कराये। जिलाधिकारी में एक पर्ची पर अपना मोबाइल नम्बर भी लिख कर दिया और कहा अगर आज उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र न मिले तो इस फोन नम्बर पर कॉल करके बता दे। सचिव से भी कहा कि आज प्रमाण पत्र न मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। महिला ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया।

## नन्ही गौरैया को वापस बुलाए, लगाएं कृत्रिम घोंसला रखे दाना पानी



**लखनऊ।** मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति के अध्यक्ष महेश साहू (पंक्षी प्रेमी)द्वारा मोहान रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय ग्वालपुर में गौरैया संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम व निबंध, चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित की गई । गौरैया के कृत्रिम घोंसले व मिट्टी के पात्र का वितरण किया गया साथ ही सभी को गौरैया संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता व समिति के संरक्षक राजेश उपाध्याय अधिवक्ता उपस्थित रहे। पक्षी प्रेमी महेश साहू ने मुख्य अतिथि राजेश उपाध्याय का पुष्पगुच्छ, भेंट कर सम्मान किया। राजेश उपाध्याय ने कहा कि हम सब को मिलकर नन्ही गौरैया संरक्षण के लिए प्रयास करने होंगे, क्योंकि नन्ही गौरैया एक घरेलू चिड़िया है जो हम सबके बीच रहना चाहती है पर उसके रहने का सुरक्षित स्थान ना होने के चलते गौरैया कि संख्या कम हो गई है।हम सब मिलकर नन्ही गौरैया को वापस बुलाने के लिए छोटा छोटा प्रयास करें। पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने कहा कि नन्ही गौरैया हमसे रूठकर कर दूर चली गई है, हम सब मिलकर नन्ही गौरैया को वापस बुलाना है, अपने घरो के बाहर नन्ही गौरैया के कृत्रिम घोंसले लगाएं व इस तपती धूप में कोई पक्षी प्यास से मृत्यु का शिकार ना हो इसके लिए अपनी छतो, घर के बाहर मिट्टी के पात्र में पानी व दाना रखे। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका अरूणा गुप्ता, सहायक अध्यापिका अनुष्का गौतम, समाजसेवी सोहनलाल साहू, अवनीश सिंह, सहित छात्र छात्राएं व उपस्थित रहे।

# विद्युत मजदूर संगठन ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

**● .....मध्यांचल डिस्कॉम में 30त्न संविदा कर्मियों की छंटनी के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ**







स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा अचानक 30त्न आउटसोर्स संविदा कर्मियों की छंटनी के विरोध में बुधवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारम्भ की गई। प्रदेश के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के विरोध में जो निर्णय लिया गया है, उसने लगभग 4500 श्रमिकों की आजीविका को गहरे संकट में डाल दिया है। यह निर्णय न केवल गैरकानूनी है, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार की रोजगार नीति और मानवाधिकार मूल्यों का भी खुला उल्लंघन है।

वर्ष 2017 की तुलना में आज प्रदेश में विद्युत खपत लगभग दोगुनी हो चुकी है। केवल मध्यांचल डिस्कॉम में ही उपभोक्ताओं की संख्या 58 लाख से बढ़कर 1 करोड़ 10 लाख हो चुकी है। ऐसे में कार्यभार कई गुना बढ़ने के बावजूद कर्मचारियों की संख्या में कटौती किया जाना पूर्णतः अव्यावहारिक और जनविरोधी कदम है। इस घटनाक्रम के विरोध में विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के प्रभारी पुनीत राय द्वारा बुधवार से लखनऊ स्थित ए. गोरखले मार्ग पर निगम मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ की गई है। मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पाण्डेय ने बताया कि यदि संविदा कर्मियों की छंटनी तुरंत वापस नहीं ली गई, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन की होगी।

# नगर पंचायत मोहनलालगंज में राजस्व टीम ने चलाया बुलडोजर, ढहाया अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा









**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील प्रशासन द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्यवाही के तहत अवैध कब्जा ढहा दिया। बुधवार को नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव स्थित बंजर भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया इस कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम अंकित शुक्ला व तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद ने किया राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम मऊ में स्थित गाटा संख्या 2514, क्षेत्रफल 0.0900 हेक्टेयर बंजर भूमि से अतिक्रमण हटवाया।

यह जमीन सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित थी, जिस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत की ओर से अंकुर तथा राजस्व विभाग से लेखपाल सुशील गुप्ता मौके पर मौजूद रहे तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद स्वयं स्थल पर पहुंचकर पूरी कार्यवाही की निगरानी की तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।यह कार्रवाई प्रशासन की अवैध कब्जों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है स्थानीय लोगों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त रखने के लिए इसी प्रकार की कार्यवाही होती रहेगी।

# आदमपुर इंद्रवारा प्राथमिक विद्यालय व उप स्वास्थ्य केंद्र में गन्दगी के बीच नौनिहाल पढ़ने व मरीज इलाज कराने को मजबूर

**● विद्यालय बना जानवरों का तबेला,**

**विद्यालय परिसर में दबंग बांध रहे जानवर और डाल रहे गोबर,**

**कई बार शिकायत करने पर भी नही हुई कार्यवाही,**

**लगातार घटती जा रही बच्चों की संख्या,**



स्वतंत्र प्रभात

**काकोरी, लखनऊ।** केंद्र और राज्य सरकार जहां एक तरफ स्वच्छता अभियान के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं।वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्राथमिक विद्यालय व उप स्वास्थ केंद्र आदमपुर इंद्रवारा काकोरी में गंदगी के बीच छात्र पढ़ने को मजबूर हैं।विद्यालय परिसर के प्रागंण में कई गहरे गड्ढा है।जिसमें बरसात का गंदा पानी भरा रहता है।जिसमें मच्छर बिच्छू एवं सांपो की भरमार है।विद्यालय के आसपास रहने वाले लोगों के द्वारा परिसर में ही जानवर बांधे जाते हैं और गोबर डाल कर गंदगी फैलाई जा रही है।जो बरसात में पानी के साथ मिलकर विद्यालय के बरामदे में भी यह गन्दगी पहुंच जाती हैं।वहीं एक ग्रामीण ने तो विद्यालय परिसर में ही दीवार का निर्माण कर दिया है।पूरे परिसर में जानवरों के बांधने के खूंटे गढ़े,गोबर के ढेरों का अंबार लगा हुआ है।इतनी गंदगी के बीच देश के नौनिहालों को शिक्षा दी जा रही है।यहां बच्चों का भविष्य बनाया जा रहा है या उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**डीएम से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाने पर भी नहीं हुई सुनवाई**

अतिक्रमण के संबंध में ग्राम प्रधान सुमित कनौजिया ने बताया की विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए वह पिछले 4 वर्षो से लगातार खंड शिक्षा अधिकारी,खंड विकास अधिकारी,क्षेत्रीय लेखपाल, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,एसडीएम सरोजननगर,जिलाधिकारी से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से भी लिखित शिकायत कर चुके हैं लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।जबकि विद्यालय की जमीन सरकारी ग्राम समाज एवं चरागाह की है उसके बाद भी लेखपाल की मिलीभगत से यह अतिक्रमण और बढ़ता जा रहा है।इसके कारण गांव के लोग बहुत नाराज हैं और अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से अब मना करने लगे हैं।

**विद्यालय की चारदीवारी ना होने पर बढ़ी समस्या**

विद्यालय परिसर की बाउंड्री वाल ना होने से कब्जेदारों की लगातार दिन प्रति दिन संख्या बढ़ती जा रही है।लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका है।यदि एक बार अतिक्रमण हटवाकर विद्यालय परिसर की चहारदीवारी बनवा दी जाए तो विद्यालय परिसर स्वच्छ एवं सुंदर हो जाएगा।बच्चों को खेलने की जगह भी मिल जाएगी और अवैध कब्जा की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

**लगातार कम होती जा रही है बच्चों की संख्या**

जुलाई 2023 में प्राथमिक विद्यालय आदमपुर इंद्रवारा में कुल 37 बच्चे नामांकित थे।लेकिन विद्यालय परिसर में गंदगी के चलते कई बच्चों के बीमार हो जाने से अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय भेजना कम कर दिया।जिससे लगातार विद्यालय आने वाले बच्चों की संख्या घटती जा रही है।वर्ष 2024 में 31 रह गई।लेकिन इस वर्ष 2025 अप्रैल में 6 लोगों ने अपने बच्चों का नाम कटवाकर दूसरे स्कूल भेजने का निर्णय ले लिया।विद्यालय में दो टीचर और दो शिक्षा मित्र कार्यरत हैं। ग्राम पंचायत ने कई बार दबंगों को जारी किया नोटिस* ग्राम आदमपुर इंद्रवारा के प्राथमिक विद्यालय व उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण से जानवर बांधने और गोबर डालने वाले दबंगों को कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा लिखित रूप से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है।लेकिन प्रशासन से सहयोग न मिलने से आजतक दबंगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया।

# चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, लाखों के गहने किये पार

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** थाना क्षेत्र कासिमपुर के अन्तर्गत ग्रामसभा मुसलमानावाद में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने घरो में चोरी की घटना को अंजाम दिया। लाखो रुपये के जेवर चोरी कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पूरे मामले का खुलासा हेतु टीम गठित की गयी।

थानाक्षेत्र कासिमपुर के ग्रामसभा मुसल?मानावाद में अज्ञात चोरो ने दूध डेयरी संचालक मंजेश कुमार यादव व मोतीलाल वर्मा के यहां चोरों ने ताला को कटर से काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमे मंजेश यादव के घर से एक सोने का हार कीमत एक लाख रुपये व एक जोडी झुमकी कीमत 50 हजार रुपये, माँगबेदी, दो अंगूठी सोने की, कमर बिहुआ, पायल, बिछिया सहित कीमती जेवर चोरी कर ले गये। मंजेश यादव के भाई कौशल की शादी वुधवार को तय थी, सभी तैयारियां चल रही थी। रिश्तेदार व परिवार के लोग नए मकान पर रुक गए। पुराने घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से परिवार में भय व्याप्त हो गया। वैवाहिक कार्यक्रम की खुशियां काफूर हो गई। इसके बाद गांव के मोतीलाल वर्मा के घर में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया। गांव वालों ने चोरी की आहट सुनकर चीखपुकार करने से चोर कर भाग गए। पीड़ित परिवारों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक आदित्य मौर्य ने चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में टीम गठित कर चोरी का खुलासा हेतु लगा दिया हैं।

## संदिग्ध स्थित में शव मिलने से मचा हड़कंप अब तक नहीं हो सकी पहचान

**निगोहां।** निगोहां थाना क्षेत्र के खुद्दीखेड़ा गांव के एक बाग में संदिग्ध हालात में मिले युवक के शव ने मंगलवार सुबह इलाके में सनसनी फैला दी। नहर किनारे स्थित रामेंद्र तिवारी की बाग में ग्रामीणों ने जब एक युवक की लाश पड़ी देखी, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुज तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन शुरुआती जांच में केवल "हल्के चोट के निशान" की बात कह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि मृतक की आंख और कलाई पर चोट के साफ निशान मिले हैं, जिससे हिंसा की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पहले से ही सवालों के घेरे में रही है। आए दिन घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस केवल खानापूर्ति कर मामलों की फाइलें बंद करने में लगी रहती है। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन चौबीस घंटे से ज़्यादा बीत जाने के बाद भी न तो उसकी पहचान हो सकी है और न ही मौत की असली वजह सामने आई है। क्या निगोहां पुलिस किसी बड़ी घटना को दबाने की कोशिश कर रही है? क्या यह मामला सिर्फ एक "सामान्य मौत" है या इसके पीछे कोई रची गई साजिश है? इन सवालों का जवाब देने के बजाय पुलिस "वैधानिक प्रक्रिया" का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रही है लेकिन ग्रामीणों का भरोसा तब तक बहाल नहीं होगा, जब तक पुलिस इस रहस्यमयी मौत की परतें नहीं खोलेगी और दोषियों को बेनकाब नहीं करेगी।

# पत्नी की हत्या का सनसनीखेज खुलासा पति गिरफ्तार

**● ..प्रेम-प्रसंग में बाधक बनी पत्नी को उतारा था मौत के घाट**

स्वतंत्र प्रभात



**मोहनलालगंज** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला सविता की हत्या का खुलासा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर कर दिया है मृतका के पति संजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है संजय के अपनी चचेरी साली से अवैध संबंध थे और पत्नी इसमें बाधा बन रही थी। इसी कारण उसने बड़ी ही निर्ममता से साजिश के तहत पत्नी की हत्या कर दी।

**दवा लेने के बहाने रची हत्या की साजिश**

जांच के अनुसार संजय ने पत्नी सविता से कहा उसे दवा दिलवानी है। इस पर सविता उसके साथ चली गई। लेकिन उसका मकसद इलाज कराना नहीं था, बल्कि पहले से तय साजिश को अंजाम देना था। संजय पहले सविता को गोसाईगंज इलाके के एक तांत्रिक के पास ले गया। वहां कुछ देर रुकने के बाद जब वे लौट रहे थे सुनसान स्थान पर पहुंचते ही संजय ने सविता पर पहले पत्थर से सिर में वार किया और फिर साड़ी से गला कसकर हत्या कर दी। हत्या के बाद संजय मौके से फरार हो गया।

**मृतका के पिता ने जताया था हत्या का शक, नामजद कराया था मुकदमा...**

मृतका के पिता ने बेटी की हत्या के मामले में पति संजय के साथ-साथ देवर, सास और ससुर के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने संजय को गिरफ्तार कर लिया, जबकि बाकी तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उनकी भूमिका की गहनता से जांच की जा रही थी पूछताछ के दौरान संजय ने स्वीकार किया कि वह अपनी चचेरी साली से प्रेम करता था, और उसकी पत्नी सविता इसके बीच में बाधा बन रही थी इस लिए मैने उसकी हत्या कर दी।

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के पर्यवेक्षण में, एडीसीपी अमित कुमावत व एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने सघन छानबीन कर आरोपित को दबोच लिया।पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी दोषी को बख्शा न जाए।

# चारा डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद बना खूनी संघर्ष

**● ....दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे और लोहे के रॉड**

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में बीते चार मई की रात पशुओं को चारा डालने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद दोनों ओर से पुलिस को दी गई तहरीरों के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पृथ्वी पाल पुत्र काशी प्रसाद निवासी ग्राम गोविंदपुर ने अपनी तहरीर में बताया कि बीते चार मई को रात करीब 8 बजे उनके छोटे भाई की पत्नी कांति पशुओं को चारा डालने जा रही थी। तभी गांव के रामसमुझ पुत्र कुंअरधारी, उनकी पत्नी मालती व पुत्री मोनिका ने अचानक हमला कर दिया। मारपीट की सूचना मिलते ही पृथ्वी पाल व उनका छोटा भाई धनिराम बीच-बचाव के लिए पहुँचे, लेकिन विपक्षियों ने उन पर भी लाठी-डंडों से लैस होकर हमला कर दिया। हमले में पृथ्वी पाल को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई, वहीं उनके भाई को हाथ व सीने में चोटें और कांति को भी हाथ में गंभीर चोट लगी। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि इस घटना की शिकायत थाने में की तो जान से मार देंगे।

रामसमुझ की पत्नी मालती ने अपने पक्ष में दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि रात लगभग 9 बजे वे अपने परिवार के साथ भोजन कर रही थीं, तभी विपक्षी अमरेश पुत्र द्वारिका प्रसाद, धनिराम व पृथ्वीपाल पुत्रगण काशी प्रसाद, हरिशंकर व राकेश पुत्रगण सहजराम, कल्लू पुत्र रामपाल व मंगल प्रसाद आदि ने मिलकर सुनियोजित तरीके से घर में घुसकर हमला किया।

मालती के अनुसार विपक्षियों ने उनकी पुत्री मोनिका के ऊपर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। उनके पति रामसमुझ को लोहे की रॉड व डंडों से पीटा गया, जिससे सिर से खून बहने लगा। पूरा परिवार खून से लथपथ हो गया। जैसे-तैसे 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी गई। दोनों पक्षों द्वारा दिए गए तहरीर में एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने, गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव में फिलहाल तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है, लेकिन पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हरदोई में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, एसपी नीरज कुमार जादौन ने पढ़ाया अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पाठ

**● श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह, ट्रैफिक रूल्स गीतों से गूंजा विद्यालय परिसर**




स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** के मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में बुधवार को एक प्रेरणादायी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 तथा ट्रैफिक रूल्स पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन रहे, जिन्होंने मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भारत माता के जयघोष के साथ शुरू किए अपने संबोधन में एसपी श्री जादौन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और संस्कारों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि "बिना बहानेबाज़ी के नियमित स्कूल आना और पढ़ाई में निरंतरता ही सफलता की कुंजी है।" उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट न सिर्फ कानून का पालन हैं बल्कि जीवन सुरक्षा की ढाल हैं। उन्होंने 'जान है तो जहान है' जैसे संदेशों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में छात्रा अपूर्वा सिंह व जिज्ञासा सिंह ने ट्रैफिक नियमों पर प्रभावशाली वक्तव्य व कविता प्रस्तुत की,। बच्चों द्वारा "रेड रुको, येलो रेडी, ग्रीन चलो" गीत ने उपस्थित जनसमूह को ट्रैफिक संकेतों के प्रति सजग किया। बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का अभिवादन कर वातावरण को आत्मीयता से भर दिया।समारोह में बच्चों का आत्मविश्वास, संस्कार और सुरक्षा के प्रति सजगता देखने को मिली, जो जनपद की उज्ज्वल और सुरक्षित भावी पीढ़ी का संकेत है।इस अवसर पर भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह, प्रधानाचार्य भूमिका सिंह, लक्ष्मी देवी सहित शिक्षिकाएँ कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, मंशा बाजपेई, आरती वर्मा, सोनी तिवारी, प्रज्ञा त्रिवेदी, ऐश्वर्या सिंह, कोमल यादव, आरती मिश्रा, वर्तिका शुक्ला, राखी गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, विनीता त्रिवेदी, निकिता वर्मा , मानसी मिश्रा, करिश्मा वर्मा, शालिनी पाल, रंजना , राम प्रकाश पांडे, संजय कुमार गुप्ता, अभिनव सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्थापक अखिलेश सिंह ने किया।

# पाली थाना पुलिस ने 4 चोरी की घटनाओं का किया खुलासा

**● नगदी और चोरी के माल सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई।** पाली थाना पुलिस ने कस्बा स्थित एक दुकान से हुई चोरी सहित चार चोरी की घटनाओं का बुधवार को खुलासा किया। पुलिस ने दो शातिर चोरों को भी गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 17 हजार रुपए की नगदी और चोरी का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

बीती 5 मई की रात को पाली कस्बे के मोहल्ला बाजार स्थित एक दुकान से सामान चोरी हो गया था, पुलिस ने दुकानदार की तरह के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू की। जांच के दौरान प्रकाश में आए इकराम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मोहल्ला काजी सराय कस्बा पाली, अरशद अली पुत्र वाहिद अली निवासी रहीस नगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ को गिरफ्तार किया। जिनके पास से विभिन्न चोरियों से संबंधित 17 हजार रुपए की नगदी, पान मसाला और सिगरेट के पैकेट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने उपरोक्त चोरी के अलावा 2 जुलाई 2024 को ग्राम बेसिलिया में एक घर से आभूषण और नगदी चोरी करने की बात कबूली। इसी तरह 25 अगस्त 2024 की रात को शाहाबाद क्षेत्र के मलकापुर गांव में चोरी करना भी स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि 5 जुलाई 2024 की रात को पचदेवरा थाना क्षेत्र के अनंगपुर में एक घर से भी उन्होंने ही नगदी और जेवरात चोरी किए थे। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि अरशद अली के खिलाफ जनपद लखनऊ के अलग-अलग थानों में पहले से ही चार मुकदमें दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष स्वयं, उपनिरीक्षक विशाल तिवारी, विक्रांत चौधरी हेड कांस्टेबल सुरेंद्र शर्मा, कांस्टेबल गुरजीत सिंह, सौरभ शर्मा शामिल रहे।

# काकोरी कोतवाली पुलिस ने किया पैदल गश्त

स्वतंत्र प्रभात



**काकोरी।** कोतवाली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए कस्बे में पैदल गश्त की। काकोरी पुलिस ने पैदल गश्त का आयोजन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने,कानून और व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए किया था।

पैदल गश्त के दौरान,पुलिस बल ने सार्वजनिक स्थानों,भीड़-भाड़ वाले इलाकों और मुख्य सड़कों पर भ्रमण किया और जागरूकता बढ़ाई और पुलिस ने असामाजिक तत्वों के प्रति सख्त हिदायत दी। पुलिस की पैदल गश्त से लोगों में सुरक्षा का एहसास हुआ और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा। पैदल गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार राठौर, कस्बा चौकी प्रभारी राजबहादुर सिंह, निरीक्षक अंकित सिंह, ओमहरी, राजकुमार, दीवान नवीन कुमार, कॉस्टेबल अनुराग, रवींद्रर, नवीन महिला कांस्टेबल मोनिका सिंह, पूजा सिंह, अनीता सहित सभी कोतवाली पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कनाडा में बदलाव भारत के लिए अवसर है



इस चुनाव में अमेरिकी डर जितना हावी रहा, उतना शायद ही इससे पहले कनाडा के किसी चुनाव में देखा गया हो। उत्तरी अमेरिका की भू-राजनीति में आक्रामक ट्रंपवाद का खासा असर देखा जा सकता है। उनकी आक्रामक टैरिफ रणनीति और अप्रत्याशित धमकियों ने कनाडा के मतदाताओं की चिंता बढ़ा दी। प्रभु चावला लोकतांत्रिक रंगमंच में बहुत कम आयोजनों ने इतनी उत्सुकता जगाई, जितनी कि हाल ही में कनाडा के संघीय चुनाव में जगी। वैश्विक आर्थिक झटकों और राष्ट्रवादी गर्वोक्तियों की पृष्ठभूमि के चुनावी मुकाबले में विनीत टेक्नोक्रैट से लिबरल पार्टी के नेता बने मार्क कार्नी को मामूली जीत हासिल हुई। कनाडा के इस चुनाव में सिर्फ घरेलू राजनीति मुद्दा नहीं थी। इस चुनाव में पार्टी और प्रत्याशियों के प्रदर्शन को देखा गया। पियरे पॉलिएव के नेतृत्व में कंजर्वेटिव्स ने धूम-धड़ाके के साथ चुनाव अभियान की शुरूआत की थी, पर आखिर में पार्टी को शर्मनाक ढंग से बाहर होना पड़ा। विवादों में रुचि होने, अलगाववादी तत्वों से जुड़ने और भारतीय हिंदुत्व के साथ खड़े होने के रहस्य भरे प्रयास के कारण कार्नी को मध्यमार्गी विचारधारा वाले मतदाताओं का समर्थन मिला, हालांकि कार्नी की पार्टी के जिस चुनाव अभियान को शुरू-शुरू में अप्रतिरोध्य बताया गया, बाद में वह विचारधारात्मक अपच की कहानी बन गया लेकिन जिस शख्सियत के लिए चुनावी नतीजा सबसे अफसोसनाक रहा, वह जगमीत सिंह हैं। एनडीपी का यह खालिस्तान समर्थक नेता जिसे लंबे समय तक कनाडा के सिखों की भावनाओं का प्रतीक माना जाता था, बर्नाबी सेंट्रल की अपनी सीट भी हार गया। उनकी पार्टी की सीटों का आंकड़ा 25 से घटकर एक अंक तक सिमट गया और 1993 के बाद पहली बार पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी का आधिकारिक दर्जा भी छिन गया। जगमीत सिंह की भारत विरोधी टिप्पणियां, जिनमें खालिस्तानी अलगाववाद को समर्थन देने के अलावा 2023 में हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की तीखी आलोचना भी थी, भले ही समान विचारधारा वाले लोगों के बीच सुनी जाती रही हों लेकिन चुनाव में इससे पार्टी को भारी नुक्सान हुआ। मतदाताओं ने भड़काऊ टिप्पणियों के बजाय शांति को और शिकायत की जगह प्रशासनिक सोच को तरजीह दी। अपनी सारी प्रतीकात्मकता के बावजूद जगमीत सिंह मुख्यधारा की राजनीति में विफल साबित हुआ, अब भारतीय-कनाडाई प्रवासियों की बात करते हैं। करीब 14 लाख की आबादी वाले इस समुदाय के वोटों का बड़ा हिस्सा मध्यमार्गी कार्नी को मिला। भारतीय मूल के रिकॉर्ड 65 प्रत्याशी इस चुनाव में जीते, जिनमें से 20 लिबरल पार्टी से थे, जिन भारतवंशियों ने अपनी सीट बरकरार रखी, उनमें अनिता आनंद, कमल खेड़ा, परम बैंस और सुख धालीवाल प्रमुख रहे।

अलबत्ता जगमीत सिंह की हार को ज्यादा बड़े राजनीतिक संदेश की तरह देखा जा रहा है। भारतवंशी मतदाताओं द्वारा दिया गया संदेश बिल्कुल स्पष्ट है। अपनी लड़ाई में हमें इस्तेमाल करना बंद करें। हम आपके द्वारा इस्तेमाल होने वाली चीज नहीं हैं। हम कनाडा के नागरिक पहले हैं, भावना का मामला उसके बाद आता है। यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। वर्षों से भारतीय राजनीतिक वर्ग कनाडा के प्रवासी भारतीय समुदाय को सॉफ्ट पावर टूल की तरह इस्तेमाल करता था लेकिन इस बार के चुनाव में भारतवंशियों ने अपने इस्तेमाल होते जाने के सिलसिले को पलट दिया। इस चुनाव में अमेरिकी डर जितना हावी रहा, उतना शायद ही इससे पहले कनाडा के किसी चुनाव में देखा गया हो। उत्तरी अमेरिका की भू-राजनीति में आक्रामक ट्रंपवाद का खासा असर देखा जा सकता है। उनकी आक्रामक टैरिफ रणनीति और अप्रत्याशित धमकियों ने कनाडा के मतदाताओं की चिंता बढ़ा दी। नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में मतदाताओं ने कार्नी के सतर्क राष्ट्रवाद का रास्ता चुना। इस स्थिति ने भारत-अमेरिका-कनाडा के रिश्तों को उलझा दिया है। हथियारों के सौदों, योग कूटनीति और साझा तौर पर चीनी आक्रामकता के तिरस्कार के कारण भारत ट्रंप का दुलारा बना हुआ है लेकिन ओटावा (कनाडा की राजधानी) अब वाशिंगटन की कूटनीति में उतना महत्व नहीं रखता। बेशक हिंद-प्रशांत तनाव के मौजूदा दौर में क्वाड की प्रासंगिकता कहीं ज्यादा बढ़ गई है लेकिन भारत के कथित हस्तक्षेप पर कनाडा के क्षोभ को देखते हुए अब सतर्कता से कदम बढ़ाने की जरूरत है। भारत के लिए इस चुनाव को एक अवसर की तरह देखा जाना चाहिए। जगमीत सिंह के राजनीतिक परिदृश्य से लगभग अदृश्य हो जाने और उनकी पार्टी एनडीपी को उसका कद दिखा दिये जाने के बाद कनाडा के भारतवंशियों की राजनीति से भारत-विरोधी शिकायत और रुखापन गायब हो गया है, अब जरूरत इस बात की है कि फुसफुसाहटों को शब्दों में और अनुमानों को प्रतिबद्धता में बदला जाए।

सार्वजनिक तौर पर यह बताकर भी कि नई दिल्ली को ओटावा के आंतरिक मामलों से कोई लेना-देना नहीं, कनाडा के इस आरोप को ध्वस्त किया जा सकता है कि भारत उसके मामलों में दखल देता है। ब्रैम्प्टन में बॉलीवुड फेस्टिवल, दिल्ली में व्यापार सम्मेलन और भारत-कनाडा यूनिवर्सिटी फेलोशिप जैसे कार्यक्रम ही द्विपक्षीय रिश्तों की ठोस बुनियाद हो सकते हैं। कार्नी आक्रामक नहीं हैं, न ही वह आवेशपूर्ण राजनीति करते हैं। इस कारण वह नरेंद्र मोदी के आदर्श प्रतिपक्षी हो सकते हैं जो दिखावे की कूटनीति में ज्यादा विश्वास करते हैं। कार्नी की प्रमुख चुनौती ट्रंप की अविश्वसनीय और अप्रत्याशित राजनीति से सामंजस्य बिठाने की होगी, ऐसे ही भारत की चुनौती कार्नी की मध्यमार्गी राजनीति के साथ सजग तालमेल बिठाते हुए उन संशयवादी भारतवंशियों को रास्ते से दूर करने की है जो अब तक खुद को द्विपक्षीय संबंधों के स्वयंभू राजदूत समझते आये थे। उम्मीद करनी चाहिए कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र की आमसभा में मोदी और कार्नी के बीच की गर्मजोशी महज औपचारिकता नहीं होगी। यह दोतरफा कूटनीति में नई शुरूआत होगी, जिसकी बुनियाद जलवायु सहयोग, आतंकवाद-विरोध, साइबर नीति और स्वच्छ तकनीक आदि होंगे। इससे बीजिंग को भी माकूल संदेश दिया जा सकेगा कि सॉफ्ट पावर ही अब नया हार्ड पावर है।

यह तभी संभव हो सकेगा, जब दोनों देश प्रतीकात्मकता की राजनीति से बाहर निकलेंगे। कार्नी की चुनावी जीत राज्यारोहण नहीं है, न ही वह आलोचना के पात्र हैं। कनाडा के मतदाताओं ने अतिवाद को नकार दिया लेकिन उन्होंने आत्मसंतुष्टि को गले नहीं लगाया। कार्नी को मिला जनादेश मामूली लेकिन अर्थपूर्ण है। भारत के लिए यह गोपनीय रणनीति बनाने का समय नहीं है। इसके बजाय यह कनाडा से दोटूक बात करने और व्यावहारिक कूटनीति निभाने का समय है। संदेह पर टिके द्विपक्षीय रिश्ते को अब साझा सम्मान से लिखा जाना चाहिए।

# पाक की पेशानियों पर इतने बल क्यों?

**'अभी-अभी तो रखा था संभल कर कदम,**
**उसे बचाने को एक पत्ता भी लहरों में बहाया था**
**पर काटना तो इसकी फितरत है, यही तो हैं**
**हरी-लाल चीटियां जिनको हमने बचाया था'**



अपने नापाक इरादों के लिए दुनियाभर में कुख्यात पाक यानी पाकिस्तान अपने ही गुनाहों के बोझ तले तिलमिला रहा है। वहीं भारत की बात करें तो लगता है देश पहलगाम से आगे बढ़ कर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में लौट आया है। वहीं पहलगाम हमले के दस दिनों बाद कांग्रेस ने अपनी सीडब्ल्यूसी यानी कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बकायदा एक प्रस्ताव पास कर सरकार से पाकिस्तान को सबक सिखाने और आतंकवाद पर निर्णायक अंकुश लगाने की मांग की है। पीएम मोदी ने तो अब तक पूरे मामले में पाकिस्तान का नाम भी नहीं लिया है। आइए अब जानते हैं कि मौजूदा हालात में आखिर पाकिस्तान की हवा क्यों खिसकी हुई है? दरअसल आने वाले इस 9 मई को आईएमएफ यानी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की एक अहम बैठक होने वाली है, आईएमएफ के इसी कार्यकारी बैठक से संकेत मिल जाएंगे कि पाक को अब 7 अरब डॉलर का 'बेलआउट पैकेज' दिया जाएगा या नहीं? 37 महीनों की इस लोन डील में 6 समीक्षा बैठकें होनी हैं। अगर इस पहली समीक्षा बैठक में पाकिस्तान पास हो जाता है तो उसे एक अरब डॉलर की फौरी मदद तुरंत मिल जाएगी। पर पहलगाम के आंतकी हमले में पाकिस्तानी मूल के दो आंतकियों की शिनाख्त होने के बाद पाक के लिए मौके बेहद कम हो गए हैं।

समीक्षा की रिपोर्ट निगेटिव आने की संभावना ही ज्यादा है। जो आर्थिक रूप से जर्जर हाल पाकिस्तान के पेट पर एक बड़ी लात हो सकती है। पाक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इमेज बचाए रखने की कवायद में जुटा है, पर उसे इसमें कोई खास सफलता नहीं मिल रही। 57 देशों वाले इस्लामिक सहयोग संगठन यानी ओआईसी के मात्र 1 देश ही पाकिस्तान के बचाव में सामने आया है। वहीं भारत ने पाक पीएम शहबाज शरीफ समेत कई नामी पाकिस्तानी हस्तियों के सोशल मीडिया अकाऊंट ब्लॉक कर रणनैतिक तौर पर भी इस पड़ोसी देश को घुटने पर आने को मजबूर कर दिया है।

### वसुंधरा को इतना भाव क्यों दे रहा है भाजपा आलाकमान

राजस्थान की भगवा राजनीति नई करवटें ले रही है, दिल्ली दरबार में यूं अचानक राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की पूछ बढ़ गई है। पिछले हफ्ते वसुंधरा की दिल्ली में एक बड़े नेता के साथ एक लंबी मुलाकात हुई, कहते हैं इस मुलाकात में महारानी को आश्वस्त किया गया कि पार्टी उनके सम्मान का पूरा ध्यान रखेगी और आने वाले सांगठनिक फेरबदल में उन्हें केंद्रीय संगठन में कोई अहम जिम्मेदारी भी दी जाएगी।

सूत्रों की मानें तो वसुंधरा ने साफ किया कि 'वह चूंकि पहले से पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर विराजमान हैं, सो अगर उनके लिए पार्टी शीर्ष कुछ करना ही चाहता है तो उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर किसी अहम मंत्रालय से नवाजा जाए।' कहते हैं बड़े नेता की ओर से उन्हें भरोसा दिया गया है कि 'इस बारे में आलाकमान से राय लेकर जल्द ही एक निर्णय पर पहुंचा जाएगा।' दरअसल पार्टी का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश भाजपा की आपसी गुटबाजी को लेकर बेतरह खिन्न है। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता और उनके परफॉरमेंस को आंकने के लिए पिछले दिनों पार्टी ने एक बड़ी एजेंसी से वहां जनमत सर्वेक्षण करवाया था, इस सर्वेक्षण में सबसे हैरान करने वाला वाकया यह उभर कर सामने आया कि सर्वेक्षण में शामिल किए गए 20-25 फीसदी लोग तो अपने राज्य के मुख्यमंत्री का नाम ही नहीं जानते थे। इससे बड़ी बात जो सर्वेक्षण से बाहर निकली कि अगर आज की तारीख में राजस्थान में विधानसभा चुनाव करा दिए जाएं तो भाजपा को अपनी सरकार बचाने के लाले पड़ जाएंगे।

सर्वेक्षणकर्ताओं ने अपने निष्कर्ष में बताया है कि राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता बस वहां के ब्राह्मणों के बीच ही है, जबकि वसुंधरा को कई जातियों के प्रतिनिधित्व का हुनर प्राप्त था। उनकी स्वयं की जाति ओबीसी है, वह जाटों की बहू हैं और गुर्जरों की समधिन इस नाते भी यह तीनों समुदाय उन्हें अपना मानते रहे हैं। जब बड़े नेता ने वसुंधरा से राज्य में पार्टी के गिरते ग्राफ के बारे में जानना चाहा तो कहते हैं महारानी ने राज्य के भाजपा प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल के सिर इसका ठीकरा फोड़ दिया, शायद यह अग्रवाल हैं जो गुटबाजी को हवा दे रहे हैं, यहां तक कि वे राज्य के मंत्रियों को सीधे काम करवाने के लिए फोन भी करते हैं। महारानी ने अविलंब राज्य प्रभारी बदलने की जरूरत पर बल दिया है।

### क्या ममता-अभिषेक में इतनी ठन गई है?

कोलकाता की आबोहवा में बगावती बारूद की गंध रच बस गई है और यह हवा सीधे तृणमूल के आंगन तक जा पहुंची है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो भाजपा के बंगाल से तीन भाजपा सांसद तृणमूल ज्वॉइन करने को एकदम तैयार बैठे थे, इन तीनों सांसदों को मनाने की कवायद पहले से चल रही थी। इसके सूत्रधार थे ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और इसकी पटकथा तैयार की थी पूर्व क्विज़ मास्टर और टीएमसी के एक अहम चेहरे डेरेक ओ ब्रॉयन ने। तीनों भाजपा सांसदों की डिमांड भी अलग-अलग थी, इसमें से पहले नंबर की चाह थी कि उन्हें अगला चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं, पर बाबुल सुप्रियो की तर्ज पर उन्हें ममता सरकार में मंत्री बना दिया जाए, दूसरे वाले लक्ष्मी पूजन चाहते थे, वे अगला चुनाव लड़ने को भी तैयार थे, पर उनकी शर्त थी कि अगर खुदा ना खास्ते वे टीएमसी के टिकट पर चुनाव हार गए तो फिर दीदी उन्हें राज्यसभा में लेकर आ जाएं, तीसरे भाजपा सांसद भी स्वयं चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे, वे चाहते थे कि उनकी पत्नी को विधानसभा का चुनाव लड़वा कर राज्य सरकार में मंत्री बना दिया जाए।

कहते हैं अभिषेक की ओर से इस डील को हरी झंडी थी, पर ममता इस पर आगे ही नहीं बढ़ रही थीं। इधर इन तीनों भगवा सांसदों के सब्र का पैमाना टूटता जा रहा था। वहीं इनके पाला बदल की खबर भाजपा हाईकमान को भी लग गई थी, सो इन तीनों को तलब कर सख्ती से पूछा गया कि आखिर क्यों बदले-बदले से सरकार नज़र आ रहे हैं? ये सदन में भी कम दिखते हैं, पार्टी बैठकों में इनका अता-पता नहीं होता। अब तो इन सांसदों के पैरों के नीचे से जमीन निकल गई, दल बदल से पहले ही उनके लिए दुरूह सियासी दलदल तैयार था। इन्होंने आखिरी बार अभिषेक से चैक किया कि 'आखिर चल क्या रहा है, कुछ होगा कि नहीं?' अभिषेक ने डेरेक से कहा कि वे फौरन इस बाबत दीदी से बात करें। डेरेक ने दीदी से बात की तो ममता बेतरह उखड़ गई, बोलीं-'तुम लोग क्या फालतू के चक्कर में पड़े हो, पहले पीके के साथ मिल कर तुम सब ने गोवा, असम व त्रिपुरा में टीएमसी की इज्जत पर बट्टा लगा दिया। अब नया गेम शुरू कर रहे हो, यह जाने बगैर कि इससे हमें हासिल क्या होगा?' डेरेक भी चुप कर बैठ गए, अब पार्टी में दूर तलक यह बात फैल चुकी है कि 'अभिषेक की अब यहां कुछ चल नहीं पा रही।'

### जाति जनगणना की घोषणा अभी क्यों?

सरकार ने भले ही जाति जनगणना कराए जाने का ऐलान उस वक्त किया हो जब देश पहलगाम हमले के दर्द में लिपटा था, पर सच पूछिए तो संघ ने इसकी इबारत सितंबर 2024 में ही लिख दी थी, जब भाजपा व संघ की तीन दिवसीय समन्वय बैठक केरल के पलक्कड़ में चल रही थी। वैसे तो संघ हमेशा से जाति जनगणना का मुखर विरोधी रहा है, संघ ऐसी जनगणना को निजी राजनैतिक लाभ के लिए समाज को बांटने का उपक्रम मानता है। इसीलिए नागपुर ने हमेशा हिंदुओं को जाति के चश्मे के बजाए अमीर व गरीब के तौर पर देखने की वकालत की है। इसे आप 'बंटोगे तो कटोगे' की बैकड्रॉप पर भी देख सकते हैं, यानी अगर हिंदू वोट बैंक में जातीयता की सेंध लगेगी तो भाजपा के मुंह से यह बड़ा निवाला छिन सकता है। पर इस वाकये का एक दूसरा पहलू भी है कि संघ का कहीं यह भी मानना है कि अगर भाजपा को दक्षिण भारत की राजनीति साधनी है तो जाति जनगणना की अनदेखी नहीं हो सकती। सो तमिलनाडु हो, कर्नाटक या फिर तेलांगना वहां की डीएमके व कांग्रेस सरकार हमेशा से जातीय जनगणना का राग अलापती रही है। बिहार की नीतीश सरकार पहले ही इस जनगणना का अलख जगा चुकी है, कांग्रेस व राजद जैसे दलों ने बिहार चुनाव में इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना रखा है, सो, भाजपा भी इस बहती गंगा में हाथ धोना चाहती है, क्योंकि 27 में यूपी में भी चुनाव होने हैं।

## संपादकीय

# भारत के सैन्य बल का मनोबल न गिराएं विपक्षी नेता

जिस प्रकार से जंग के मुहाने पर खड़े भारत की उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भारतीय फ़ाइटर जेट राफेल की खिल्ली उड़ाई है, यदि यह भारत न होकर रूस, चीन या सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात होता तो देश के सैन्य बल का घोर अपमान करने वाले को तुरंत देश से विश्वासघात के जुर्म में सलाखों के पीछे डाल दिया जाता। उधर असदुद्दीन ओवैसी ने भले ही पाकिस्तान को हड़काया है, मगर चीन के मामले में भारत को कोसा भी। इस प्रकार के बयान पूर्ण रूप से देश और दुर्भावना में लिप्त होते हैं। भारत की सेनाओं के शौर्य और मनोबल को गिराने वाले दुष्ट नेता उधर ऊपर से तो ये लोग भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध बदला लेने को कहते दिखाई देते हैं, मगर केवल ऊपरी तौर से, क्योंकि अंदरूनी तौर से ये अपने पाकिस्तानी आकाओं का दिल मोटा करने को ऐसा किया करते हैं।



यह ऐसा ही है कि जैसे घर को आग लग गई घर के चिराग से। ऐसी दुर्भावना वाले बयान दुश्मनों को बहुत भाते हैं। इन लोगों के भारत विरोधी कर्कश बयानों को पाकिस्तानी मीडिया हेडलाइन बनाकर चला रही है। पाकिस्तान अजय राय के बयान को एजेंडे की तरह यूज कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया कह रहा है कि भारत के नेता अपनी ही सरकार और सेना पर सवाल उठा रहे हैं। पाकिस्तान के "शमा टीवी" ने कहा कि भारत के राफेल फाइटर जेट का भारतीय राजनेता ही मजाक बना रहे हैं। अजय राय ने राफेल की तुलना खिलौने से की है। अपने वीडियो बयान में कांग्रेस नेता ने कहा, 'मोदी सरकार ने राफेल विमानों पर नींबू निचोड़ कर रख दिए हैं। अजय राय राफेल फाइटर जेट के खिलौने में नींबू-मिर्ची लगाकर उसका मजाक उड़ा रहे हैं। पाक मीडिया ने अजय राय के राफेल वाले खिलौने के वीडियो को चलाते हुए कहा, "राफेल तैयार है, नींबू-मिर्च बांध के हैंगर में खड़े कर दिए गए हैं। उनका इस्तेमाल कब होगा? भारतीय सियासतदान (राजनेता) सरकार का मजाक उड़ाने लगे हैं। 'इसके साथ ही पाक मीडिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राफेल को खिलौने बता मजाक उड़ाते हुए कहा कि पूरा देश दहशतगर्दी का शिकार है। राय ने कहा, ''सरकार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जिन लोगों की जान गई, उनके परिजन आज भी यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार कब इस पर गंभीरता से कोई ठोस कार्रवाई करेगी लेकिन दुर्भाग्यवश सरकार इन गंभीर मसलों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है।'' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। कांग्रेस नेता अजय राय ने राफेल का मजाक उड़ाया तो बीजेपी ने कांग्रेस को आड़े हाथों ले लिया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और सांसद, संबित पात्रा ने अजय राय के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सेना का मजाक उड़ा रही है, उसका मनोबल गिरा रही है, साथ ही बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि अजय राय वही भाषा बोल रहे हैं जो पाकिस्तान बोल रहा है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस का ट्रैक सदा से ही पाकिस्तान नवाज और चीन के आगे-पीछे जी हुजूरी करने वाला रहा है।

भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार में कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ''पांचवें स्तंभ'' बन गए हैं, जो सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने का काम कर रहा है। भाजपा ने यह आरोप उस वक्त लगाया जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एक 'खिलौना राफेल' दिखाकर पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ सरकार की संभावित जवाबी कार्रवाई के संदर्भ में उस पर कटाक्ष किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पाकिस्तानी सेना और 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के बीच तुलना करते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना संघर्ष विराम का उल्लंघन करके सीमा पार से भारतीय सशस्त्र बलों पर बमबारी कर रही है, जबकि विपक्षी नेता देश के भीतर से ही अपनी टिप्पणियों से उन पर निशाना साध रहे हैं। अजय राय या उनके हिमायतियों से कोई पूछे कि आज वे जिस प्रकार से भाजपा पर अट्टहास कर रहे हैं और उसे धार देने के लिए प्रतीकात्मक तौर पर एक खिलौना विमान से नींबू-मिर्च लटकाकर दिखा रहे हैं, पूरा भारत पहलगाम हमले का बदला लिए जाने का इंतजार कर रहा है, तो मुंबई आतंकी हमलों के बाद मनमोहन सरकार ने सिवाय ठन-ठन गोपाल के कुछ भी नहीं किया।

मोदी ने तो फिर भी पाकिस्तानी आतंकी हमलों के जवाब में दो सर्जिकल स्ट्राइक की थीं। इस में कोई दो राय नहीं कि जंग किसी प्रकार से भी हल नहीं हो सकती, मगर जब प्राणों, आत्मसम्मान और आत्मा पर बन आती है तो जवाब देना आवश्यक हो जाता है। पाकिस्तानी सेना के इशारे पर जिस प्रकार से वहां के आतंकियों ने भारत के निहत्थे मासूम नागरिकों को धर्म पूछ कर क़त्ल किया गया, उसकी इतिहास में मिसाल नहीं मिलती। अतः पाकिस्तान को ऐसा इब्रातनाक सबक़ सिखाना अति आवश्यक है कि आने वाली नस्लें याद रखें।

# जंग के लिए तैयार हैं हम

यह सत्य है कि युद्ध अंतिम विकल्प होता है, यह सत्य है कि इससे यथासंभव बचना चाहिए, यह सत्य है कि कलिंग की विभीषिका ने सम्राट अशोक तक को बौद्ध धर्मावलंबी बना दिया, यह सत्य है कि युद्ध तो स्वयं एक समस्या है, इससे समस्याओं का निदान कैसा? यह सत्य है कि अहिंसा अपने आप में बड़ी ऊंची चीज है, परंतु इन सारे सत्यों के बीच यह भी ख्याल आता है कि- राम-रावण युद्ध क्यों नहीं रोका जा सका ? भगवान कृष्ण ने तो बहुत प्रयास किए, पर महाभारत क्यों रचना पड़ा, गुरु गोविंद सिंह, बंदा बहादुर, महाराणा प्रताप, शिवाजी राजे, क्यों इनकी तलवारें मध्य युग में बराबर खनकती ही रहीं, क्यों भारतवर्ष को पाकिस्तान से तीन युद्ध लड़ने पड़े?



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार यह संदेश देते रहे हैं कि यह समय युद्ध का नहीं। समूचे विश्व को इस समय युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है लेकिन भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है। मोदी सरकार का राष्ट्रीय संकल्प यह है कि भारत पहलगाम हमले के आतंकियों को चुन-चुन कर मारेगा। कभी-कभी शांति के लिए युद्ध भी लड़ने पड़ते हैं। शांति के सारे उपाय जब असफल हो जाएं तो तलवार उठाना ही धर्म है। एक शांतिप्रिय देश होने का अर्थ यह नहीं है कि हम पहलगाम हमले पर कोई प्रतिकार न करें। भारत को आतंकवाद पर करारी चोट करनी होगी। ऐसी स्थिति में भारतीय सेना तो पाकिस्तान से युद्ध लड़ने के लिए तैयार है। इस तरह की तैयारी यह संकेत देती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सैनिकों की ही जिम्मेदारी नहीं है बल्कि आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। आज की युवा पीढ़ी ने युद्ध नहीं देखे। मेरे पिताश्री अश्विनी कुमार जब भी कभी युद्धों की दास्तान सुनाते थे तो वे बताते थे कि जब भारतीय सेनाओं का काफिला सीमाओं की ओर बढ़ता था तो शहर के दोनों ओर सुबह सवेरे ही लोग सैनिकों के स्वागत के लिए खड़े हो जाते थे और उन्हें खाद्य सामग्री, भोजन, फल भेंट करते थे। शहर भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान हो उठता था। मेरे पिता मेरे पूजनीय दादा अमर शहीद रमेश चन्द्र के कंधों पर सवार होकर वीर जवानों को सैल्यूट करते थे। युवा पीढ़ी ने न तो ब्लैक आऊट का दौर देखा है और न ही उसने कभी जंग की तैयारियां देखी हैं। युद्धों का दौर देखने वाले लोग जानते हैं कि आम नागरिकों को ऐसे समय में क्या करना है, कब करना है और कैसे संयम बनाए रखना है। युद्ध के दौरान आम नागरिकों की भूमिका से पूरे देश की मजबूती बढ़ जाती है। यह केवल हमले के बाद की प्रतिक्रिया नहीं बल्कि हमले से पहले की जागरूकता का हिस्सा है।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को देशभर के 244 चिन्हित सिविल डिफैंस जिलों में एक मॉकड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद यह जांचना है कि जंग जैसे हालात जैसे हवाई हमलों, मिसाइल हमलों के दौरान आम जनता कितनी जल्दी और असरदार तरीके से प्रतिक्रिया दे सकती है।

इस अभ्यास का मकसद अफरा-तफरी से बचाव, घबराहट को कम करना और जानें बचाना है। इस मॉकड्रिल में स्थानीय प्रशासन, सिविल डिफैंस वार्डन, होम गार्ड, एनसीसी, नैशनल सर्विस स्कीम और स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। संवेदनशील इलाकों और संस्थानों में सायरनों का परीक्षण किया जाएगा ताकि आम लोगों को हमले की स्थिति में सतर्क किया जा सके। स्कूलों, दफ्तरों और समुदाय केंद्रों में वर्कशॉप्स आयोजित होंगी जिनमें लोगों को गिरकर छिपने, नजदीकी शरण स्थलों का पता लगाना, प्राथमिक उपचार और मानसिक स्थिति को संभालना सिखाया जाएगा। इसके अलावा अचानक बिजली बंद कर दी जाएगी ताकि रात के समय हवाई हमले की स्थिति में शहर को दुश्मन की नजर से छिपाया जा सके। यह तकनीक आखिरी बार 1971 की बंगलादेश मुक्ति युद्ध के समय इस्तेमाल हुई थी। सामरिक इमारतों जैसे मिलिट्री बेस, संचार टावर और पावर प्लांट को छिपाने के लिए नकाबपोशी की जाएगी ताकि सैटेलाइट या हवाई निगरानी से बचा जा सके। हाई रिस्क इलाकों से लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने का अभ्यास किया जाएगा जिससे वास्तविक स्थिति में आने वाली रुकावटों को पहचाना जा सके।

दुनिया के कई देशों में नागरिकों के लिए सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य है। इनमें इजराइल, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड, रूस, चीन, नार्वे, ईरान आदि कई देश शामिल हैं। भारत में ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं है। भारत के लोग अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं तभी हर संकट की घड़ी में राष्ट्र एकजुट रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उदाहरण हमारे सामने है जिसने 1962 के युद्ध में जवानों की मदद में पूरी ताकत लगाने, सैनिक आवाजाही मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था सम्भालने, प्रशासन की मदद तथा रसद की सप्लाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1965 के युद्ध में संघ के स्वयंसेवकों ने दिल्ली की ट्रैफिक व्यवस्था को सम्भाला था और कश्मीर की हवाई पट्टियों से बर्फ हटाने का काम भी स्वयंसेवकों ने किया था। आज राष्ट्र को ऐसी ही भावना की जरूरत है। एक नागरिक के तौर पर भले ही आपने युद्ध के मैदान में नहीं जाना लेकिन आपको खुद की और लोगों की रक्षा की लड़ाई में शामिल होना है। हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह अपनी और दूसरे नागरिकों की सुरक्षा के लिए बुनियादी सिविल डिफैंस तकनीकों का प्रशिक्षण हासिल करें। देश के हर युवा तक यह संदेश पहुंचना बहुत जरूरी है-''हुंकार भर न चीत्कार कर हर घाव का प्रतिकार कर यह जग है तो निर्मम बड़ा तू शत्रु का संहार कर आघात पर प्रतिघात कर तू मात्र न संवाद कर शब्दों की भाषा न समझते उनसे तू संग्राम कर।''

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

**छात्रों को आपदा प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की दी गई जानकारी**

**देवरिया।** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में सिविल डिफेंस विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन, युद्धकालीन परिस्थितियों एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा के उपायों की जानकारी देना था, ताकि वे किसी भी संकट की घड़ी में सतर्कता और आत्मविश्वास के साथ उचित कदम उठा सकें। मॉक ड्रिल के दौरान छात्रों को आग लगने एवं दुर्घटनाओं में चोट जैसी संभावित आपदाओं से बचाव के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि आपात स्थिति में किस प्रकार धैर्य बनाए रखते हुए संबंधित विभागों से संपर्क किया जाए।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य 9 मई को सोनभद्र दौरे पर

**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय सदस्य सत्येन्द्र बारी 9 मई, 2025 को सोनभद्र जिले का दौरा करेंगे।उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, माननीय सदस्य पूर्वाह्न 11:00 बजे स्थानीय सर्किट हाउस में संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे। इसके बाद, वह दोपहर 3:00 बजे घोरावल तहसील के ग्राम कोहरथा, पोस्ट-पड़वनिया में विश्व हिन्दू परिषद के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सत्संग प्रमुख दिवाकर त्रिपाठी के यहां एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात वह अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।

## विवाहिता को सड़क किनारे डाल गए दहेज के लोभी

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद के गांव माजरा नगला मिर्जा निवासी एक महिला ने अपने ससुरालियों पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पीडिता महिला ने थाने में दी है। गांव नगला मिर्जा निवासी भावना देवी पुत्री हाकिम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी शादी करीब आठ वर्ष पूर्व जिला बुलंदशहर थाना ककोड के गांव भगवानपुर लड़ूकी निवासी डेविड पुत्र महीपाल के साथ हुई थी। शादी में मेरे मायके वालों ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। पर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मेरे पति व सास ससुर आए दिन उसके साथ उत्पीड़न व मारपीट करते हुए जानसे मारने की धमकी देते हैं। आरोप है कि बीते मंगलवार को आरोपियों ने उसे बेरहमी से मारा-पीटा और घायल हालत में एक कार में डालकर उसे बेहोशी की हालत में गांव गोपी के पास सड़क किनारे छोड़ कर चले गए हैं। मामले थाना पुलिस का कहना है कि घायल पीडिता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया है। तहरीर की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर किया खुशियों का इजहार

**नारेबाजी के साथ जुलूस निकालकर पर चलाई आतिशबाजी**



**अलीगढ़।** आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई कार्यवाही के बाद पूरे देश में खुशी की लहर है जबकि इसी उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों द्वारा खुशी का इजहार किया गया।इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा एक जुलूस सराय हकीम से बारहद्वारी तक निकाला गया जहां पर व्यापारियों ने भारत माता की जय जय कार करते हुए हाथों में तिरंगे झंडे लेकर अपने उत्साह का इजहार किया। इसके अलावा चौराहे पर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी हुई और आतिशबाजी चला कर व मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया। वहीं व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी और महामंत्री आशीष डिस्पोजल में संयुक्त रूप से कहा कि देश की 143 करोड़ जनता पूर्ण रूप से प्रधानमंत्री मोदी तथा भारतीय सेना के साथ है और आतंकवाद की लड़ाई में देश का हर एक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करेगा । ताकि इस आतंकवाद को जल्दी से जल्दी खत्म किया जा सके।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी और महामंत्री आशीष डिस्पोजल के अलावा देवेश गोयल, सतीश वार्ष्णेय, अनुज जिंदल, ह्र्देश गुप्ता, हिमांशु वार्ष्णेय, दीपेन्द्र मित्तल, ललित वार्ष्णेय, एडवोकेट मुकेश गुप्ता, डाक्टर मुकेश गुप्ता, अजय शर्मा, भुवनेश दयाल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत-गोण्डा

पत्रांक 231/ लेखा/ पंचम राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त 2025-26 दिनांक-06/05/2025

## अल्प कालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवों वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत बभनजोत गोण्डा को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना 2025-26 से निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार निविदा प्रपत्र दिनांक- 06/05/2025 से दिनांक-22/05/2025 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर अपरान्ह से प्राप्त कर सकते है। निविदायें दिनाक 22/05/2025 को अपरान्ह 03 बजे तक निविदा वाक्स मे डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन 03 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा कुटेशन की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को होगा।

| क0 सं0 | परियोजना का नाम | अदद/माप लम्बाईXचौड़ाई | प्राक्लन की धनराशि (लाख रूपए में ) | घरोहर धनराशि 2% | निविदा फॉर्म का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बक्सरिया पी0डब्लू0डी0रोड से जितेन्द्र पटेल के घर तक ख0/मि0कार्य। | 250 मी0 | 4.77 | 9540 | 500 | 03 माह |
| 2 | केशवनगरग्रन्ट पश्चिमी में पल्लू वर्मा के घर से शमशान घाट तक ख0/मि0 कार्य | 450 मी0 | 8.91 | 17820 | 500 | 03 माह |
| 3 | केशवनगरग्रन्ट में गड़हरा में गुरु बचन बी0डी0सी0 के गाँव में फागू के घर मरहीमाई के स्थान तक ख0/मि0 कार्य। | 530 मी0 | 9.96 | 19920 | 500 | 03 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत-सिगारघाट में घन्दनजोत गौशाला मोड़ से तावेपुर मोड़ तक ख0/मि0 कार्य। | 450 मी0 | 8.91 | 17820 | 500 | 03 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत-पिपराइस्माईल में प्रधान मंत्री रोड से संजय फौजी के घर तक ख0/मि0 कार्य। | 350 मी0 | 6.94 | 13880 | 500 | 03 माह |
| 6 | औराडीह पश्चिम में मतलू यादव के घर से बसन्तराम यादव के घर तक ख0/मि0 कार्य। | 400 मी0 | 7.91 | 15820 | 500 | 03 माह |
| 7 | बैजलपुर पिचरोड से पश्चिम समदहा पिचरोड सरहद तक ख0/मि0 कार्य। | 160मी0 | 3.20 | 6400 | 500 | 03 माह |
| 8 | बभनजोत गंगाराम पुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से कालीमाता मंदिर तक ख0/मि0 कार्य। | 350 मी0 | 6.94 | 13880 | 500 | 03 माह |
| 9 | घारीघाट में पी0डब्लू0डी0 रोड से रंगीलाल के घर तक ख0/मि0 कार्य। | 250मी0 | 4.97 | 9940 | 500 | 03 माह |
| 10 | केशवत्रगर ग्रन्ट में पूर्वी पानी टंकी से जयप्रकाश के गांव तक ख0/मि0 कार्य। | 300मी0 | 5.96 | 11920 | 500 | 03 माह |
| 11 | मझवातोंग में प्रा0वि0 से पिचरोड तक ख0/मि0 कार्य। | 530मी0 | 9.94 | 19880 | 500 | 03 माह |
| 12 | मझारी में बहरैची बाग से इस्लामपुर सरहद तक ख0/मि0 कार्य। | 450 मी0 | 8.80 | 17600 | 500 | 03 माह |
| 13 | मिसरौली पुरवा से खण्ठजा सड़क से सुग्रीव के बाग तक ख0/मि0 कार्य। | 400 मी0 | 7.93 | 15860 | 500 | 03 माह |
| 14 | पंचायत भवन सबना से पूरब दिशा में एस0एम0एल0सी0 स्कूल सबना से होते हुये कोमल यादव के चक तक ख0/मि0 कार्य। | 531 मी0 | 9.98 | 19960 | 500 | 03 माह |
| 15 | पी0डब्लू0डी0 रोड से भरडीह बस्तीखास रंगीलाल के घर तक ख0/मि0 कार्य। | 530 मी0 | 9.96 | 19920 | 500 | 03 माह |
| 16 | सीतारामपुर ग्रन्ट में पी0डब्लू0डी0 तिलहवा मोंड से गंगापुर तक 70/मि0 कार्य। | 530मी0 | 9.96 | 19920 | 500 | 03 माह |
| 17 | ग्राम सभा करवाखास में पक्की सड़क से गीता वर्मा के चक तक ख0/मि0 कार्य। | 150 मी0 | 3.01 | 6020 | 500 | 03 माह |
| 18 | मोहम्मदपुर प्रा0वि0 से पी0डब्लू0डी0 रोड तक ख0/मि0 कार्य। | 450 मी0 | 8.92 | 17840 | 500 | 03 माह |
| 19 | ग्राम पंचायत रसूलपुर खान में फरीद बाबा के मजार के बगल से सोहरत प्रसाद के घर के किनारे से दक्षिण पक्की सड़क तक ख0/मि0 कार्य। | 350 मी0 | 6.94 | 13880 | 500 | 03 माह |
| 20 | कंशवनगर प्रन्ट पश्चिमी विशेषर डीह प्रधानमंत्री रोड से मनोज के घर तक ख0/मि0 कार्य। | 150 मी0 | 3.01 | 6020 | 500 | 03 माह |
| 21 | बस्तीखास में खुशियालीजोत शिवपूजन के घर से मूरत के चक तक खण्ड़जा/मि0 कार्य | 300 मी0 | 5.94 | 11880 | 500 | 03 माह |
| 22 | विकास खण्ड के दोनो गेट का जीर्णोद्वार/उच्चीकरण कार्य | 02 अदद | 9.88 | 19760 | 500 | 03 माह |
| 23 | कूकनगर ग्रन्ट में रामदासीडीह अन्नू प्रधान के घर से उत्तर लालमन के घर तक सी0सी0रोड निर्माण | 200मी0 | 9.28 | 18560 | 500 | 03 माह |
| 24 | बैजपुर पी0डब्ल0डी0 रोड से गयालाल के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण | 214 मी0 | 9.98 | 19960 | 500 | 03 माह |
| 25 | बकवादरगाह में अल्लीपुर मुख्यमार्ग से राजकुमार के घर से श्यामलाल के घर तक सी0सी0रोड निर्माण | 100 मी0 | 4.66 | 19940 | 500 | 03 माह |
| 26 | ग्राम पंचायत भानपुर में भगेलू गौतम के घर से राजेश गौतम के घर तक सी0सी0रोड निर्माण | 215मी0 | 9.98 | 19900 | 500 | 03 माह |
| 27 | तुर्काडीह में शिवराम के घर से मुगरू प्रजापति के घर होते सी0सी0रोड निर्माण | 253मी0 | 9.98 | 19940 | 500 | 03 माह |
| 28 | ब्लाक परिसर के दोनों गेट के सामने नाली के ढक्कन निर्माण | 100 मी0 | 2.10 | 19880 | 500 | 03 माह |
| 29 | ब्लाक परिसर मे नाली निर्माण कार्य | 100 मी0 | 4.18 | 19940 | 500 | 03 माह |
| 30 | ब्लाक परिसर में ( दोनो गेट के सामने ) इंटरलाकिंग कार्य | 90मी0 | 7.55 | 19940 | 500 | 03 माह |
| 31 | नौवा गांव में अजय के खेत से पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग कार्य | 263मी0 | 9.98 | 19900 | 500 | 03 माह |
| 32 | ग्राम पंचायत में पश्चिमी बिजहरिया लेखपाल के घर से शिवप्रसाद के चक तक इंटरलाकिंग कार्य | 222 मी0 | 9.98 | 940 | 500 | 03 माह |
| 33 | मढ़वायुजुर्ग में मंगरे के घर से बरसाती नाई के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 222मी0 | 9.98 | 19760 | 500 | 03 माह |
| 34 | खम्हरिया बुधनी बाजार पिचरोड से ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल तक इंटरलाकिंग कार्य | 175मी0 | 9.08 | 19780 | 500 | 03 माह |
| 35 | विकास खण्ड परिसर में 115 मी0 तिरंगा निर्माण / स्थापना कार्य | 01 अदद | 9.99 | 19760 | 500 | 4 माह |
| 36 | ब्लाक परिसर के बाहर सेल्फी प्याइन्ट निर्माण कार्य | 01 अदद | 8.00 | 19760 | 500 | 4 माह |

**निविदा हेतु निर्धारित शर्ते –**

1. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं उपरोक्तानुसार कॉलन में अंकित धरोहर की धनराशि का 2 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0/ बैंक ड्राफट् के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी, बभनजोत, गोण्डा के पक्ष में बंधक होगा। शेष धरोहर धनराशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय होगा अथवा कटौती कर ली जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग / परिलेखन मान्य नही होगा।
4. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको एवं शब्दो मे लिखना होगा।
5. बिना कोई कारण स्पाष्ट किये निविदा को स्वीकृत अथया अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. निविदादाता को निविदा के साथ टी-6 बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, पंजीकृत प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।

**ओम प्रकाश यादव**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**बभनजोत-गोण्डा।**

**मधुलिका पटेल**
**ब्लॉक प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत-बभनजोत, गोण्डा।**

# आतंकवादियों के मारे जाने पर हर्ष, फोड़े गए पटाखे

**स्वतंत्र प्रभात**



**कुशीनगर।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 9 आतंकी ठिकानों पर देर रात ड्रोन और मिसाइल हमला कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत की नींद सुला देने की खबर मिलते ही पूरे देश मे उत्साह और उमंग की लहर दौड़ पड़ी। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने समर्थकों और युवा साथियों के साथ पटाखों और आतिशबाजियों के बीच पूरे नगर में भारत माता के जयकारों के साथ रैली निकाली। सैंकड़ों की संख्या में आये उत्साही युवकों के नारों और आतिशबाजियों के बीच नगर का हर क्षेत्र भारतीय सेना की जयजयकार के नारों से गूँज उठा। पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल के साहबगंज स्थित निज निवास से धर्मशाला रोड होते हुए तिलक चौक, कोतवाली रोड, कसेरा टोली चौक, जलकल भवन, सुभाष चौक, रामकोला रोड, बावली चौक, साहबगंज होते हुए यात्रा का समापन हुआ। मीडिया द्वारा बातचीत के क्रम में नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि कल देर रात हुई कार्यवाही से भारतीय सेना ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि हमारी तरफ आंख उठाने वाले को हम मिट्टी में मिलाने का सामर्थ्य रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित तीनों सेनाओं के सेनानायकों और वीर भारतीय सैनिकों को इस बड़ी कार्यवाही का सूत्रधार बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश आज सुरक्षित हाथों में है। बीते दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को धार्मिक आधार पर चुनचुन कर हत्या करने के बदले की कार्यवाही में 9 ठिकानों पर हमला व 100 से अधिक जिहादियों को मिट्टी में मिलाने को संतोषजनक बताने के साथ ही उन्होंने कहा कि अभी ये शुरुआत मात्र है। आने वाले दिनों में इस तरह की और बड़ी कार्यवाही होनी है और चुन चुन कर सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की रणनीति पर सरकार काम कर रही है। इस दौरान उनके साथ कुंदन सिंह, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, दिव्यांश शर्मा, हरिमोहन जायसवाल,गौरव रौनियार, कुलदीप जायसवाल, मानस मिश्र, रामु पाण्डेय, रितेश जायसवाल,संजय साहा, भोलू यादव, विनय गौड़, अमन मोदनवाल, संतोष यादव, दीनदयाल मद्धेशिया, अजय जायसवाल, रवि शर्मा, भोला साहा, सन्नी सिंह, आशीष गुप्ता, अरुण सिंह, विनय मद्धेशिया, अनूप गौड़, अजय शर्मा, अभय मारोदिया, जय वर्मा, अंशु जायसवाल, दिनेश यादव, पिंटू साह, समीर चौधरी, हरिन्द साह, बबलू शर्मा, छोटू साह, अमर शर्मा, मनीष सिंह, सुगंध सिंह, केदार गुप्ता, मुरारी पटेल, संजय सिंघल, सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक व आमजन उपस्थित रहे।

## खजनी में देशभक्ति का ज्वार- 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर BJP कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, गूंजे भारत माता के जयकारे

**स्वतंत्र प्रभात**



**ख़जनी-गोरखपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसी 'ऑपरेशन सिंदूर 'की सफलता पर देशभर में जश्न का माहौल है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को गोरखपुर के खजनी चौराहे पर एक अलग ही उत्साह देखने को मिला, जब बीजेपी कार्यकर्ता और स्थानीय व्यापारियों ने मिलकर वीर जवानों की जीत का जश्न मनाया। खजनी बाजार में देशभक्ति के रंग में रंगे सैकड़ों कार्यकर्ता मिठाइयां बांटते नजर आए। 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'भारतीय सेना अमर रहे 'जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। स्थानीय लोग भी इस जोश से सराबोर माहौल में झंडे लहराते हुए शामिल हो गए। इस कार्यक्रम की अगुवाई खजनी मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्रा ने की। उन्होंने कहा, "यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक नीति का प्रतीक है। हर भारतीय आज गर्व से सिर ऊंचा किए हुए है।" पूर्व मंडल उपाध्यक्ष धरनी धर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष हरिकेश राम त्रिपाठी और वरिष्ठ नेता हृदय नारायण पांडेय व भाजपा नेता प्रेम शंकर मिश्रा, अनिल पांडेय सोमनाथ पांडेय , राहुल राम त्रिपाठी मिश्रा समेत कई गणमान्य नेता भी कार्यक्रम में मौजूद थे। सभी ने एक सुर में भारतीय सेना के शौर्य और सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति की सराहना की। कार्यकर्ताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर 'को आतंक के विरुद्ध निर्णायक प्रहार बताते हुए कहा कि इसने भारत के दुश्मनों को स्पष्ट संदेश दे दिया है—अब बर्दाश्त नहीं, सीधा जवाब मिलेगा। खजनी चौराहे पर उमड़ा यह देशभक्ति का जनसैलाब सिर्फ एक जश्न नहीं, बल्कि एक संकल्प था—राष्ट्र की रक्षा के लिए हर भारतीय एकजुट है।

## गोंडा नगर में अधूरे निर्माण पर डीएम की सख्ती, ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

**● गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहे तक अधूरे कार्य पर डीएम ने जताई नाराज़गी, मानसून से पहले काम पूरा करने का निर्देश**

**डीएम नेहा शर्मा का नगर भ्रमण, अधिशासी अधिकारी को दिए कड़े निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोण्डा नगर में अधूरे सौंदर्यीकरण और इंटरलॉकिंग कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को बुधवार को कड़े निर्देश दिए हैं। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक स्वीकृत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी किया जाए और स्वीकृत कार्य को अविलंब प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रयुक्त निर्माण सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और समस्त कार्य मानसून से पहले पूर्ण कर लिया जाए।बता दें, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार की शाम नगर का भ्रमण किया था। इस दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक स्वीकृत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है । इंटरलॉकिंग हटाने के बाद सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही जो इंटरलॉकिंग सामग्री साइट पर स्टोर की गई है, उसकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाई गई।अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि वे ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें और कार्य की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि एक मजिस्ट्रेट को दैनिक पर्यवेक्षण के लिए नामित किया जाए और वे स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण करें।

# जिले के उच्च अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी नहीं खाली हो सका सरकारी जमीन से अवैध कब्जा

**● जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं मण्डलायुक्त से शिकायत करने के बाद भी नहीं खाली हो सकी सरकारी जमीन से अवैध कब्जा**

**आइजीआरएस संख्या- 40018325008520 पर प्रधान पति द्वारा आरोप लगाया गया की झूठी रिपोर्ट लगाकर मामले को इतश्री किया गया**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** दबंग का दबदबा कायम विभागीय अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी नहीं खाली हो सका सरकारी जमीन से अवैध कब्जा विकासखंड रुपईडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरवरतारा मजरा रमनगरा में प्रधान पति भूपेंद्र कुमार ने सरकारी जमीन को खाली करने के लिए लगाई अधिकारियों से गुहार 2 ग्राम पंचायत को जोड़ने वाली सड़क पर पिछले लगभग 40 वर्षों से अवैध कब्जा प्रधान पति कहा कि 15 दिन बीत गए पर ना हुई कोई सुनवाई उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी तथा मंडल आयुक्त को प्रार्थना पत्र आइजीआरएस पर भी शिकायत पर कानूनगों लेखपाल द्वारा लगाई गई झूठी रिपोर्ट और शासन को किया गुमराह पूरा मामला विकासखंड रुपईडीह ग्राम पंचायत पिरवरतारा मजरा रमनगरा के अंतर्गत गाटा संख्या 55, 140 और 141 जो की सरकारी चक मार्ग तथा नाली है जिसपर पिछले 40 वर्षो से दबंगों का अवैध कब्जा है जिसको खाली करवाने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक सरकारी जमीन से नहीं हटा अवैध कब्जा।जिस पर क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र प्रसाद द्वारा इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है । जो सड़क अभी निर्माणाधीन है तथा अवैध कब्जा होने के कारण सड़क का निर्माण रुका हुआ है जिसको लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा भी इस संबंध में जिले के उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी सड़क से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है लेकिन अभी तक उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**लेखपाल ने लगाई आईजीआरएस पर झूठी रिपोर्ट**

प्रधान पति द्वारा आईजीआरएस 40018325008520 पर की गई शिकायत के संदर्भ में हल्का लेखपाल आलोक कुमार चौरसिया तथा कानूनगों देवी प्रसाद द्वारा 22 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट लगाई गई जिसमें उन्होंन दिखाया कि शिकायत पत्र की स्थलीय एवं अभिलेख की जांच किया गया जांच उपरांत पाया गया की गाटा संख्या 54 चक मार्ग खाते में दर्ज अभिलेख है जिसका राजस्व निरीक्षक व राजस्व टीम तथा पुलिस टीम के साथ सीमांकन कर दिया गया है तथा जिसका पटाई के लिए ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया है जिसे एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू हो जाएगा जबकि प्रधान नीलम द्वारा बताया गया कि हमें इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गई है कानूनगों तथा लेखपाल द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर दबंग को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि किस तरीके से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने में कहीं ना कहीं विभागीय अधिकारियों की भी संलिप्त दिखाई पड़ रही है जिस पर प्रधान पति द्वारा जांच व संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में कानूनगो देवी प्रसाद व हल्का लेखपाल से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## संक्षिप्त खबरें

### आपातसति में बचाव के टिप्स दिए प्रधानाचार्य ने



**बरेली**/भदपुरा स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रुद्रमन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांक ड्रिल की पहल की, उन्होंने ग्रामीण लोगों को विस्तार से समझाया कैसे आपात स्थिति में किस तरह किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए क्या-क्या कदम उठाने चाहिए,उन्होंने ग्रामीणों को समझाया की सबसे पहले हमले की भनक लगते ही तुरंत तहखाना आश्रय केंद्र या सबवे में ऐसे किसी सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी चाहिए। आसपास कोई अगर आश्रय नहीं मिलता तो मजबूत दीवारों और बिना खिड़कियों वाली इमारत में भी छिपा जा सकता है हवाई हमले की चेतावनी रद्द होने तक आप जिस सुरक्षित स्थान पर हैं वहीं रहेंगे। आप अपने साथ जरूरी सामान जैसे पानी, खाना, दवा, टॉर्च इत्यादि की व्यवस्था पहले से ही करके चलें। रात्रि मे कोई प्रकाश बाहर ना जाये, घरों मे मोटे परदे व काले कागज खिड़कियों पर लगाए,प्राचार्य जी ने बताया। युद्ध को ले कर ग्रामीण अंचल मे भी देश भक्ति का जनून सब पर दिख रहा है, पूरा देश इस समय एक जुट खड़ा है और देश के युवा सेना प्रशासन को सहयोग के लिये हर समय उपलब्ध है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओमेन्द्र, महाविद्यालय सें डॉ बृजेश, डॉ प्रीती गुप्ता, डॉ बबिता, डॉ निर्भय, डॉ रमेश निषाद,डॉ संतोष, तथा वीरेंद्र, सूरजपाल बहुत सें ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में तीन घायल 2 युवक 1 युवती, एक की हालत गंभीर



**गोला गकर्णनाथ-खीरी।** गोला अलीगंज रोड हरिश्चंद्र महाविद्यालय के ठीक सामने 10:35 के करीब हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जानकारी के अनुसार ग्राम कमलापुर निवासी विद्याराम पुत्र सूबेदार, मंजू देवी पत्नी विद्याराम, मनोज कुमार पुत्र सीताराम बहेरा गोला देहात निवासी थाना गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर-खीरी। ट्रैक्टर ने मारी जोर दार टक्कर और सड़क पर लापरवाही के चलते हुआ बड़ा हादसा । घायलों को 112 कि मदद से (सीएससी) लाया गया, जहा पर तीनों का इलाज डॉक्टरों की टीम के द्वारा किया जा रहा है।

### हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई




**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने घंटाघर लकड़ी मंडी निवासी हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। समाज में भय व्याप्त करने लोगों से गाली गलौज और अनैतिक दवाव बनाकर गलत कार्यो करने को लेकर यह कार्रवाई की गई है।हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा पर सदर बाजार कोतवाली में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं अभी हाल ही में सदर बाजार पुलिस ने मारपीट के मामले में हिस्ट्रीशीटर को जेल भेजा था जेल से आने के बाद हिस्ट्रीशीटर ने वही पुराना रवैया अख्तियार कर लिया था और लोगों को ऐलानियां धमकी देकर डराने का काम करता था जिससे कोई भी व्यक्ति उसके खिलाफ पुलिस ने शिकायत करने से डरता था। सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा की फाइल जिलाधिकारी को भेजते हुए कहा था कि समाज के लिए खतरा है जिस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संज्ञा लेते हुए हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए छह माह जनपद से बाहर रहने का आदेश जारी कर दिया है। कोतवाली पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा को नोटिस तामील कर जानकारी दे दी गई है डीएम ने आदेश में कहा है की हिस्ट्रीशीटर अमित शर्मा जनपद से बाहर जिस थाना क्षेत्र में रहेगा वहां की कोतवाली में सप्ताह में जाकर हाजिरी लगायेगा और वहां का पता सम्बंधित थाने में दर्ज करवायेगा जिससे पुलिस उसकी गतिविधियों पर नजर रख सके।

# सुरक्षा सिर्फ जिम्मेदारी नहीं आदत बनानी होगी-डी.एम. दुर्गा शक्ति नागपाल

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर- (खीरी)**लखीमपुर खीरी 07 मई। खतरे बताकर नहीं आते लेकिन तैयारी हमें हर आपदा से पहले खड़ा कर सकती है। इसी सोच के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में आज एक विशेष मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने सीखा कि संकट की घड़ी में क्या करना है और सबसे पहले क्या नहीं करना है।इस जागरूकता कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एएसपी पवन गौतम, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा ने एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, शिक्षकगण और अनेक विद्यालयों के उपस्थित छात्र-छात्राएं को जागरूकता पोस्टर वितरित किए।

**सुरक्षा सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, आदत बनानी होगी- डीएम**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बच्चो ये वह क्षण है जहाँ आप यह सीखते हैं कि आपात स्थिति में कैसे शांत रहें, दूसरों की मदद करें और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखने की भूमिका निभाएं। हर छात्र, हर शिक्षक और हर नागरिक अगर अपनी जिम्मेदारी को समझे और निभाए तो किसी भी चुनौती को हम मिलकर सामना कर सकते हैं। इस अभ्यास को गंभीरता से लें, इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, और सबसे अहम जो सीखा है उसे दूसरों को भी सिखाएं। क्योंकि जब पूरा समाज तैयार होता है, तब कोई संकट बड़ा नहीं होता।

**ये खेल नहीं... तैयारी है!- एसपी**

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का असली मकसद सिर्फ एक्टिंग करना नहीं, बल्कि हमारे दिमाग को तैयार करना है ताकि जब असली संकट आए, तो हम घबराएं नहीं, सही फैसले लें। हर छात्र को पता होना चाहिए कि सायरन बजे तो उसे कहां जाना है। बाई ओर, दाई ओर या खुले मैदान में। सिर्फ खुद ही न जानें, बल्कि जो सीखा है उसे अपने परिवार, पड़ोसियों और दोस्तों तक भी पहुंचाएं। क्योंकि सुरक्षा की शुरूआत जानकारी से होती है। हम चाहते हैं कि ये अभ्यास स्कूल जीवन का हिस्सा बने। हर स्कूल में महीने में कम से कम एक बार, बिना पूर्व सूचना के ऐसी ड्रिल जरूर हो, ताकि जिम्मेदारी, सतर्कता और सुरक्षा, सबका अभ्यास बना रहे।



**अफवाह से नहीं, नेतृत्व से मिलेगी सुरक्षा- सीडीओ**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि आपदा की घड़ी में सबसे घातक चीज होती है अफवाह। इसलिए बिना पुष्टि की खबरों को न मीडिया में फैलाएं, न सोशल ग्रुप्स में शेयर करें।हर कक्षा में दो-तीन छात्र ऐसे होने चाहिए जो संकट में नेतृत्व संभाल सकें। कौन दिशा देगा, कौन निकासी सुनिश्चित करेगा, कौन अंतिम व्यक्ति तक देखेगा। यह अभ्यास केवल सुरक्षा का नहीं, लीडरशिप का भी है। जब हर छात्र जानता है कि संघर्ष की घड़ी में क्या करना है,तो वही छात्र आगे चलकर समाज को भी दिशा दे सकता है।कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित और संयमित प्रतिक्रिया सिखाना था।

# कुटीर उद्योग का रूप ले रहा अवैध कच्ची शराब का धंधा...

**● जिम्मेदार विभागों की सरपस्ती में धधक रही अवैध कच्ची शराब की भट्टियां....**

**जनपद में तैनात रहे पूर्व के अधिकारियों द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध बड़े पैमाने पर रोकथाम हेतु चलाया जाता था धरपकड़ अभियान जिससे कच्ची शराब पर काफी हद तक लगा था अंकुश**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर-** आबकारी क्षेत्र सदर के अंतर्गत आने वाले गांव में धड़ल्ले से बन रही अवैध कच्ची शराब,फल फूल रहा है कारोबार, आबकारी विभाग व पुलिस के द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता था जिससे कच्ची शराब बनाने वालों में भय था लेकिन अब धीरे-धीरे उच्च अधिकारियों द्वारा भी उदासीनता बरती जा रही है जिससे कच्ची शराब बनाने वालों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और बेफिक्र होकर बेधड़क बना रहे हैं कच्ची शराब।जब कहीं किसी जनपद में कच्ची शराब पीने से मौत की घटना होती है तो फिर जागते हैं जनपद के अधिकारी और शुरू होता है कच्ची शराब के विरुद्ध महा अभियान, और फिर कुछ दिन के बाद हो जाता है फुस्स।विश्वसनीय सूत्र बताते हैं सदर क्षेत्र में आबकारी विभाग की मिली भगत से धधक रही है कच्ची शराब की भट्टियां आखिर इन पर कब लगेगी लगाम?? आबकारी या पुलिस विभाग लगाएगा अंकुश?

**सदर क्षेत्र में लंबे समय से तैनात हैं आबकारी इंस्पेक्टर अवधेश यादव-** सूत्र बताते हैं सदर आबकारी विभाग में तैनात मुख्य आरक्षी राम सिंह पर कई बार लग चुके हैं अवैध वसूली के आरोप फिर भी डटे हुए हैं अभियान में, आबकारी विभाग से लेकर जिम्मेदार विभागों के मुखिया शायद बड़ी घटना होने का कर रहे इंतजार है,उसके बाद ही चलाया जायेगा अभियान और होगी कच्ची के खिलाफ कार्यवाही।

## हाई स्कूल परीक्षा में कालेज की टापर छात्रा रिया पटेल को सम्मानित करते हुए डॉ कौशल वर्मा



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ- खीरी।** प्रतिभाशालियों को सम्मानित करने के क्रम में सनशाइन ग्रुप आफ हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा की टीम ने नगर के कृषक समाज इंटर कालेज की हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाली प्रतिभाशाली छात्रा रिया पटेल को उसके घर जाकर सम्मानित किया है।ग्राम पंचायत अहमदनगर के ग्राम चठिया पहुंची सनशाइन हॉस्पिटल की टीम ने रिया पटेल को मिठाई,शील्ड व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया है। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में पढ़ाई कर सफल हुई छात्रा अपनी सफलता के लिए अपने पिता उमेश कुमार वर्मा माता पिंकी देवी व कालेज के गुरुजनों का मार्गदर्शन और योगदान मानती हैं। उसने 92त्न नंबर हासिल किए हैं। वह आगे नीट की तैयारी कर सफलता हासिल करना चाहती है।डॉक्टर कौशल वर्मा ने बताया कि शिक्षा जीवन व व्यक्ति की परिचायक है। इसलिए वह हर किसी को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रा का मार्गदर्शन किया और भविष्य में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। सनशाइन हॉस्पिटल की टीम इसके पहले भी कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान कर चुकी है। टीम ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जरूरतमंदों को सैकड़ो निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाकर हजारों जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ दे चुकी है।इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य लखपति राम वर्मा, पटेल संस्थान के पूर्व अध्यक्ष आनंद वर्मा, पारस वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज सिंह, एडवोकेट सुरेश चंद्र कनौजिया, रूप राम वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, इंजीनियर अभिषेक वर्मा, सरोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम -एसपी ने की नेतृत्व की निगरानी

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर (खीरी)** लखीमपुर खीरी 07 मई। वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्रीय आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ करने हेतु भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा के नेतृत्व और निगरानी में एक अभूतपूर्व और अत्यंत यथार्थपरक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।ड्रिल में सिविल पुलिस, अग्निशमन दल, स्वास्थ्य विभाग और वायरलेस यूनिट की संयुक्त भूमिका को सक्रिय किया गया। फाइटर प्लेन के हमले की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सायरन बजा दिया गया। वायरलेस टीम ने तुरंत सभी संबंधित इकाइयों को सूचना दी। अल्प समय में फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया, वहीं मेडिकल टीम ने घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस बल ने क्षेत्र को सुरक्षित घेराबंदी में लेकर राहत व बचाव अभियान चलाया। पूरे ऑपरेशन में रिस्पांस टाइम को विशेष रूप से मापा गया, जिससे विभिन्न विभागों की तत्परता का आकलन किया जा सके।

**परिकल्पना- जब हमला हुआ...** सुबह के समय, पुलिस लाइन स्थित रिहायशी बैरक में "शत्रु देश के फाइटर प्लेन द्वारा बम गिराए जाने" की परिकल्पना के तहत यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस आभासी हमले के दौरान बैरक में सो रहे पुलिसकर्मी "घायल" हुए, कुछ की गंभीर आकस्मिकता की आशंका भी दर्शाई गई। इस अप्रत्याशित आपदा ने पूरे परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न कर दी और प्रशासन की तत्परता की असली परीक्षा शुरू हुई।

**एक-एक सेकंड की थी कीमत- ऐसे चला रेस्क्यू ऑपरेशन-** विस्फोट के तुरंत बाद क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित हुआ। पुलिस वायरलेस कंट्रोल से आपदा की सूचना सभी संबंधित यूनिट्स को दी गई। सूचना पर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए तीनों प्रमुख आपात इकाइयों का सक्रिय आगमन हुआ। फायर ब्रिगेड की टीम ने जलती बैरकों में प्रवेश कर आग बुझाई। सिविल पुलिस ने क्षेत्र को सुरक्षित कर, जनता के प्रवेश पर नियंत्रण किया। स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस और चिकित्सकीय टीमें मौके पर पहुंची और घायल कर्मियों को त्वरित प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर किया। आपसी समन्वय, रेडियो कम्युनिकेशन और ग्राउंड रिस्पांस ने साबित कर दिया कि प्रशासन हर संकट के लिए सजग और सशक्त है।




**डीएम-एसपी ने की नेतृत्व और निगरानी-** पूरे अभियान की कमान संभाले रही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा न केवल निगरानी कर रही थे, बल्कि पल-पल के निर्णयों का मूल्यांकन भी कर रहे थे। वही वायरलेस सेट पर मुस्तैद रहकर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी प्रकाश कुमार ने पूरी मॉक ड्रिल का सफल संपादन भी किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वास्तविकता के जितना निकट अभ्यास होगा, आपदा के समय डर उतना ही कम होगा। यह ड्रिल हमारी टीमों की सजगता और साहस का परिचायक है। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि हर यूनिट का समय पर पहुँचना, संयोजन, और सक्रिय भागीदारी हमारी शक्ति है। यह मॉक ड्रिल नहीं, हमारी संकल्पशक्ति का अभ्यास था।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी सहित मॉक ड्रिल से संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

### अपना दल एस की मासिक बैठक हुई संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** अपना दल एस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष मनोज वर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला महासचिव बरकत अली अंसारी आदि वक्ताओं ने दल का विस्तार करने व पार्टी की विचारधारा पर प्रकाश डाला। इसी के साथ बैठक को जिला अध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला महासचिव दीपकांत मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जावेद अंसारी, कलीम कुरैशी, वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र पटेल, गोला विधानसभा अध्यक्ष आशिकर वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव पटेल, जिला सचिव अयूब सिद्दीकी, आदि वक्ताओं ने मंच को संबोधित किया। आयोजित बैठक में जिला कोषाध्यक्ष अनुराग वर्मा, विधि मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रूपराम वर्मा, जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच अनिल वर्मा, किसान मंच जिला अध्यक्ष रईस खान, चिकित्सा मंच जिला अध्यक्ष डॉक्टर कमलेश वर्मा, जिला अध्यक्ष छात्र मंच दिव्यांग वर्मा, जिला सचिव अनूप वर्मा, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद इस्लाम, ताज मोहम्मद, सुशील वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, अजय वर्मा, श्रवण वर्मा,सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चे ने पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाया, तो युवकों ने घोंपा चाकू

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर** जनपद में एक बच्चे ने जश्न मनाते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाया। तो यह देख दो विशेष समुदाय के युवक भड़क गए। युवकों ने बच्चे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बच्चा घायल हो गया,उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने हमलावर युवकों की पिटाई कर दी। उसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल घटना पुवायां गल्ला मंडी की है जहां धर्मांगदापुर का रहने वाला 8 साल का सुरजीत अपने पिता के साथ गल्ला मंडी आया था.पुवायां नवीन गल्ला मंडी में ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकियों पर की गई एयर स्ट्राइक की चर्चा हो रही थी इसी दौरान सुरजीत ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद नारे लगा दिए। उसकी इस बात पर वहां मौजूद दो युवक नाराज हो गए और नारा लगाने वाले युवक सुरजीत की पिटाई कर दी।इसके साथ ही सुरजीत पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया



हमले में सुरजीत के हाथ पर लगे चाकू से गहरा घाव हो गया,जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद वहां काम कर रहे मजदूरों ने दोनों हमलावरों की पिटाई करते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।उपरोक्त घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू युवा संगठन भारत के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और अपने संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्रा को भी मौके पर बुला लिया. घटना के बाद हिंदू युवा संगठन भारत के कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और पीड़ित परिवार के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे। हिंदू युवा संगठन भारत के अवनीश मिश्रा ने कहा कि एक बच्चे ने जब अपने देश की



भारतीय सेना की कार्यवाही पर हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाया तो देश में छुपे गद्दारों नें बच्चे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया ऐसे गद्दारों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर दी गई तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## इंडो नेपाल सीमा पर तैनात संयुक्त सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लैग मार्च कर कड़ी चौकसी बढ़ाई



स्वतंत्र प्रभात

**गौरी फंटा खीरी।** अति संवेदनशील कही जाने वाली इंडो नेपाल की खुली सीमा पर सुरक्षा की दृष्टि से सीमा पर तैनात संयुक्त सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लैग मार्च कर सघन चेकिंग अभियान चलाया। उल्लेखनीय हैं भारत पाकिस्तान के करवट बदलते हालातों के मद्देनजर मिशन सिंदूर के तहत पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भारतीय सेनाओं द्वारा सैन्य कारवाही की जा रही है जिसमें भारतीय सेना के जाबांज सिपाहियों ने पाकिस्तान के कई आतंकी संगठनों के आकाओं सहित प्रमुख ठिकानों को धराशाही कर दिया है जिसके चलते पाकिस्तान की सरजमीं पर हड़कंप मचा हुआ है। जिसके चलते केंद्र व राज्य सरकार ने इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सजग पहरेदारों को हाई अलर्ट जारी करते हुए कड़ी चौकसी बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए हैं जिसके फलस्वरूप सीमा पर तैनात संयुक्त सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लैग मार्च करते हुए मुस्तैदी बढ़ा दी है इसके साथ ही राष्ट्र हित में अग्रिम भूमिका निभाने वाली गुप्तचर एजेंसियों ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पूर्ण रूप से कमर कस ली है ताकि राष्ट्र विरोधी मंसूबे पालने वालों ध्वस्त किया जा सके। इस दौरान एस एस बी, कस्टम, पुलिस एवं गुप्तचर एजेंसियों के अधिकारियों सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

# हिंदू जागरण मंच ने पटाखे फोड़ कर लड्डू बांटे

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर** जनपद में बुधवार को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर लड्डू बांटे और हिंदुस्तान जिंदाबाद भारतीय सेना जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर जश्न मनाया. इस दौरान हिंदू जागरण मंच के राजेश अवस्थी ने कहा कि जब हम अपने घर का मुखिया मजबूत बनाते हैं तो उसी पर विश्वास रखना चाहिए और इसीलिए देश आज मजबूत हाथों में है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारतीय सेना के पास गोला बारूद नहीं हुआ करते थे लेकिन आज भारतीय सेना इतनी मजबूत है कि पाकिस्तान अगर फुस्स भी करेगा तो उसे चंद घंटे में ही मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा। इस समय भारतीयों के साथ-साथ सेना का भी हौसला बुलंद है क्योंकि अब सेना को आदेश लेने की जरूरत नहीं पड़ती घर में घुसकर मारती है जिसका उदाहरण बीती रात देखने को मिला ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों को जन्नत की सैर करवाई गई है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से पहलगाम में निर्दोष भाइयों की हत्या की गई बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया गया उन आतंकवादियों को चिन्हित करके प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर उन्हें जहन्नुम पहुंचाने का काम भारतीय सेना द्वारा किया गया है. जिससे पूरे देश में जश्न का



माहौल है और शाहजहांपुर में भी हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया है. हमें भारतीय होने पर गर्व है और भारतीय सेना के शूरवीरों पर भी गर्व है।

## पुलिस लाइन पर आतंकवादी हमले और उनकी गिरफ्तारी का हुआ रिहर्सल

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर-** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में पाकिस्तानी गतिविधियों को देखते हुए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन पर आतंकवादी हमला दिखाते हुए तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का रिहर्सल किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में आतंकवादी हमले का रिहर्सल और पुलिस कर्मियों द्वारा बचाव कार्य के साथ आतंकवादियों की गिरफ्तारी का रिहर्सल किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया और तीन आतंकवादियों की गिरफ्तारी का अभिनय किया गया।





पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तानी गतिविधियों को देखते हुए जनपद में पुलिस विभाग सजग है और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि 7 मई 2025 को भारत में एक राष्ट्रव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य युद्ध जैसी आपात स्थितियों में देश की तैयारियों का आकलन करना था। इस मॉक ड्रिल में 244 जिले शामिल थे,जिनमें सरकारी एजेंसियां, आपातकालीन सेवाएं और आम जनता भी शामिल थी।

### 10 मई तक शत-प्रतिशत मृदा नमूना एकत्रित करके मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में कराए उपलब्ध- उप कृषि निदेशक

**रायबरेली,** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत National Project on soil Health and Fertility (NPSHF) कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद में चयनित 360 ग्राम पंचायतों में मृदा नमूने एकत्रित करने का अभियान प्रगति पर है। जनपद में खरीफ 2025 के लक्ष्य 25200 मृदा नमूनों के सापेक्ष 22000 से अधिक मृदा नमूने एकत्रित कर जनपद रायबरेली प्रदेश में प्रथम स्थान पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिये गये है कि यह 10 मई 2025 तक शत-प्रतिशत मृदा नमूना एकत्रित करके मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में उपलब्ध करा दे। साथ ही इनके परीक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, प्रयास किया जा रहा है कि खरीफ की फसल की बुवाई से पूर्व ही कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करा दिये जाये। मृदा परीक्षण के परिणाम के आधार पर संस्तुतियों सहित खरीफ की फसल में मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग किया जाये।

## राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा किया गया हनुमान चालीसा पाठ

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** मोहल्ला राजेंद्र नगर में तहसील उपाध्यक्ष विजय तिवारी द्वारा चलाए जा रहे श्री हनुमान चालीसा केंद्र में मंगलवार को जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने कई पदाधिकारी के साथ सामूहिक चालीसा का पाठ किया।जिसमें जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष पंडित ऋतुराज शर्मा,जिला संयोजक अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद अशोक जायसवाल,गोला विधानसभा अध्यक्ष आकाश बजरंगी सहित दर्जनों उपस्थित रहे।वही बांकेगंज रोड पर स्थित हनुमान मंदिर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के नगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन के बाद निर्णय किया गया कि हर मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। श्री कनौजिया ने कहा इसी प्रकार हर शनिवार व मंगलवार को हर मंदिरों पर श्री हनुमान जी का पाठ किया जाए जिसमें एक अच्छा वातावरण बना रहेगा और परिवारजन में सुख समृद्धि बनी रहेंगी।इस मौके पर मंदिर के पुजारी मनोज कुमार प्रमोद कुमार गुप्ता, अंशु वर्मा, कमल सिंह रघुनायक, अंकित वर्मा, प्रेमचंद राठौर, नवनीत सिंह रघुनायक, दिव्यांश गुप्ता, कुमारी आरोही गुप्ता आदि तमाम लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु की गई बैठक




**10 मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत**

**भदोही** -सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के मार्गदर्शन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10.05.2025 को आयोजित की जा रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में श्री अखिलेश दूबे, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के निर्देशानुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु श्री आनन्द मिश्रा सी0जे0एम0 भदोही, श्रीमती तरूणिमा पाण्डेय अपर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही, श्री कुंवर विरेन्द्र मौर्य अपर जिलाधिकारी/नोडल व शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल राष्ट्रीय लोक अदालत की बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में दिनांक 07.05.2025 को दोपहर 12:30 बजे से आहूत की गयी जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### अपर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के साथ आगामी

**राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**भदोही**- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के मार्गदर्शन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10.05.2025 को आयोजित की जा रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में श्री अखिलेश दूबे, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के निर्देशानुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु सुश्री निवेदिता अस्थाना अपर जिला जज/नोडल, श्रीमती तरूणिमा पाण्डेय अपर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही, प्रबन्धक जिला अग्रणी यूनियन बैंक व जनपद भदोही के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकगण की बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 01:00 बजे से आहूत की गयी जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में भाजपा, विहित, और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस



**चुनार, मिर्जापुर ।** बुधवार को भारत द्वारा पाकिस्तानी सीमा में बने आतंकी संगठनों के ठिकानों को को हवाई हमले से नष्ट कर दिया गया। सेना का उत्साह बढ़ाने के लिए भाजपा,बजरंग दल,विहिप सहित नगर के लोगों ने जुलूस निकाला गया। जुलूस में उत्साही कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय,वंदे मातरम,पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर दरगाह मोड़, टेकउर तिराहा,भरपूर , सर्राफा बाजार,चौक, गोला बाजार,रस्तोगी तिराहा,सद्दूपुर मुहाना से होते हुए लाल दरवाजा पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री अभिलाष राय ,बजरंग दल के जगदीश गुप्ता, बचाउलाल सेठ सभासद गौतम बाबू जायसवाल, सभासद किशन मोदनवाल, अमित सोनकर, मोहित प्रताप सिंह, दीपू चौरसिया, सागर सोनकर, अभय साहनी सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग मौजूद रहे।

# डीएम, एसपी की उपस्थिति में किसी भी आपातकालीन, संकट, ब्लैकआउट के दौरान बचाव हेतु किया गया पुलिस लाईन में मॉक ड्रिल

**●आपदा से निपटना सिर्फ प्रशासन नही, हर नागरिक की जिम्मेदारी-मॉक ड्रिल से बढेगीं जागरूकता-जिलाधिकारी**

**ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र की तत्परता का आंकलन करना और उसे बढ़ाना है-पुलिस अधीक्षक**

**जिला प्रशासन द्वारा जनपदवासियों को "क्या करें, और क्या न करें" एडवाईजारी बुकलेट का किया गया वितरण**

**नागरिक सुरक्षा अभ्यास के जरिये विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की परिचालन प्रभावकारिता व समन्वय पर दिया गया बल**

**जनपद के सभी बेसिक व माध्यमिक स्कूल कालेजों में भी छात्रों ने किया मॉक ड्रिल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही :-** शासन के निर्देश के क्रम में नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का जनपदीय कार्यक्रम पुलिस लाईन ज्ञानपुर सहित तहसील परिसर एवं स्कूल कालेजों में सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसमें सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एण्ड गाइड, रेडक्रास सोसाईटी, नेहरू युवा मंगल दल, आपदा सखी, पीआरडी व होमगार्ड जवान, पुलिस, छात्र/छात्राएं आदि हजारों वालेटियर्स ने प्रतिभाग किया। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा दल की तत्परता का आंकलन करना और उसे बढ़ाना है। साथ ही विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की परिचालन व प्रभावकारिता और परिचालन व समन्वय का आकलन करना है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि जनपद में हुए ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का उद्देश्य हमारी सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करना तथा आपदा की स्थिति में नागरिकों व प्रशासन की प्रतिक्रिया को और प्रभावी बनाना है। यह एक पूर्व निर्धारित योजना के अन्तर्गत किया जा रहा अभ्यास है। मैं सभी जनपदवासियों से अपील करता हू कि वे प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें, और इस अभियान में सक्रिय सहयोग दे। यह अभ्यास सामूहिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का उद्देश्य जनपद में आपदा प्रबन्धन के विभिन्न घटकों के बीच समन्वय की समीक्षा करना है। यह ड्रिल एक नियोजित आपातकालीन अभ्यास है। जिसमें जनपद के सभी समूहों, संगठनों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आपदा या संकट की घड़ी में 'क्या करें और क्या न करें की स्पष्ट गाइड लाईन जानना बहुत जरूरी होता है ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सके।' किसी भी भ्रामक सूचना व अफवाहों का विश्वास न करें। सोशल मीडिया या अनजान श्रोतो से मिली सूचना बिना पुष्टि किये न फैलाये। पुलिस लाईन में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन/संकट की स्थिति, ब्लैक आउट के दौरान से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञ सहित मेडिकल टीम, फायर बिग्रेड, 112 पुलिस एवं अन्य सम्बन्धित संसाधनों के साथ लाईव मॉक ड्रिल बचाव अभ्यास किया गया। संचालन कर रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी, पुलिस लाईन राजीव कुमार सिंह ने हवाई हमले का सिचुएशन क्रिएट कर एयर रेड सायरन जैसे ही बजाई, तत्काल लोग जहॉ थे, वही छाती के बल जमीन पर हाथों से कानों को ढकते हुए जमीन पर लेट गये। कुछ समय बाद जब खतरा टलने और स्थिति सामान होने का द्वितीय सायरन बजा, तो लोग उठकर चले गये। लेकिन चोटिल व




घायलों के लिए तत्काल 108 नम्बर की एम्बुलेंस आयी और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा व उपचार देने लगी। जिनकी सांसे नही चल रही थी उन्हें तत्काल मेडिकल टीम द्वारा सीपीआर देते हुए सीपीआर की प्रक्रिया को जनमानस को बताया गया। शेष घायलों को एम्बुलेंस चिकित्सालय ले गयी। आपदा मित्रों ने दिखाया कि कैसे हम बिना स्ट्रेचर के भी कम्बल या मोटे कपडे को राड या डण्डे में लपेटकर वैकल्पिक स्टेऊचर बनाकर घायलों को चिकित्सालयों व अन्य स्थानों पर पहुॅचा सकते है। फायर बिग्रेड की टीम ने दिखलाया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर हम कैसे सिलेंडर को चारों तरफ से गीले कपडें से पूर्णतया ढक कर या सिलेंडर पर उल्टी खाली बाल्टी से हम आग बुझा सकते है, दिखाया गया। तत्पश्चात् दर्शक दीर्घा से एक स्कूली छात्रा को बुलाकर उससे आग बुझवाया गया। कही आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड द्वारा दिखाया गया किस तत्परता के साथ वाटर प्रेशर पम्प नोजल के माध्यम से आग बुझाते है। पुलिस की 112 पीआरबी गाड़ी, ऑशू गैस, स्नीफर डॉग, बम्ब डिस्पोजल यूनिट आदि ने अपने शानदार प्रदर्शन से आपदा बचाव के विभिन्न तरीको व आयामों को दर्शाया।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान के नेतृत्व में जनपद के सभी हाईस्कूल व इण्टरकालेजों में व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण व जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी शार्ट वीडियो व जारी एडवाईजरी द्वारा छात्र/छात्रों को अभ्यास कराया गया कि आपदा या संकट के समय हमें क्या करना चाहिए क्या नही। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भदोही द्वारा उपस्थित जनमानस व छात्र/छात्राओं को जारी एडवाईजरी सूचना पम्पलेट वितरित किया गया। जिसमें एक नागरिक के तौर पर क्या करें, क्या न करें आदि महत्वपूर्ण जानकारियॉ साझा की गयी हैं। सुरक्षित स्थान, शरणस्थल के बारे में बताया गया सायरन बजने पर तुरंत खुले इलाको से हट जाएं। किसी सुरक्षित इमारत, घर या बंकर में शरण ले। बुजुर्गो और विशेष जरूरतों वाले लोगों की सहायता करें। मॉक ड्रिल के दौरान कैश ब्लैकआउट का अभ्यास होगा। जिसमें सभी लाइटे बन्द कर दी जायेगी। खिडकियों पर मोटे पर्दे, काले कागज या ब्लाईड लगाये। शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जाएं। अभ्यास और तैयारी के क्रम में नागरिकों और छात्रों को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण दिया जायेगा। बच्चों से सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया सिखाएं, पड़ोसियों के साथ आपसी सहयोग सुनिश्चित करें। जरूरी बस्तुएं तैयार रखें पीने का पानी, सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फूटस आदि) प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च और एक्स्ट्रा सेल, पोर्टेबल रेडियो, जरूरी दस्तावेज (आई, मेडिकल रिपोर्ट, बैंक डिटेल्स), मोबाइल चार्जर/पावर बैंक झोले में रखें ले। अलर्ट और सर्तकता के दृष्टिगत टीवी, रेडियो और सरकारी अलर्ट्स पर ध्यान दे। एयर रेड सायरन की आवाज पहचानें, मॉक ड्रिल के दौरान सायरन की आवाज सुनकर शान्त रहे, और प्रशासन की निर्देशों का पालन करें। अफवाहों पर विश्वास न करें, केवल अधिकारिक सूचना व ध्यान दे। नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार, उप जिलाधिकारी शिवप्रकाश यादव, अरूण गिरि, बरखा सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा अन्य, आपदा विशेषज्ञ अंकित सिंह, व समस्त जनपदीय अधिकारी/पुलिस व बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

## खंड विकास कार्यालय सुरियावा के सभागार में नागरिक सुरक्षा को लेकर बैठक का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही**- सुरियावा 7 में 2025 बुधवार को नागरिक सुरक्षा को लेकर गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर खंड विकास कार्यालय सुरियावा के सभागार में खंड विकास अधिकारी सुरियावा सुधाकर दुबे थाना अध्यक्ष सुरियावा अजीत कुमार श्रीवास्तव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर विपिन कुमार यति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित खंड विकास कार्यालय सुरियावा से संबंधित ग्राम प्रधान एवं नगर पंचायत कार्यालय सुरियावा के सभासद द्वारा बैठक में पहुंचकर नागरिक सुरक्षा के बारे में जानकारी ली गई कि मौके पर खंड विचार अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक ग्रामप्रधान बैठक कर नागरिक सुरक्षा के बारे में ग्राम वासियों को बताएं तथा थानाध्यक्ष सुरियावा द्वारा बताया गया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कोई गलत अफवाह न फैलाएं तथा आपसी स्वभाव भाईचारे के साथ एक दूसरे का सहयोग कर राष्ट्र भावना को प्रदर्शित करें तथा डॉक्टर विपिन कुमार यदि द्वारा बताया गया कि शान द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार ही लोग निश्चय होकर अपनी भागीदारी निभाई तथा राष्ट्र को मजबूत बनाएं इस मौके पर ग्राम प्रधान व सभासद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर राष्ट्र भावना जागृत किया।

## जीवित प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन न प्राप्त करने वाले पेंशनरों की सूची हुई जारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**- मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति**

**बस्ती।** वित्त मंत्री जी द्वारा कोषागारों के का कार्य प्रणाली की समीक्षा बैठक की कार्रवाई के क्रम में निदेशक कोषागार उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र दिनांक 30/ 10/ 2023 में पेंशन के बिंदु संख्या चार में प्रत्येक त्रैमासिक में स्थानीय समाचार पत्रों में ऐसे प्रकरण जिनमे जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान बाधित हैके संबंध में विज्ञप्ति निशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित कराए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए हैं अतः अनुरोध है कि विगत तीन माहो में जीवित प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान प्राप्त न करने वाले निम्न सूचना के अनुसार पेंशनरों की सूची प्रकाशित करने हेतु प्रेषित है। निर्मला देवी संस्कृत महाविद्यालय मुख्तार अहमद आयुर्वेद विभाग सुदामा पंचायत विभाग रामचंद्र उद्यान ज्ञान दास ग्रामीण अभियंत्रण सेवा रीमा चौधरी सीएमओ कार्यालय सुमित्रा देवी राजमाता राम जी एवं इंद्रावती पांडे कुमारी आस्था सिंह मुखाने देवी माध्यमिक शिक्षा राधिका सिंह कलावती देवी बिजली विभाग शांति कामता प्रसाद गायत्री देवी बेसिक शिक्षा विभाग प्रियंका वाणिज्य कर विभाग शकुंतला देवी निबंधन विभाग प्रेमा देवी व्यावसायिक प्रशिक्षण चंद्र प्रभा देवी कृषि विभाग महेंद्र प्रताप सिंह वाजिद अली विद्यासागर चौधरी राम किशोर स्वास्थ्य विभाग इंद्रावती देवी राम प्रसाद श्रीवास्तव शिक्षा विभाग दर्शन पति देवी जिलाधिकारी कार्यालय परणपति यूनानी विभाग द्रोपती देवी सोच कार्यालय देवंती देवी पुलिस विभाग पाना देवी चकबंदी विभाग लालमोहन बाढ़ खंड शकुंतला देवी सिंचाई विभाग बस्ती समस्त सम्मानित पेंशनर्जन से अपील किया जाता है कि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कोषागार में उपस्थित होकर के अपना जीवन प्रमाण पत्र मैन्युअल जमा कर दें अथवा जीवन प्रमाण की साइट पर ऑनलाइन अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रेषित करने का कष्ट करें।

# मिशन सिंदूर को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल

**पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना के धैर्य, शौर्य, साहस और पराक्रम की हो रही सराहना**

**●आतंकी और उसके आका पाकिस्तान दहशत में, भारत की जवाबी कार्रवाई से आतंकियों के हौसले पस्त**

**शुकुल बाजार कस्बे मे लोगों ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की खुशी का इजहार किया भारत माता की जय, जय हिंद और वंदे मातरम् के नारे लगाए**

**स्वतंत्र प्रभात**

**शुकुल बाजार अमेठी।** भारतीय सेना ने जिस तरह से सौर्य और साहस का परिचय दिया आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया सैकड़ो आतंकवादी जिसमें मारे गए इससे पूरे विश्व में आतंकवादियों के हौसले पस्त होंगे। खासकर जम्मू कश्मीर में आतंकवाद फैला रहे आतंकवादी और उनके आका पाकिस्तान पूरी तरह से दहशत में है,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल रणनीति में भारतीय सेना द्वारा किए गए इस जवाबी कार्रवाई से पूरे देश में सेना और मोदी सरकार की तारीफ हो रही है। विश्व समुदाय आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ है और भारत की पूरी जनता प्रधानमंत्री मोदी और सेना के साथ है।

इसी कड़ी में शुकुल बाजार कस्बे के अंबेडकर चौराहे पर अभिषेक शुक्ला उर्फ विधायक के नेतृत्व में लोगों ने इकट्ठा होकर आतिशबाजी की भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद के जयकारे लगाए और कहा कि पूरा देश मोदी सरकार और सेना के साथ है बताते चलें ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई।पहलगाम हमले में हुए आतंकी कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने एक बड़ी जवाबी कार्रवाई की, जिसे मिशन सिंदूर के नाम से जाना जाता है। इस मिशन में भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।पहलगाम हमले में हुए आतंकी कार्रवाई के बाद, भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ एक बड़ी जवाबी कार्रवाई करने का फैसला किया। इस मिशन का उद्देश्य आतंकवादियों को सबक सिखाना और उन्हें यह संदेश देना था कि भारतीय सेना उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने में सक्षम है।

# 36 घण्टे में शिवम सरोज हत्याकाण्ड का खुलासा, हत्याभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से घटना के समय पहने खून से सने कपड़े बरामद

**स्वतंत्र प्रभात**

दिनांक 05.05.2025 को थाना औराई पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बड़ा सीउर निवासी शिवम सरोज पुत्र नंदलाल सरोज उम्र करीब 18 वर्ष मृत अवस्था में सीउर नहर के पास पड़ा है , जिसके सिर में चोट लगी हुई है। थाना औराई पर मृतक के पिता नन्दलाल सरोज द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल मु0अ0सं0-201/2025 धारा-103(1) बी.एन.एस. अज्ञात में पंजीकृत किया गया। अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराध की गभीरता के दृष्टिगत रखते द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी औराई नरेश कुमार सिंह, निरी0 श्याम बहादुर यादव स्वाट टीम प्रभारी व प्रभारी निरीक्षक औराई राम सरीख गौतम व उनके सहयोगियों को शामिल करते हुए टीम गठित की गई तथा उन्हे तत्काल घटना के अनावरण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा स्वयं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परिणाम स्वरुप श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गठित



टीम का नेतृत्व करते हुए सभी संदिग्धो से पूछताछ एवं इस सम्बंध में संकलित भौतिक साक्ष्य संकलन व स्थानीय लोगों से पूछताछ की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के पश्चात उक्त हत्याकांड का मात्र 36 घण्टे के भीतर पर्दाफाश किया गया तथा उनके कुशल निर्देशन में घटना में शामिल बाल अपचारी को पुलिस टीम द्वारा उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर घटना कारित करते समय अपचारी द्वारा पहने गए खून से सने कपड़े जींस व टी-शर्ट को बरामद किया गया । घटना के शीघ्र व सफल अनावरण में शामिल पुलिस टीम का उत्साहवर्धन करने हेतु अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा ? 25,000/- से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है । पूछताछ में अपचारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 04.05.25 को समय करीब 08.00 बजे रात्रि मे शिवम सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज उम्र करीब 18 वर्ष निवासी बड़ा सिउर थाना औराई जिला भदोही मेरे घर के बगल मे पश्चिम तरफ बाँस की कोठ के पास खड़ा होकर मेरी बहन खुशी जो बाल्टी मे पानी लेकर आ रही थी को बुलाकर अपने साथ मेरे घर के उत्तर-पूर्व की तरफ गेहूँ का कटा हुआ खाली खेत से होते हुये करीब 400 - 500 मीटर दूर लेकर चला गया । शक होने पर मैं भी पीछे पीछे गया जाकर देखा कि वह मेरी बहन के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था । गुस्से में आकर मेरे द्वारा पास में पड़े ईट से शिवम के सर पर वार किया गया, जिससे शिवम की मृत्यु हो गई। मैं कुछ देर गिरे हुये शिवम के पास खड़ा रहा परन्तु वह जमीन से नही हिला डुला जब मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि वह मर गया है तो मैने जिस ईंट के टुकड़े से शिवम को मारा था उसे वहीं फेक कर चला गया,जो ईट का टुकड़ा घटनास्थल से पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है। घटनास्थल से आला कत्ल एक अदद ईंट का टुकड़ा खुन लगा हुआ, एक जोड़ी चप्पल व आरोपी द्वारा घटना के समय पहने हुए जींस व टी-शर्ट खून लगा हुआ।

## सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उपजनपद शाखा बस्ती का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर के नेतृत्व में आयुक्त से मिला

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्तीजिले में आज सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बस्ती का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय के नेतृत्व में आयुक्त बस्ती से मिला और पेन्शनरों की समस्याओं से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र उनके निस्तारण की मांग की। आयुक्त ने गम्भीरता से प्रतिनिधि मंडल द्वारा रक्खी गयी बातों को सुना और तुरन्त जिलाधिकारी से दूरभाष पर बात किया।आपको बता दें कोषागार कार्यालय में कार्यरत भूपेश विश्वकर्मा द्वारा आये दिन पेन्शनरों को परेशान किया जाता है। पारिवारिक पेन्शन स्वीकृत कराने में अनावश्यक प्रपत्रों की मांग करना, पेन्शनरों, पारिवारिक पेन्शनरों का उत्पीणन करना, उनके साथ अशोभनीय व्यवहार करना उनकी कार्यशैली में शामिल है। पूर्व में जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए विश्वकर्मा के पटल परिवर्तन की मांग एसोसिएशन द्वारा की गई थी, परन्तु मुख्य कोषाधिकारी, जिलाधिकारी ने अभी तक पटल परिवर्तन नही किया। इससे आहत होकर आज प्रतिनिधिमंडल को मंडलायुक्त से मिलना पड़ा।जिलाध्यक्ष ने आशा व्यक्त किया है कि जिलाधिकारी



आयुक्त के निर्देश का पालन अवश्य करेंगे और समस्याओं का समाधान होगा। आयुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय, जिला मंत्री उदय प्रताप पाल, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, प्रेम शंकर लाल, श्रीवास्तव, सुनील कुमार पान्डेय, इं देवी प्रसाद शुक्ल, सुरेश धर दूबे, अंगिरा प्रसाद चौधरी, कोषाध्यक्ष छोटेलाल यादव, सुरेन्द्र नाथ उपाध्याय, राम शब्द पान्डेय, मीडिया प्रभारी एल के पान्डेय, श्रीगोपाल तिवारी, रामधीरज यादव, रामदुलारे, मो. कमाल, जंग बहादुर, मेंहीलाल, इं राम चन्द्र शुक्ल, ओंम प्रकाश श्रीवास्तव, ओंम प्रकाश मिश्र आदि बड़ी संख्या में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य शामिल रहे।

# आपातकालीन/संकट की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

**● जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में इंडोरामा जगदीशपुर में मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन**

**मॉक ड्रिल के माध्यम से जन सामान्य को आपदा की स्थिति में बचाव के बारे में दी गई जानकारी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न स्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक संस्थानों तथा रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आपदा के समय बचाव की स्थिति के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं तैयारियों के आकलन के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की उपस्थिति में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसकी सतत् निगरानी जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के द्वारा की गयी। जनपद मुख्यालय में स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष वर्तमान परिस्थिति में 24×7 शिफ्टवार संचालित है जिसमें जनपद के विभिन्न स्थानों पर घटित होने वाली आपदाओं की सूचना दर्ज करते हुए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रतिक्रिया की जाती है। घटनाओं के क्रम में इण्डो रामा फर्टीलाइजर कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि अज्ञात कारणों से हुए विस्फोट के कारण अमोनिया स्टोरेज टैंक के पास आग लगने की घटना हुई जिससे गैस रिसाव की सम्भावना है तथा इस घटना में 30-40 लोग घायल हुए है। कंट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर जनपद के जिलाधिकारी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एसडीआरएफ लखनऊ, एनडीआरएफ लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एम्बुलेंस के साथ तथा अग्निशमनकर्मी फायर टेण्डर के साथ घटना स्थल पर पहुँच गये, जहाँ पर जिलाधिकारी की निगरानी में राहत एवं बचाव का कार्य



आरम्भ किया गया, जिसमें कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा भी सहयोग किया गया। अन्त में स्थिति नियंत्रण होने के पश्चात् कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि एसडीआरएफ लखनऊ, एनडीआरएफ लखनऊ के टीम की आवश्यकता नहीं है। तत्पश्चात् मॉक अभ्यास समाप्त किया गया। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा सूचित किया गया कि जनपद के समस्त 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में घायलों के राहत एवं बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस एवं अन्य विभागों से प्राप्त सूचना के आधार पर एम्बुलेंस को भेजकर घायलों को निकतवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में लाकर इलाज किया गया, जिसमें गम्भीर अवस्था में पाये गये लोगों को उच्च चिकित्सा के लिए अन्य जगह रेफर किया गया। रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में आपदा से बचाव हेतु मॉक अभ्यास कराया गया, जिसमें बिल्डिंग से लोगों के निकासी का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में मुख्य सुरक्षा नियंत्रक द्वारा सायरन बजाकर लोगों को चेतावनी दी गयी, इसके पश्चात् पूर्व निर्धारित स्थान पर लोगो को निकालने का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में स्वास्थ्य सुरक्षा, अग्निशमन की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अलावा जनपद की विभिन्न ब्लॉकों में अधिकारियों की देख-रेख में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अलावा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आत्मरक्षा एवं बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों द्वारा छात्रों को सम्भावित हवाई हमले, आग लगने की घटना तथा लोगों को बचाने एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गयी। इस अभियान में स्कॉउट गाइड एवं रेड क्रॉस द्वारा योगदान दिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

### महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टैबलेट का किया गया वितरण



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत संस्था- महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कौशाम्बी में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर द्वारा टैबलेट का वितरण किया गया। माननीय अध्यक्षा ने संचालित पाठ्यक्रम- यॉंत्रिक अभियन्त्रण, केमिकल अभियन्त्रण एवं पेन्ट टेक्नोलॉजी के छात्र/छात्राओं को टैबलेट वितरित कर अपने आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का शान्तिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक समापन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य नेवादा श्रीमती साधना सिंह पटेल एवं प्रधानाचार्य राकेश कुमार पटेल के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ किया गया।

### राष्ट्रीय सनातन सेना के कौशाम्बी जिला अध्यक्ष बने देव रस्तोगी, सराय अकिल के यूथ आइकॉन को मिला सनातन सेवा का नया दायित्व



**कौशाम्बी।** जनपद में सनातन धर्म के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित संगठन राष्ट्रीय सनातन सेना ने कौशाम्बी जिले के लिए एक नई जिम्मेदारी की घोषणा की है। सराय अकिल क्षेत्र के चर्चित यूथ आइकॉन देव रस्तोगी को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सनातन विचारधारा के प्रति उनके समर्पण, युवाओं में लोकप्रियता और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है। देव रस्तोगी ने इस अवसर पर कहा, "सनातन धर्म मेरी आत्मा है और उसकी सेवा मेरा कर्तव्य। संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।" देव रस्तोगी की नियुक्ति से जिले में धर्म और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वे पहले से ही युवाओं में अपनी सशक्त छवि और सामाजिक पहल के लिए जाने जाते हैं। संगठन ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में सनातन सेना जिले में और अधिक सशक्त व सक्रिय होगी।

### झूंसी क्षेत्र में बढ़ी ई-रिक्शा चोरी की घटनाएं एमएम

**दो रात में अलग-अलग स्थानों से तीन ई-रिक्शा की चोरी।**

**झूसी प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में चोरों ने गरीबों के जीविकोपार्जन के साधन को लगातार निशाना बना रहे हैं। दो रात में अलग-अलग स्थानों से तीन ई-रिक्शा चोरी कर उनके रोजी-रोटी कमाने पर संकट उत्पन्न कर दिया है। पुलिस ने चोरी की तीनों घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। उस्तापुर महमूदाबाद निवासी श्रीनाथ भारतीया पुत्र भुल्लुर प्रसाद रोजी-रोटी कमाने के लिए ई-रिक्शा खरीदा था। वह रविवार शाम मिलन चौराहे पर घर के सामने ई-रिक्शा खड़ा किए थे। सुबह जब उठे तो ई-रिक्शा का गायब था। कनिहार रोड बंधवा ताहिरपुर निवासी दिनेश कुमार पांडेय किराए पर ई-रिक्शा लेकर परिवार का गुजर बसर करते थे। रविवार रात इनके भी दरवाजे के सामने से ई-रिक्शा चोरी चला गया। इसी तरह जीविकोपार्जन के लिए कर्ज लेकर लता निषाद पत्नी रविकांत निषाद निवासी नगर पंचायत, नई झूंसी ने भी एक ई-रिक्शा खरीदा था। मंगलवार रात में लता का भी ई-रिक्शा चोरी हो गया। लगातार ई-रिक्शा चोरी होने पर चालकों में भय व्याप्त है।

### पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई से जोश हाई, प्रयागराज में गूंजा भारत माता की जय के नारे!

**पहलगाम** आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान पर आधीरात को की गई एयर स्ट्राइक से लोगों का जोश हाई है। सुबह इसकी जानकारी होते ही लोगों ने चट्टी चौराहे पर पहुंचकर तिरंगा झंडा लहराया और भारत माता की जय के नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मिठाई बांटी और आतिशबाजी कर सेना के साहस और शौर्य की सराहना की। कहा कि भारत ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया है। सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। संजय गुप्ता ने कहा कि देश की जनता की जो इच्छा थी उसी के अनुसार पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। सेना की यह कार्रवाई पाकिस्तान की सात पीढ़ियां याद रखेंगी।

# 07 मई बुधवार को होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** आपातकालीन या आकस्मिक स्थितियों में बचाव हेतु बरती जाने वाली सर्तकता एवं सावधानियों के सम्बंध में जागरूकता हेतु बुधवार को विभिन्न स्थलों पर होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में मंगलवार को पुलिस लाइन के सभागार में अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा की अध्यक्षता में स्टेक होल्डर्स तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त के द्वारा विभिन्न विभागों एवं स्टेक होल्डर्स के साथ बुधवार को होने वाली मॉकड्रिल में की जाने वाली गतिविधियों के सम्बंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। सिविल डिफेंस के द्वारा आकस्मिक एवं इमरजेंसी परिस्थितियों में बचाव हेतु जागरूक करने के लिए मॉकड्रिल में किस प्रकार की गतिविधियां की जायेगी, इस बारे में विस्तार से चर्चा की गयी।

इसी तरह से आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में विद्युत विभाग के द्वारा रात्रि के समय ब्लैक आउट किये जाने तथा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में विद्युत विभाग के द्वारा अपनाये जाने वाले उपायों के बारे में चर्चा की गयी। इसके साथ ही साथ आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में स्ट्रीट लाइटों को बुझायें जाने तथा सायरन बजने के कितने समय बाद ब्लैक आउट करने तथा पुनः कितने समय बाद लाइट को जलाये जाने के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त ने सिविल डिफेंस, फायर बिग्रेड, आरएएफ, एडीआरएफ, एनसीसी, एनएसएस, सिविल पुलिस को संयुक्त रूप से आकस्मिक स्थितियों में बचाव एवं लोगो की सहायता किये जाने के लिए मॉकड्रिल किये जाने लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से पब्लिक को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि आपातकालीन



स्थितियों में लोग पैनिक न हो, इसके बारे में जागरूक किये जाने हेतु मॉकड्रिल किया जाये। किसी आपातकालीन स्थिति में लोगो को कैसे रेस्क्यू किया जाये, इसको भी मॉकड्रिल में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में लोगो को अफवाहों से बचने के लिए अधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने के लिए कहा। मॉकड्रिल में कंट्रोल रूम तथा सैडो कंट्रोल केन्द्र को भी चेक किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल का उद्देश्य सिविलियन, छात्रों तथा अन्य लोगो को अटैक के समय बचाव किये जाने के तरीकों के बारे में जानकारी/प्रशिक्षण दिया जाना है। रात्रि के समय सायरन बजने के पश्चात ब्लैक आउट करने हेतु सड़क, घरों व अन्य लाइटों को बुझाया जाना, इंवर्टर बंद रखना, टॉवर लाइट को स्वीच ऑफ करना के सम्बंध में सम्बंधित संस्थाओं व लोगो को जागरूक किया जाने के तरीको को मॉकड्रिल में शामिल किया जाये। लोगो को यह भी जागरूक किया जाये कि ब्लैक आउट के समय घर के अंदर ही रहे तथा खतरा समाप्त होने का सायरन बजने के बाद ही लाइट को जलाये। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेक होल्डर्स उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर नेहा सिंह राठौर के खिलाफ दर्ज शिकायत खारिज

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश के अयोध्या ज़िले की एक अदालत ने मंगलवार को लोक-गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ पहलगाम आतंकी हमले पर सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दर्ज आपराधिक शिकायत अस्वीकार्य मानते हुए खारिज की।अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/ ACJM एकता सिंह ने अपने आदेश में कहा कि यह शिकायत सुनवाई योग्य नहीं है और शिकायतकर्ता को इसे दर्ज कराने का कोई अधिकार नहीं है। शिकायत शिवेंद्र सिंह द्वारा वकील मार्तंड प्रताप सिंह के माध्यम से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 210 के तहत दायर की गई थी।शिकायत में आरोप था कि नेहा सिंह राठौर ने हालिया पहलगाम आतंकी हमले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को झूठे तरीके से जोड़ा ताकि वह जनभावनाओं को भड़काकर चुनावी लाभ ले सकें।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि उनके बयानों से देशभर में अशांति फैली है और इससे देश को गृहयुद्ध की ओर धकेला जा रहा है। शिकायत में देशद्रोह जैसे अपराधों का भी आरोप लगाया गया था। अदालत ने पहले यह स्पष्ट किया कि मुख्य आरोप यह है कि राठौर ने प्रधानमंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ अशोभनीय और अनुचित टिप्पणियां करके मानहानि की।

इसके बाद कोर्ट ने BNSS की धारा 222(2) का उल्लेख किया, जिसके तहत यदि किसी राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, केंद्रीय या राज्य मंत्री अथवा किसी लोक सेवक के आधिकारिक कार्यकलाप से जुड़ी मानहानि हुई तो उस मामले में सेशन कोर्ट केवल सरकारी वकील द्वारा दायर लिखित शिकायत पर ही संज्ञान ले सकता है।कोर्ट ने यह भी बताया कि धारा 222(4) के अनुसार ऐसी शिकायत तभी की जा सकती है, जब केंद्र या राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति प्राप्त हो, जो इस मामले में नहीं ली गई थी। कोर्ट का निष्कर्षईस शिकायत में जिन नेताओं की मानहानि का आरोप है, वे सभी संवैधानिक पदों पर हैं, इसलिए बिना सरकारी स्वीकृति और बिना सरकारी वकील की शिकायत के यह मामला दर्ज नहीं किया जा सकता।

साथ ही अदालत ने BNSS की धारा 217 का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के विरुद्ध अपराधों (Chapter VII of BNS) में तब तक कोई भी कोर्ट संज्ञान नहीं ले सकती, जब तक केंद्र या राज्य सरकार की पूर्व अनुमति न हो जो इस मामले में नहीं दी गई। जहां तक देशद्रोह के आरोप का सवाल है, अदालत ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) में अब देशद्रोह की परिभाषा नहीं है। इसका निकटतम प्रावधान धारा 152 है, जो Chapter VII में आता है। इसलिए इस पर भी पूर्व अनुमति आवश्यक थी।अंततः कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता को यह शिकायत दायर करने का कोई अधिकार नहीं था और बिना वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए यह शिकायत दायर की गई। अतः यह अस्वीकृत की जाती है।

### पियरी गांव में पूर्व मंत्री ने मृतक के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की

**पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन।**

**कोराव प्रयागराज।** कोराव थाना क्षेत्र के पियरी गांव में बीते दिनों युवक की पीट पीट कर की गई थी हत्या मृतक के परिजनों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने और हत्या रोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाने को कहा और उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों को बक्सा नही जायेगा उन सबको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए जिसमे मुख्य रूप से लल्लू सिंह पटेल, पवन सोनकर, इंजी0 जगदीश, रामदेव निडर, डा0 धर्मराज विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, चंद्रमणि विश्वकर्मा एडवोकेट, बबलू विश्वकर्मा, पंचमलाल कोल, गौरव विश्वकर्म, अनिल विश्वकर्मा, सीमा शर्मा, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, पवन सिंघल, दिनेश पटेल, मंगल देव कोल, शिव शंकर विश्वकर्मा, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा इस्तीफा दें या फिर सजा का सामना करें, 9 मई तक जवाब दाखिल करे

स्वतंत्र प्रभात

पेज न-1 की शेष खबर



इस फैसले का हवाला सुप्रीम कोर्ट (प्रशासनिक पक्ष) ने इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट को नकारने के लिए दिया था, जिसने तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई को उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में क्लीन चिट दे दी थी। यहां तक कि पीड़िता को भी रिपोर्ट नहीं दी गई। महत्वपूर्ण बात यह है कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश 'एक्स' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा जयसिंह फैसले (2003) पर विचार किया था और माना था कि जो लोग इन-हाउस प्रक्रिया के परिणाम से प्रभावित होने के लिए उत्तरदायी हैं उन्हें कथित अनियमितता के कारण न्यायिक निवारण की मांग करने का अधिकार है। न्यायालय ने माना कि अनियमितता, विचाराधीन प्रक्रिया के उल्लंघन के कारण या यहां तक कि पूर्वाग्रह या पक्षपात के कारण भी हो सकती है। यह अनौचित्य के कारण हो सकता है।

इसके अलावा, विशेष रूप से, इंदिरा जयसिंह का फैसला सूचना के अधिकार अधिनियम के अधिनियमित होने से दो साल पहले आया था। आरटीआई अधिनियम की शुरूआत के साथ, भारतीय विधायी ढांचा शासन में पारदर्शिता के पक्ष में बदल गया है, और आरटीआई के दायरे में उच्च न्यायपालिका के कामकाज को शामिल किया गया है। 2019 में, पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यहां तक कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता पारदर्शिता की आवश्यकता के विपरीत नहीं है। इसे देखते हुए, आरटीआई युग से पहले के इंदिरा जयसिंह फैसले पर भरोसा करने के औचित्य पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। संविधान के तहत, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को सदन के बहुमत और उपस्थित एवं मतदान के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा हटाने की प्रक्रिया के अलावा नहीं हटाया जा सकता है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 और 217 द्वारा प्रावधान किया गया है। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 न्यायिक आचरण के आरोपों की जांच करने के तरीके का प्रावधान करता है। यह तब लागू होता है जब सदन में कम से कम सौ लोकसभा सदस्यों या पचास राज्यसभा सदस्यों द्वारा महाभियोग का प्रस्ताव पेश किया जाता है। संबंधित सदन के पीठासीन अधिकारी को तीन व्यक्तियों वाली समिति गठित करने का अधिकार है।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** देश में जंग के हालात एवं नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महाप्रबन्धक कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे में रजत पुरवार, उप महाप्रबन्धक/सामान्य एवं नियंत्रक उत्तर मध्य रेलवे नागरिक सुरक्षा संगठन के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के माध्यम बताया गया कि एयर अटैक के दौरान एयर रेड सिगनल के दौरान सायरन बजने पर कैसे बचा जा सकता है एवं अटैक से घायल लोगों को आपात स्थिति में कैसे मदद पहुंचायी जा सकती है।

बमबारी के दौरान जमीन पर लेटकर दोनों कानों को हाथ से बंद करना है, जिससे घायल होने की संभावना लगभग 50 प्रतिशत कम हो जाती है। एयर रेड सायरन बजने पर जानमाल की सुरक्षा कैसे की जाये, जिसके तहत लोगों की कैसे मदद की जाये एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर कैसे पहुंचाया जाये, जिसमें मॉक ड्रिल के माध्यम से घायलों को पिक एण्ड बैंक, फायरमैन लिफ्ट, फोर एण्ड एफट मेथड, टू हैण्ड सिट एवं फोर हैण्ड सिट के माध्यम से घायलों को घटना स्थल से सुरक्षित स्थान में ले जाया गया।

यह मॉक ड्रिल उप प्रभारी श्री सतपाल सिंह, नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा आयोजित किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य था कि रेल कर्मियों को हर स्थिति में अपने प्रतिष्ठान को सुरक्षित रखना एवं कर्मियों द्वारा उत्पादन को निरन्तर बनाये रखना, कर्मियों के मनोबल को बनाये रखना, साथ ही आपात स्थिति में हमेशा तैयार रहना। महाप्रबन्ध उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा सभी कर्मचारियों की प्रशंसा की गई एवं आपात स्थिति में सदैव तत्पर रहने के लिए सजग किया गया।

### जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत बैठक

**नालो, सीवरो की साफ-सफाई की जांच कराने, पशुओं के लिए हरे चारे, भूसा एवं टीकाकरण, जर्जर पोल व ढीले तारों सहित अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने के दिए गए निर्देश।**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महोदय ने नगरीय क्षेत्रो में छोटे- बड़े नालो की साफ-सफाई, सीवरो की सफाई की जांच कराने के निर्देश दिये गये। पशुओ के लिए हरे चारे, भूसा एवं टीकाकरण, जर्जर पोल, ढ़ीले तारों, मोबाइल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था एवं विद्युत सप्लाई की अतिरिक्त व्य( वस्था एवं तहसीलो में बनाये गये शरणालयो की जांच, खाद्यान्न साम्रगी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, अपर जिलाधिकरी (वि/रा), अपर पुलिस उपायुक्त नगर, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग एवं अन्य सभी समस्त सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कमिश्नरेट प्रयागराज में चिन्हित विभिन्न स्थलों पर 'वॉर टाइम मॉक ड्रिल' एवं नागरिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** आज दिनांक- 07.05.2025 को कमिश्नरेट प्रयागराज के चिन्हित विभिन्न 11 स्थानों पर सिविल पुलिस, अग्निशमन टीम, सिविल डिफेन्स, आपदा प्रबन्धन तथा मेडिकल रिस्पान्स की संयुक्त टीम द्वारा 'वॉर टाइम मॉक ड्रिल' का आयोजन कर आम जनमानस को आपात कालीन परिस्थितियों जैसे-युद्ध, हवाई हमले, आतंकी हमला अथवा अन्य गम्भीर संकट के दौरान अपनाये जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों/सावधानियों के प्रति जागरुक किया गया। जनपद वासियों से शांति बनाए रखने, अफवाहों से बचने और सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग करने की अपील की गयी।

दिनांक 07.05.2025 को सायंकाल 07.00 बजे से 08.00 बजे तक सायरन बजने के दौरान अपने-अपने घरों की बिजली, इन्वर्टर आदि प्रकाशित उपकरण को बंद करें, खिड़की, दरवाजे पर पर्दा आदि लगाना सुनिश्रित करें तथा अपने घर में ही बने रहें। ब्लैक आउट के दौरान निम्न आवश्यक बातों का ध्यान दिये जाने पर विशेष बल दिया गया- सभी लाइटें और बिजली के उपकरण 07.25 बजे से 08.00 बजे तक लाइट बंद रखें। घर, दुकान, वाहन, मोबाइल की फ्लैशलाइट आदि





का उपयोग न करें तथा खिड़कियों व दरवाज़ों के परदे बंद करें ताकि रोशनी बाहर न दिखे।

सभी सदस्यों विशेष रुप से बच्चों, बुजुर्गो और दिव्यांगों को एक जगह सुरक्षित रखें। रेडियो, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। पड़ोसियों को भी सतर्क करें। ब्लैक आउट के दौरान यदि वाहन चला रहे हों तो वाहन तुरंत किनारे लगाकर बंद कर दें, हेडलाइट और इंडिकेटर बंद रखें।

कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अफवाह व भ्रामक जानकारी न फैलाएं सामूहिक रुप से इकठ्ठा होने या भीड़ लगाने से बचें एवं बाहर सड़क पर निकलकर अनावश्यक रूप से घूमने व शोर मचाने से बचें। सरकारी निर्देशों की अवहेलना न करें, किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूएं। बिना आवश्यकता के फोन का प्रयोग न करें एवं - आपात सेवाओं की लाइन व्यस्त न करें।


**'वॉर टाइम मॉक ड्रिल' हेतु चिन्हित कुल 11 स्थान-**

» राजकीय इण्टर कॉलेज
» सेण्ट मेरीज कान्वेण्ट इण्टर कॉलेज
» सेण्ट जोसेफ कॉलेज
» सेण्ट एन्थोनी गर्ल्स इण्टर कॉलेज
» ब्यॉयज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज
» गर्ल्स हाईस्कूल एण्ड कॉलेज
» महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर तेलियरगंज
» बेथनी कॉन्वेण्ट स्कूल नैनी
» बी0बी0एस0 इण्टर कॉलेज शिवकुटी
» टाटा पावर शंकरगढ़
» एन0टी0पी0सी0 मेजा

## कौशाम्बी में ट्रान्सपोर्ट घोटाला कॉमर्शियल वाहन के स्थान पर सरकारी विभागों में चल रहे निजी वाहन

**● उर्मिला ट्रेवल्स को 10 बोलेरो गाड़ियों का मिला ठेका**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में ट्रांसपोर्ट घोटाला सामने आया है जिसमें तीनों तहसीलों में उर्मिला ट्रेवल्स के द्वारा 10 कमर्शियल गाड़ियों का ठेका लिया गया है जिसमें डीएम की स्क्वाड से लेकर तीनों तहसीलों में लगभग तीन-तीन गाड़ियां इस समय संचालित हैं। जैन पोर्टल पर टेण्डर कमर्शियल वाहनों के लिये लिया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा सभी प्राइवेट गाड़ियां लगाई गयी हैं, जिससे नियमों की अधिकारीयों के सामने अनदेखी हो रही है। ठेकेदार द्वारा अपात्र ड्राइवरों की तैनाती कर दी गई। तीनों तहसीलों में SDM, तहसीलदार, नायब तहसीलदार इन सभी गाड़ियों का उपयोग प्रतिदिन कर रहे हैं लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा अपत्ति नहीं की गयी है।जनपद में सरकारी नियमों के विरुद्ध चल रही गाड़ियों से राजस्व विभाग को भी भारी नुकसान हो रहा है। जिसमें अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध गाड़ियों का संचालन जारी है। ADM ने जांच की बात कही है साथ ही पेमेंट की भी जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## कौशाम्बी के लाल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बहुत ही धूम धाम से मनाया गया जन्मदिन




**● उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जन्मदिन पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने हवन कर दीर्घायु हेतु कामना किया**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर स्थित दुर्गा मन्दिर प्रांगण में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने विधि विधान से पूजा हवन कर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु हेतु कामना किया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केक काट कर एक दूसरे को खिला कर जन्मोत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाया गया व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जीवन तथा उनके संघर्ष के बारे में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, कोऑपरेटिव के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, उपमुख्यमंत्री के निवर्तमान मीडिया प्रभारी भोलेशंकर कुशवाहा, पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी, अजय पाण्डेय, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चंद्र दिवाकर, नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष बीरेन्द्र सरोज फौजी, कविता पासी, चेयरमैन सिराथू राजेन्द्र कुमार भोला यादव, चेयरमैन अजुहा शान्ति कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, हुबलाल दिवाकर, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र साहू, शोशल मीडिया संयोजक जितेन्द्र साहू, सभासद झल्लर चौरसिया, विनय पाण्डेय, व सभी मण्डल अध्यक्षगण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की गैर आकांक्षी विकास खण्डों तथा आईजीआरएस की विस्तृत समीक्षा

**● सप्लाई इंस्पेक्टरों एवं पशु चिकित्साधिकारियों की गठित टीम द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर वहॉं पर आ रही समस्याओं को दूर कराने एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को समस्त योजनाओं से कराया जायेगा लाभान्वित**

**गावों में आवासों के चल रहें सर्वे कार्य से कोई भी पात्र आवास से वंचित न रहने पाये-जिलाधिकारी**

**गठित टीम के निरीक्षण का उद्देश्य गॉवों को सभी मूलभूत सुविधाओं एवं सभी सरकारी योजनाओं से संतृप्त करना तथा उनकी शिकायतों को वहीं पर निस्तारण करना है-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में गैर आकांक्षी विकास खण्डों एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तरीय नामित अधिकारी/कर्मचारी आवन्टित ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण करायेंगे। उन्होने कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार गॉवों का भ्रमण किया जा रहा है, इससे गॉव के लोगों को लाभ भी मिल रहा हैं। बैठक में उन्होंने सप्लाई इंस्पेक्टरों एवं पशु चिकित्साधिकारियों की टीम गठित की है, जो ग्रामों का लगातार भ्रमण करेंगी एवं वहॉं पर जो भी समस्यायें आ रही होंगी, उन्हें दूर कराने के साथ ही छूटे हुए पात्र लाभार्थियां को समस्त योजनाओं में से लाभान्वित किये जाने का कार्य करेंगी। उन्होंने गठित टीम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉव में जाकर भ्रमण करते हुए आप सभी को आशा, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों, बच्चों, पंचायत सेक्रेटरी, पंचायत सहायक एवं प्रधानों से भी मिलकर उनके कार्यो में आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कायाकल्प एवं निर्माण के सम्बन्ध में कोई भी समस्या आ रही हो तो सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पीएचसी, सीएचसी एवं हर ग्राम में लगने वाले बी0एच0एन0डी0 सेन्टरों का निरीक्षण किया जायेंगा एवं बी0एच0एन0डी0 सेन्टर में उपस्थित एएनएम, आशा एवं ऑगनबाड़ी कायकत्री सभी से मिलकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जब आप लोग ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण



करें तो बच्चों की उपस्थिति, पोषण ट्रैकर, केन्द्र के समय से खुलने एवं पोषण वितरण आदि की जानकारी अवश्य प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग यह भी चेक करेंगे कि आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री का ड्यूलिस्ट एक जैसा है या नहीं, निरीक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

जिलाधिकारी ने टीम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान जब बी0एच0एन0डी0 सेन्टरों पर जायें तो वहॉं पर बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जॉच एवं एमसीपी कार्ड अवश्य देंखेगे, उससे आप लोगों को सभी जानकारी मिल जायेगी। उन्होंने कहा कि आप लोग प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जब भी जायें तो बिल्डिंग अच्छी है या नहीं, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता एवं टैबलेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अवश्य देखेंगे एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगें। उन्होंने कहा कि गॉवों में आवास के लिए सर्वे का जो कार्य चल रहा है, उसे भी देंखेगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहने पाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत में मुझे एक तालाब चाहिए, चाहे वह छोटा हो, या बड़ा हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉवों में जल निगम द्वारा कराये गये कार्यो का भी निरीक्षण करेंगे जैसे-पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण है या नहीं, हर-घर में नल से जल के तहत हर घर में नल लगा है या नहीं, पानी आ रहा है कि नहीं एवं पाइप लाइन डालने के दौरान खोदी गई रोड बनकर तैयार हुई या नहीं आदि सभी की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस की रिपोर्टिंग ब्लॉक स्तर पर काफी खराब है। सभी अधिकारीगण अपने-अपने निरीक्षण क्षेत्रां में 05-05 आईजीआरएस का सत्यापन भी लें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान भूसा दान करने के सम्बन्ध में भी लोगों से बात कर सहयोग प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि इस निरीक्षण का उद्देश्य गॉवों को सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त करना, सभी सरकारी योजनाओं से संतृप्त करना एवं उनकी शिकायतों को वहीं पर निस्तारण करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## "भ्रष्टाचार पर कार्रवाई ठप, डीसीएलआर की व्यस्तता बनी बहाना"




**सुपौल-** त्रिवेणीगंज अंचलाधिकारी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बीते पंद्रह दिनों से अंचलाधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी खबरें प्रमुख समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित हो रही हैं। छात्र नेता राजद द्वारा दिए गए धरने के बाद जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी (डीसीएलआर) को जांच कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डीसीएलआर साहब कभी कोर्ट की कार्यवाही में तो कभी मीटिंग में व्यस्त होने का हवाला देकर कार्रवाई को टालते आ रहे हैं। अब सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न कोई जांच शुरू हुई है और न ही किसी स्तर पर जवाबदेही तय की गई है। प्रशासन की इस लापरवाही से आम जनता में गहरा आक्रोश है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि अंचल कार्यालय में बिना घूस के कोई भी काम नहीं हो रहा है। यहाँ तक कि सामान्य भूमि संबंधित कार्यों के लिए भी लोगों को मोटी रकम चुकानी पड़ रही है। पत्रकारों द्वारा जब डीसीएलआर से जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई को लेकर सवाल पूछे गए, तो उन्होंने मीटिंग और कोर्ट की व्यस्तता का हवाला देकर फोन काट दिया। कई बार तो उन्होंने फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझा।अब जनता की निगाहें जिलाधिकारी पर टिकी हैं कि वह इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दब जाएगा।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बोरियो स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**साहेबगंज, झारखंड-** प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव ने बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे मरम्मती कार्यों का जायजा लिया और भवन अभियंता को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने ओपीडी, लैब, प्रसव वार्ड एवं दवा वितरण केंद्र का भी गहन निरीक्षण किया। बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई कर्मचारियों को परिसर के अंदर एवं बाहर नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र की स्वच्छता एवं व्यवस्था सीधे आम जनता की सेवा से जुड़ी है, इसलिए इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के समय चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद थे। बीडीओ ने बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों की सराहना भी की।

## साहेबगंज में आपदा प्रबंधन के लिए 12 विशेष कोषांगों का हुआ गठन

**उपायुक्त हेमंत सती ने सुरक्षा एवं राहत व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक**



**साहेबगंज, झारखंड-** भारत सरकार, गृह मंत्रालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिले में कुल 12 विशेष कोषांगों का गठन किया जाएगा। बताया गया कि ये कोषांग मुख्यालय सेवा, वार्डन सेवा, संचार सेवा, हताहत सेवा, अग्निशमन सेवा, बचाव सेवा, कल्याण सेवा, मलबा हटाने की सेवा, शव निस्तारण सेवा, डिपो एवं परिवहन सेवा, प्रशिक्षण सेवा व आपूर्ति सेवा पर केंद्रित होंगे। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कोषांग में समुचित कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही विभागों के बीच समन्वय बनाए रखते हुए समय-समय पर अभ्यास और समीक्षा का आयोजन किया जाए, ताकि आपदा की किसी भी स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सके।

# स्टेशनरी दुकानों में खुलेआम बिक रहा सूखा नशा, सुलेशन सूंघकर बर्बाद हो रहा बचपन

**● सनफिक्स और केमिकल्स की लत से त्रस्त हो रहे मासूम, प्रशासनिक उदासीनता पर उठ रहे सवाल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)-** त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में बच्चों के बीच सूखे नशे की लत एक खतरनाक सामाजिक संकट का रूप लेती जा रही है। यह नशा अब स्टेशनरी दुकानों में धड़ल्ले से बिक रहे सनफिक्स (सुलेशन) जैसे पदार्थों से फैल रहा है, जिसे बच्चे पॉलीथिन या रुमाल में डालकर सूंघते हैं। इसका परिणाम यह है कि मासूम उम्र में ही बच्चे इस जहरीली लत के शिकार हो रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल गरीब तबके तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि संपन्न परिवारों के बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं। शहर के बस स्टैंड, तहसील कचहरी के सामने बने बाढ़ आश्रय स्थल, नहर किनारे और गांवों की गलियों में अब इस तरह के दृश्य आम हो चले हैं, जहां छोटी उम्र के बच्चे सनफिक्स और अन्य केमिकल सूंघते हुए देखे जा सकते हैं।

मंगलवार को जब संवाददाता ने मौके पर बच्चों से बात की, तो उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उन्हें सनफिक्स स्टेशनरी दुकानों से आसानी से मिल जाता है। नशे के आदी बच्चों ने बताया कि अगर यह न मिले तो बेचैनी और पूरे शरीर में दर्द होने लगता है। इसके अलावा, मोटरसाइकिल और साइकिल पंचर बनाने में उपयोग होने वाले केमिकल और लोशन का भी नशे के तौर पर उपयोग किया जा रहा है।

**सामाजिक संकट बनता यह चलन**

यह नशे का नया और खतरनाक चलन न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को तबाह कर रहा है, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और सामाजिक संस्थाएं इस मामले में पूरी तरह उदासीन हैं। न तो किसी प्रकार का सघन छापेमारी अभियान चलाया गया है, और न ही बच्चों को जागरूक करने की कोई पहल




की गई है।

**प्रशासन ने दी प्रतिक्रिया**

इस गंभीर विषय को लेकर जब एसडीपीओ विपिन कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि, "इस दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी भी हो रही है और दोषियों को जेल भेजा जा रहा है। पुलिस पूरी सख्ती के साथ इस पर काम कर रही है।" हालांकि ज़मीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। बच्चों की संख्या में बढ़ता नशे का प्रभाव इस बात का संकेत है कि अब प्रशासनिक सख्ती और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में यह समस्या विकराल रूप ले सकती है।

# विद्यालय कैंपस में शराबखोरी बनी बच्चों के लिए खतरा, टूटी बोतलों से घायल हो रहे छात्र

**● करियातपुर उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय प्रशासन ने की स्थानीय लोगों से अपील**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही, झारखंड-** बरही के उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय करियातपुर के परिसर में शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना अब आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये लोग विद्यालय परिसर में बैठकर शराब पीते हैं और फिर बोतलें तोड़कर वहीं छोड़ देते हैं, जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।विद्यालय प्रशासन के अनुसार, हर सुबह शिक्षक और छात्र मिलकर परिसर की सफाई करते हैं और टूटी हुई शराब की बोतलों को हटाते हैं। यह स्थिति न केवल असहज है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गई है। नईटांड निवासी अखिलेश कुमार पांडेय पिता प्रमोद पांडेय ने जानकारी दी कि लगभग पांच दिन पहले खेलते समय एक छोटा बच्चा टूटी हुई बोतल पर गिर गया, जिससे उसका पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे अभिभावकों और विद्यालय परिवार की चिंता बढ़ गई है।भारत सरकार के निर्देशानुसार किसी भी विद्यालय के 200 मीटर के दायरे को धूम्रपान निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। लेकिन करियातपुर विद्यालय में इसका खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं और इस तरह की गतिविधियाँ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रही हैं। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को आवश्यकता पड़ने पर सार्वजनिक किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने इलाके के सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनता से अपील की है



कि वे इस गंभीर समस्या को समझें और सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आपके ही मोहल्ले के बच्चे इस विद्यालय में पढ़ते हैं। शराब पीने और बोतल तोड़ने जैसी गतिविधियाँ इन बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती हैं। विद्यालय प्रशासन ने निवेदन किया है कि कोई भी व्यक्ति विद्यालय परिसर या उसके आसपास शराब का सेवन न करे, न ही बोतल तोड़ें। समय रहते चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया गया, तो प्रशासन को सख्त कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकाना हुआ खत्म, भारतीय सेना के इस हमले से आतंकवाद को मिलेगा माकूल जवाब- प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही, झारखंड-** पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किए जाने के बाद सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। बंटी मोदी ने कहा कि भारतीय सेना ने यह साबित कर दिया है कि अब आतंकवाद का जवाब सीधे उसकी जड़ पर हमला करके दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया है, वे ही स्थान थे जहाँ भारत के खिलाफ साजिशें रची जाती थीं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल सैन्य ऑपरेशन नहीं, बल्कि भारत की बदलती हुई रक्षा नीति और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज पहले से कहीं अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर हुआ है। बंटी मोदी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर बार यह कर दिखाया है कि वह न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर भी मजबूत संदेश दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को पूरी छूट दी है।और यही कारण है कि हमारी सेना आज पूरी क्षमता के साथ दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब दे रही है। सांसद प्रतिनिधि ने जनता से अपील की कि ऐसे समय में जब देश आतंकवाद के खिलाफ



निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है, हमें अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने और सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह वक्त राजनीति करने का समय नहीं है, देशभक्ति दिखाने का है। हमें अपने सैनिकों पर गर्व है और हम उनके साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर लातेहार विधायक प्रकाश राम सहित कई नेताओं ने दी प्रतिक्रिया, बताया गौरवशाली और ऐतिहासिक कदम

**स्वतंत्र प्रभात**

**लातेहार, झारखंड-** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में गर्व और उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में लातेहार विधायक प्रकाश राम ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय सेना के लिए गौरव का दिन है, यह देश के लिए गर्व का क्षण है। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में निर्दोष लोगों की बर्बरतापूर्वक हत्या का करारा जवाब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। चंदवा के उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि भारत की महिलाओं की मांग का सिंदूर, भारत के सिर का ताज है। ऑपरेशन सिंदूर न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई है, बल्कि यह विश्व शांति की दिशा में भी एक मजबूत संदेश है। पूरा देश भारतीय सेना के साथ तन-मन-धन से खड़ा है। भाजपा नेता महेंद्र साहू ने आतंकियों के पूर्व बयान का हवाला देते हुए तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने कहा था कि 'मोदी को बोल देना' और आज मोदी जी ने अपना जवाब दे दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में एक मजबूत सरकार है और यह पाकिस्तान का समर्थन करने वालों के लिए करारा तमाचा है। हमें भारतीय सेना और वायुसेना को इस सफल ऑपरेशन के लिए बधाई देनी चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। मसूद अजहर के बहावलपुर स्थित ठिकानों पर सटीक हमला किया गया है। खास बात यह रही कि हमारे सभी विमान सुरक्षित वापस लौट आए, जो इस ऑपरेशन की सफलता का प्रतीक है। आज पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है।



भाजपा नेता आदर्श रविराज ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, "पाकिस्तान अब ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं है। यह देश कई टुकड़ों में बंटेगा और दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा। आंतकवाद की ज़मीन जहां भी भारत विरोधी साजिशें रची जाएंगी, उसे नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। भारतीय सेना ने यह दिखा दिया है कि वह हर चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। सेना ने आतंक के घर में घुसकर करारा प्रहार किया है।

# अभी तो ट्रेलर है, अभी पूरी फिल्म बाकी है- सरदार तनवीर सिंह

**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग, झारखंड-** हमारे देश की सेना ने फिर से दिखा दिया कि शांति की चाह रखने वाला भारत, युद्ध में भी किसी से कम नहीं। 'सिंदूर ऑपरेशन' ने केवल आतंकियों को खत्म नहीं किया, बल्कि पूरे देशवासियों को यह भरोसा दिया कि हमारा भविष्य सुरक्षित है। हम हर उस वीर को नमन करते हैं जिन्होंने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। यह अभियान हमारे इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। समाजसेवी सरदार तनवीर सिंह ने कहा कि अभी तो ये ट्रेलर है पूरी फिल्म देखनी बाकी है !देश को जब भी चुनौतियाँ मिली हैं, हमारी सेना ने हर बार अपने शौर्य से इतिहास रचा है। सिंदूर ऑपरेशन सिर्फ़ एक जवाब नहीं, बल्कि भविष्य के दुश्मनों को दिया गया स्पष्ट संकेत है कि भारत अब अपनी रक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगा। हर आम नागरिक की तरह मैं भी आज सीना चौड़ा कर कह सकता हूँ मुझे अपने देश की सेना पर गर्व है। यह ऑपरेशन केवल सीमाओं पर हुआ युद्ध नहीं था, यह हमारी आत्मा पर हुए घाव का उपचार था। %सिंदूर ऑपरेशन% ने यह संदेश दिया कि



अब नारी का सिंदूर केवल श्रृंगार नहीं, साहस और बलिदान का प्रतीक भी है। हर महिला आज अपने भीतर एक नई ऊर्जा और सुरक्षा का अनुभव कर रही है।

# प्रखंड परिसर का ऐतिहासिक पोखर उपेक्षा का शिकार, सौंदर्यीकरण के दावों की खुली पोल

**● स्थानीय लोग बोले–कभी था जल का प्रमुख स्रोत, अब बना गंदगी और मच्छरों का अड्डा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)-** जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत जल स्रोतों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। त्रिवेणीगंज प्रखंड परिसर स्थित ऐतिहासिक पोखर आज बदहाली और उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। कई वर्षों से इस पोखर के सौंदर्यीकरण को लेकर योजनाएं तो बनीं, लाखों रुपये भी खर्च हुए, लेकिन वास्तविक स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। वर्तमान में यह पोखर जलकुंभियों से भरा हुआ है और कूड़ा-कचरा तथा मच्छरों का अड्डा बन चुका है, जिससे क्षेत्र में संक्रमण और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय निवासी बसंत यादव, सुमन कुमार



सिंह डब्लू, दीपक कुमार, कुणाल यादव, अभिषेक कुमार, नीतीश यादव, राजेश चौधरी, मणिकांत यादव, अजय समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह पोखर कभी लोगों के लिए जल का प्रमुख स्रोत हुआ करता था, लेकिन अब यह सरकारी लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन गया है। उन्होंने कहा कि जल-जीवन-हरियाली जैसी योजनाएं कागजों पर ही सजी-संवरी नजर आती हैं, जमीन पर इनका कोई असर नहीं दिखता। ग्रामीणों की मांग है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस दिशा में ठोस पहल करें, ताकि इस पोखर को एक आदर्श जल स्रोत में बदला जा सके। उनका कहना है कि यदि इच्छाशक्ति दिखाई जाए, तो यह पोखर जल संचयन का प्रभावी माध्यम बन सकता है और साथ ही आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ व सुंदर बना सकता है।

**बीडीओ ने दिया जवाब**

मंगलवार को जब इस विषय में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अभिनव भारती से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पोखर की सफाई कराई गई है। इसके जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद को प्रस्ताव भेजा गया है, और उनकी ओर से इसे योजना में शामिल करने का आश्वासन भी मिला है। जल्द ही इस दिशा में ठोस कार्यवाही की जाएगी।

## उपायुक्त हेमंत सती ने किया साहेबगंज मंडल कारा का औचक निरीक्षण



**साहेबगंज, झारखंड-** उपायुक्त हेमंत सती ने साहेबगंज स्थित मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारा की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, कैदियों की दिनचर्या, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। उपायुक्त ने कारा के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए कैदियों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कारा प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कैदियों को समय पर भोजन, स्वास्थ्य जांच एवं मानसिक परामर्श जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। साथ ही जेल परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मंडल कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए सुधारात्मक सुझाव भी दिए और कारा प्रशासन को कैदियों के मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी।

# अनूपलाल यादव महाविद्यालय में "जलवायु परिवर्तन" पर राष्ट्रीय सेमिनार को लेकर बैठक आयोजित

**● प्रख्यात विद्वानों की होगी उपस्थिति, कुलपति करेंगे सेमिनार का उद्घाटन**

**स्वतंत्र प्रभात**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)-** अनूपलाल यादव महाविद्यालय, त्रिवेणीगंज के आइक्यूएसी (द्वन्द्व) के तत्वावधान में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 23 मई 2025 को "क्लाइमेट चेंजेज इंपैक्ट्स, कॉसेस एंड कंट्रोल - जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, कारण और नियंत्रण" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयदेव प्रसाद यादव ने की तथा आयोजन में महाविद्यालय के सचिव श्री कपलेश्वर यादव का संरक्षण रहा। सेमिनार की रूपरेखा एवं आयोजन से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अशोक कुमार द्वारा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सेमिनार का उद्घाटन भूपेंद्र नारायण मंडल



विश्वविद्यालय, मधेपुरा के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) बी. एस. झा के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए सौवेनिर, ब्रोशर तथा आईएसबीएन संख्या पर भी विचार विमर्श किया गया।

रजिस्ट्रेशन शुल्क, फैकल्टी- 1000, स्कॉलर- 850, छात्र- 500 सेमिनार में शोध-पत्र (आर्टिकल) 16 मई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। इस बैठक में डॉ. हेमंत कुमार, प्रो. सुरेंद्र प्रसाद यादव, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. प्रदीप प्रकाश, डॉ. सुदीत नारायण यादव, प्रो. महेश सराफ, प्रो. कमला कांत यादव, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. विजेंद्र यादव, प्रो. सूर्यनारायण यादव, प्रो. कमल किशोर यादव, प्रो. अरविंद कुमार, सुरेंद्र कुमार, भूषण कुमार, गगन कुमार, दिग्दर्शन, रोशन कुमार, निशांत कुमार, मनोज कुमार, ललिता कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमले को लेकर भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को सराहा

**● भारतीय सेना का साहस अतुलनीय, प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व निर्णायक और प्रेरणादायक- रंजीत चंद्रवंशी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** पाकिस्तान में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा की गई सफल कार्रवाई के बाद पूरे देश में गौरव और सम्मान का माहौल है। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चंद्रवंशी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को देश के लिए ऐतिहासिक और निर्णायक बताया। रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब बात राष्ट्र की सुरक्षा की हो, तो हमारा जवाब न केवल सटीक होता है, बल्कि शत्रुओं के दिलों में भय भी उत्पन्न करता है। नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना कोई साधारण बात नहीं है, यह एक रणनीतिक और साहसी कदम है जो हमारी सेना की क्षमता और संकल्प को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट संकेत है। हमारे जवानों ने यह साबित कर दिया है कि वे न केवल सीमाओं की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन की धरती पर जाकर उन्हें करारा जवाब भी दे सकते हैं। रंजीत चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को निर्णायक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि आज देश एक ऐसे मजबूत नेतृत्व के साए में है जो न केवल कड़े निर्णय लेने में सक्षम है, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित भी करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह दिखाया है कि भारत



अब किसी भी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ पूरी शक्ति से खड़ा है और हर हमले का जवाब देने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार में केवल बातें नहीं होतीं, बल्कि ठोस और साहसी निर्णय लिए जाते हैं, जिनका प्रभाव अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी महसूस किया जाता है। श्री चंद्रवंशी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस समय हमें एकजुट होकर अपनी सेना और सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए।

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो पहुंचे बरही, आजसू नेता संजय मेहता के आवास पर हुआ भव्य स्वागत

**● भारतीय सेना का साहसिक कदम देश की संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक है- सुदेश महतो**

**एयर स्ट्राइक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प है- चंद्रप्रकाश चौधरी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही, झारखंड-** गया के दौरे पर निकले आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो पार्टी के नेता संजय मेहता के बरही स्थित आवास पर पहुँचे। उनके साथ गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और मांडू विधायक तिवारी महतो भी मौजूद थे। संजय मेहता और उनके कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो एवं अन्य नेताओं का भव्य स्वागत किया। उन्हें बुके भेंट कर और पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर मीडिया से बात



करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पाकिस्तान पर हुए एयर स्ट्राइक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का यह साहसिक कदम देश की संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक है। सरकार और सेना ने यह साबित कर दिया कि देश की सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। देश की जनता इस निर्णय के साथ खड़ी है और हम सभी को इस पर गर्व है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी एयर स्ट्राइक को लेकर सरकार की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक जवाब नहीं था, बल्कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प है। हम प्रधानमंत्री जी और हमारी सेना के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। यह कार्रवाई आतंकियों को एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। वहीं मांडू विधायक तिवारी महतो ने कहा कि यह सरकार की इच्छाशक्ति और सेना के पराक्रम का नतीजा है कि आज पूरा देश गौरव महसूस कर रहा है। हमारा फर्ज है कि हम इस निर्णय का समर्थन करें और देश की अखंडता के लिए एकजुट रहें। मौके पर आजसू नेता संजय मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष परमेश्वर मेहता, बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी प्रदीप मेहता, पूर्व विधायक लम्बोदर महतो, प्रवीण प्रभाकर, डॉ देवशरण, डॉ अमर चौधरी, वरिष्ठ नेता भुनेश्वर यादव, विकास सिंह, अमित सिंह, मो शरीफ, मो मासूम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरो का हौसला बुलंद भारी मात्रा में जेवरात लेकर फरार



**जौनपुर बक्शा,** स्थानीय थाना क्षेत्र के चकमुरली गांव निवासी दान बहादुर यादव के घर बीती रात हौसला बुलंद चोरो ने भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरी की भनक लगते ही पुरे परिवार में मातम छा गया। परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित ने सुबह स्थानीय थाना बक्शा पर लिखित तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि छत के सहारे चोर घर के अंदर प्रवेश कर पहले दरवाजा का ताला तोड़ा फिर आलमारी का लाकर तोड़ कर आठ सोने की चैन एक चांदी का छागल एक चांदी का करधन तीन सोने की अंगूठी चोरों द्वारा चुरा ले गए। घटना के समय परिवार बाहर सोए हुए थे। उधर हौसला बुलंद चोर कई लाखों का जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के केन्द्रों का बुधवार को कुलपति प्रो वंदना सिंह ने औचक निरीक्षण किया. उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, बिजली और विद्यार्थियों के लिए पेयजल सुविधा को भी देखा। कहा कि पारदर्शी तरीके से परीक्षाओं को संपन्न कराये. उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं में भरी जाने वाली सूचनाओं का मिलान अवश्य करे। जौनपुर जनपद के परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया साथ ही विद्यार्थियों से परीक्षा के बारे में भी जानकारी ली. कुलपति के साथ निरीक्षण में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह भी मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि केडीएस पीजी कॉलेज जौनपुर, कौशिल्या महाविद्यालय पर प्रकाश व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए है, बिजली न होने की स्थिति में परीक्षा के दौरान जनरेटर चलाया जाये. इसके साथ ही मड़ियाहूं पीजी कॉलेज की परीक्षा का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कार्यरत होनी चाहिए।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन कर योजना का ले लाभ- मोहन त्रिपाठी



**रायबरेली,** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रु0 15000/- तथा दम्पत्ति में युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000/- एवं दम्पत्ति में युवक, युवती दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000/- की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने का प्राविधान है। उन्होंने पात्रता की शर्तो के बारे में बताया है कि विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति आयकरदाता की श्रेणी में न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक हो। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। पति, पत्नी का राष्ट्रीयकृत बैंक में खुला हुआ संयुक्त खाता। इच्छुक दिव्यांगजन जो उपर्युक्तानुसार पात्रता पूर्ण करते हों, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत निर्धारित वेबसाइट https://divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर हार्ड कापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन रायबरेली में जमा करायें।

# मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों का लगातार तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन,डिमोशन और वेतन कटौती को लेकर जताया आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** जिले के उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज में कार्यरत करीब 300 से अधिक स्टाफ कर्मियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध 3 दिनों से कॉलेज परिसर के बाहर चिलचिलाती धूप में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें उनके मूल पद से हटाकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर नियुक्त कर दिया गया है, साथ ही उनका वेतन भी लगभग 4000 से 5000 तक कम कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी ने बताया कि न केवल मेडिकल कालेज में बीते तीन साल से कर्मचारी नर्स सहित तमाम पदों पर सेवा दे रहे, अचानक मेडिकल कालेज प्रशासन ने मूल पद से हटा दिया और वेतन कटौती आदेश दे दिया,मेडिकल कालेज के इस तुगलकी फ़रमान से कई रोजगार युवाओ बेरोजगार होने के मुकाम पर खड़े हो गए है। मेडिकल कॉलेज के अंदर उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। महिला कर्मचारी नर्सो ने मेडिकल कालेज पर प्रशासन पर यह आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर के अंदर न तो उचित रहने की व्यवस्था है, न ही बाथरूम की व्यवस्था है, जिसके कारण इन महिला कर्मचारी को 500 मीटर दूर जाकर शौचालय के लिए जाना पड़ता है।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मीडिया से बताया कि जल्द ही उन्हें नौकरी से हटाया जा सकता है और इसके बाद नई नियुक्तियों के नाम पर पैसों की वसूली की जाएगी। इस गंभीर मुद्दे को लेकर स्टाफ कर्मियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें उसी पद पर बहाल किया जाए जिस पर उनकी मूल नियुक्ति हुई थी। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे मेडिकल कॉलेज के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर हो सकते है।

## पूर्व कांग्रेसी नेता का निजी स्कूल बना प्रेम प्रसंग का अड्डा, स्थानीय लोग परेशान

**जौनपुर।** नगर के एक पूर्व कांग्रेसी नेता के निजी स्कुल को लेकर इन दिनों आम चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों के मुताबिक, इस स्कुल में शिक्षा के नाम पर कुछ और ही "पाठ" पढ़ाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्कुल में शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत अन्य स्टाफ खुलेआम प्रेम प्रसंगों में लिप्त हैं।बताया जा रहा है कि स्कूल के भीतर ही प्रेमी-प्रेमिकाओं के मिलने-जुलने का सिलसिला बेधड़क जारी है, जिससे आसपास के लोग बेहद परेशान हैं। मोहल्लेवालों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में नैतिकता और अनुशासन का उल्लंघन हो रहा है, जो कि आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक साबित हो सकता है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस स्कुल की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो स्कुल पर अविलंब कार्रवाई की जाए। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो भविष्य में नाबालिग लड़के-लड़कियों के लापता होने जैसी घटनाएं आम हो सकती हैं।

# भारतीय सेना को धर्मगुरु मौलाना सफ़दर हुसैन ज़ैदी ने किया सैल्यूट

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानो पर ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक का स्वागत करते हुए धर्मगुरु मौलाना सफ़दर हुसैन ज़ैदी ने कहाकि हमारी बहादुर फौज ने ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक कर के आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह किया है, ये मुल्क के लिए गर्व और इत्मिनान का सबब है। हम सभी देशवासी इस कामयाबी पर हूकूमत और भारतीय सेना को दिल से मुबारकबाद पेश करते हैं, इसके लिए हम भारतीय सेना को सैल्यूट करते है।

मौलाना सफ़दर हुसैन ज़ैदी ने कहाकि यह ज़रूरी था कि पाकिस्तान की नापाक साज़िशों का मुँह तोड़ जवाब दिया जाए, और हमारी जाबांज़ फौज ने यह काम बहुत ही बेहतरीन अंदाज़ में अंजाम दिया है। इससे न सिर्फ़ दुश्मन के हौसले पस्त हुए हैं, बल्कि मुल्क भर के लोगों का सर भी फ़ख्र से बुलंद हो गया है। उन्होंने कहाकि हुकूमत इस बात का एहसास रखती है कि आवाम ने हर मुश्किल वक़्त में फौज का साथ दिया है, और इस बार भी उन्होंने हिम्मत और इत्मिनान का मुज़ाहिरा किया है , यह हमारी क़ौमी यकजेहती और बहादुरी की ज़िंदा मिसाल है। हम अपने मुल्क के उन बहादुर जांबाज़ों को भी सलाम करते हैं जिन्होंने वतन की इज़्ज़त और हिफ़ाज़त के लिए अपनी जान दी है। जिनकी क़ुर्बानियों के नतीजे में आज सारी दुनिया में हमारा मुल्क आज़ादी और सलामती का प्रतीक बना हुआ है। दुनिया हमारे मुल्क को इज़्ज़त की नज़र से देखती है , उनकी क़ुर्बानियाँ हमेशा याद रखी जाएँगी।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सिंचाई विभाग के बाबू की मौत,दूसरा गम्भीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात




**जौनपुर जफराबाद।** स्थानीय थाने के सामने मंगलवार की रात को डीसीएम ट्रक की चपेट में आने से आकर बाइक सवार सिंचाई विभाग के 51 वर्षीय बाबू की मौत हो गयी।तथा एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद ट्रक चालक भाग कर थाने के अंदर चला गया। जौनपुर मुख्यालय में सिंचाई विभाग में आनंद कुमार पुत्र पतिराज बाबू पद पर तैनात थे।वे क्षेत्र के जगदीशपुर में मकान बनाकर रहते है।उनका पैतृक घर जलालपुर के हरिपुर गांव में है। आनंद कुमार मंगलवार की रात को जफराबाद थाने के सामने स्थित एक मैरेज लॉन में अपने परिचित के शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे।वहां से खाना खाकर बाइक से अपने ऑफिस में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर रंजीत साहनी पुत्र स्वर्गीय भगवान दास निवासी मियांपुर थाना लाइनबाजार के साथ घर लौट रहे थे।दोनो लॉन से बाइक से जैसे ही जौनपुर वाराणसी मुख्य मार्ग पर पहुंचे।उसी समय जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रही डीसीएम ट्रक ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया।आनंद कुमार तथा रंजीत कुमार बाइक सहित गिर गए।आनंद कुमार की मौके पर मौत हो गयी।रंजीत साहनी गम्भीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया।जहा रंजीत की हालत गम्भीर देख कर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया।मृतक आनंदकुमार का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।आनंद के दो पुत्र तथा एक पुत्री है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

## सीएचसी अधीक्षक ने किया बच्चों का स्वास्थ परीक्षण

**कछौना(हरदोई)-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना के अधीक्षक डॉक्टर रजनीश द्वारा प्राथमिक विद्यालय कछौना देहात तथा प्राथमिक विद्यालय बघोड़ा में चल रहे आरबीएसके के स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया जिसमें कुल 135 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अधीक्षक द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। कार्यक्रम के जिला प्रबंधक मोहम्मद शाहिद द्वारा अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अवगत कराया गया कि किसी भी बच्चे में स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी आने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर तत्काल संपर्क करें। टीम लीडर डॉक्टर करण सिंह की अगुवाई में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर डॉक्टर वंदना, डॉक्टर अर्चना सिंह, निशा, राखी, दीक्षा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन प्रांगण में वॉर टाइम मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बीच पुलिस लाइन में आपदा से निपटने के लिए रिहर्सल शुरू हुई। आम जनमानस को एयर अटैक और बमबारी से बचने की ट्रेनिंग दी गई। हमले के बाद सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट किया गया।मॉकड्रिल के आखिरी में भूतपूर्व सैनिकों व वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।मॉक ड्रिल के दौरान बमबारी-भगदड़ का सीन क्रिएट किया गया। सिविल डिफेंस टीम को बताया गया कि बमबारी हुई है और भगदड़ मच गई है। कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस जवान के साथ लोग घायलों को घटनास्थल से बाहर निकालकर मेडिकल पोस्ट पर लाते हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जाता है बुधवार को भी पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का रिहर्सल किया गया था। जिसमें सिविल डिफेंस के लोग सायरन बजते ही जमीन पर लेट गए और हाथों से अपने दोनों कान बंद कर लिए गोली लगने या हमलों के दौरान क्या किया जाए, इसकी ट्रेनिंग भी आम लोगों को दी गई थी। जिलाधिकारी

डा0 दिनेश चन्द्र,पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ,की अध्यक्षता में पुलिस लाइन प्रांगण में वॉर टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन कर आम जनमानस को आपातकालीन परिस्थितियों जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों/सुरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजने पर नागरिको को सुरक्षित स्थान पर पहुँचने हेतु की गयी गतिविधियाँ एवं बम फटने के पश्चात चपेट में आये नागरिको को प्रशासन व मेडिकल टीम द्वारा तत्काल सहायता उपलब्ध करायी गई एवं फायर सर्विस द्वारा आग लगने पर बचाव हेतु जानकारी देते हुए आग को बुझाया गया। इस दौरान ध्रुव खड़िया, मुख्य विकास अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल, आलोक सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल, डा0 लक्ष्मी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी आयुष श्रीवास्तव, अपर



पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण देवेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, परमानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर, इन्द्र नन्दन सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ओपी सिंह, जिला होमगार्ड कमान्डेन्ट, रजनीश सिंह, मेजर 98ज्ञ॥ बटालियन टीडी कालेज एनसीसी, डा0 राजीव कुमार, एडिशनल सीएमओ अजीत पाण्डेय, भूतपूर्व कैप्टन, डा0 राजेश, भूतपूर्व सैनिक संगठन, दिग्विजय रावत, जिला सैनिक पुर्नवास कल्याण अधिकारी, नागेश प्रसाद द्विवेदी, एफएसओ, अनुपम सिंह, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया गया।

# जातीय जनगणना के सूत्रधार अखिलेश यादव- राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में सांसद कार्यालय नईगंज में प्रातः 10 बजे संपन्न हुई।ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने प्रदेश कार्यालय से आए प्रपत्र एवं एजेंडे से सदन को अवगत कराया।समाजवादी पार्टी के सांसद बाबूसिंह कुशवाहा के जन्मदिन पर केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। समाजवादी पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल को रेलवे का सलाहकार , वरिष्ठ नेता रत्नाकर चौबे को ब्राह्मण महासभा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर ज़िला इकाई द्वारा माल्यार्पण कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा बधाई दी गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सार्थक प्रयासों एवं PDA की एकजुटता ने सामंती सरकार को जातीय जनगणना कराने के लिए मजबूर कर दिया। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि PDA समाज को ज़मीनी स्तर पर जोड़ने के लिए जनपंचायत कार्यक्रम अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने काटने एवं संशोधन के लिए बूथ स्तर पर काम करते हुए सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिए।

बैठक को पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अरशद खान, पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संगीता यादव, पूर्व प्रदेश सचिव कलीम अहमद, ज़िला उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल, पूर्व प्रमुख रमापति यादव, रुखसार अहमद, रत्नाकर चौबे, अनवारूल हक गुड्डू, ज़िला उपाध्यक्ष गण राजमूर्ति सरोज, उमाशंकर पाल, राजेंद्र यादव टाइगर, महेंद्र यादव नैपाल, हीरालाल विश्वकर्मा, निज़ामुद्दीन अंसारी, दिनेश यादव फौजी, औन मोहम्मद मुन्ना, ऋषि यादव एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष गण रामजतन यादव, वीरेंद्र यादव, सोचनराम विश्वकर्मा राम अकबाल यादव, रामू मौर्य, नंदलाल यादव, नीरज पहलवान, फ्रंटल संगठनों से श्यामनारायण बिंद, शर्मिला यादव, देवेंद्र साहू, मंजय कन्नौजिया, मुनव्वर अली, कमलेश चंद, रजनीश मिश्रा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।बैठक में प्रदेश सचिव सुशील दुबे, वरिष्ठ नेता प्रभानंद यादव, कोषाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, गुलाब यादव, संतोष मौर्य



मुन्ना, मनोज कुमार मौर्य, संजय यादव, भानु प्रताप मौर्य, दीपक यादव पप्पू, सोनी सेठ, गुड्डू सोनकर, अशोक नायक, धीरज बिंद, धर्मेंद्र सोनकर, पवन कुमार मौर्य, आनंद कुशवाहा, प्रभाकर मौर्य, डॉ शिवजीत यादव, विकास यादव, जयहिंद यादव प्रधान, अरशद अंसारी, आसिफ शाह, अरविंद सोनकर, सादिक अली, अमित यादव, रंगबहादुर यादव, सनी यादव बिट्टू, कमलेश यादव, रंजीत गौतम, अवनीश कुमार सरोज, सिद्धार्थ यादव, गुलशन यादव, हृदयनारायण यादव, सुनील वासुदेव, सौरभ यादव, अनीश मौर्य, आकाश यादव, राहुल यादव, सुमित यादव, सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे। मासिक बैठक का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# विज्ञान संकाय के दो छात्रों ने सीएसआईआर नेट में हासिल की सफलता





स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के विज्ञान संकाय के दो मेधावी छात्रों- विकास प्रजापति (माइक्रोबायोलॉजी विभाग) एवं अंकित कुमार मौर्य (बायोकेमिस्ट्री विभाग)–ने CSIR-NET 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। विकास प्रजापति ने अखिल भारतीय स्तर पर 149वीं रैंक प्राप्त कर जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) श्रेणी में सफलता प्राप्त की, वहीं अंकित कुमार मौर्य ने असिस्टेंट प्रोफेसर श्रेणी में 81वीं रैंक हासिल की है। इससे पूर्व दोनों छात्रों ने ळ्।ज्म् 2025 परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शोध के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने इस सफलता को संकाय के शैक्षणिक वातावरण और छात्रों की सतत मेहनत का परिणाम बताया। डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. संजीव मौर्य, डॉ. ऋषि श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु चलाया गया विशेष अभियान



**कोराव, प्रयागराज।** बलराम शैक्षिक समाज सुधार समिति द्वारा संचालित माँ शारदे इण्टर कालेज सिरहिर मेजा प्रयागराज के संस्थापक एवम प्रबन्धक उमा सिंह के संरक्षण मे आज दिनांक 07/05/2025 दिन बुधवार को बाल विवाह की रोकथाम हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। जिसमे समाज कल्याण विभाग से आये रविशंकर ने बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक किया और हस्ताक्षर अभियान चलाया। माँ शारदे इण्टर कालेज प्रधानाचार्या पूर्ण वर्मा जी ने भी संबोधित करते हुए इस जागरूकता अभियान पर प्रकाश डाला जिसमें विद्यालय के समन्वयक्त श्री संदीप पाण्डेय, करुणा द्विवेदी, शिवप्रसाद रिमृता सिंह, शशांक पाण्डेय, श्रीधर पाण्डेय, अरविन्द यादव, अनिल, रेनू पाण्डेय नेब्बू लाल आदि उपस्थित रहे।

# शादी के 10 दिन बाद दुल्हन प्रेमी संग फरार, परिजनों ने लगाया अपहरण का आरोप

स्वतंत्र प्रभात




**समस्तीपुर** में शादी के दस दिन बाद ही दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस घटना के बाद दुल्हन की मां ने थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसएचओ राहुल कुमार ने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। लड़की की मां ने आरोप लगाया है कि शादी के 10 दिन बाद ही उसकी बेटी को घर से गायब कर दिया गया। जब आरोपी से बात की गई तो उसने कहा कि उसकी प्रेमिका की उससे शादी नहीं हुई थी, इसलिए वह उसे लेकर आया। इसके अलावा अपराधी ने लड़की की मां से कहा कि जो करना है कर ले। इस मामले में लड़की की मां ने स्थानीय थाने में आरोपी प्रेमी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में लड़की की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया गया है। उसकी बेटी को उसके ही प्रेमी ने गायब किया है। लड़की के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार लापता दुल्हन की शादी 10 दिन पहले ही हुई थी। अब अचानक लड़की का प्रेमी उसे बंदूक की नोक पर लेकर फरार हो गया है। लड़की के साथ उसका प्रेमी उसके सारे जेवर भी लूट ले गया है।

# ब्लैक आउट के लिए कानपुर में सफलतापूर्वक की गई मॉकड्रिल

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के अति संवेदनशील कानपुर में भी भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाओं के चलते हवाई हमले से बचाव को लेकर तेज हुई तैयारियों के क्रम आज बुधवार शाम 4 बजे से शहर के 13 स्थानों पर मॉकड्रिल की गई। जिसमें 10 स्थानों पर अग्नि सुरक्षा और 3 स्थानों पर रेस्क्यू के लिए भी ड्रिल की गई। आग से बचाव की मॉकड्रिल यहां के बड़ा चौराहा, डॉ.एसके सिंह चौराहा, लखनपुर, अनुराग हास्पिटल शारदा नगर चौराहा, संतनगर चौराहा, मलिक गेस्ट हाउस, रामादेवी चौराहा, बासमंडी चौराहा, पाल चौराहा, दबौली मोड, श्रीमुनि इंटर कालेज गोविंद नगर और यशोदा नगर इंटर कालेज में रात साढ़े 9 बजे से 10 बजे तक शहर के अंदर ब्लैकआउट में सफलता के लिए की गई।

इसी क्रम में डिप्टी डिवीजनल वार्डन प्रखंड रतनलाल नगर दीपनारायण दीक्षित ओमी और अन्य पदाधिकारी की मौजूदगी में दबौली मोड चौराहे पर भी गोविंद नगर के अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह और रतनलाल नगर के चौकी प्रभारी मनीष चौहान के साथ सब इंस्पेक्टर सूरज कुमार आदि की टीम ने भी मॉकड्रिल के आयोजन को सफलता पूर्वक करवाया। इस मॉक ड्रिल के बारे में अभी अवगत कराते चले कि इतने बड़े पैमाने पर यह कानपुर समेत देश में वर्ष-1971 में हुए युद्ध के दौरान हुई थी। इसमें सेना, एयरफोर्स, पुलिस, सिविल डिफेंस, एनसीसी, एसडीआरएफ जवान शामिल हुए।

# हवाई हमले से सुरक्षा हेतु जीआईसी ग्राउंड में अभ्यास (ड्रिल) का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**रायबरेली,** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की उपस्थिति में जी0आई0सी0 ग्राउंड में संभावित हवाई हमले से सुरक्षा हेतु एक पूर्व नियोजित अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा मानसिक रूप से तैयार रहना है। भारत सरकार द्वारा आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन को युद्ध जैसी आपात स्थितियों के लिए तैयार करना है। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा उपायों और प्रशिक्षण सत्रों को शामिल किया गया है। हम सब की सजगता और तैयारी ही हमारी सुरक्षा की कुंजी है। आज के आयोजित मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग एवं आपदा मित्रों के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं अन्य जनमानस को क्या करें के सम्बन्ध में अभ्यास एवं जागरूक किया गया, जो निम्नवत है-

कृपया घबराएं नहीं। बच्चों को अवश्य जागरूक करें।

हवाई हमले से बचाव हेतु निम्नलिखित चेकलिस्ट को अपने मोबाइल में सुरक्षित रखें-

**1. अलर्ट और सतर्कता**

» एयर रेड सायरन की आवाज पहचानें।

» मोबाइल, रेडियो अथवा अन्य माध्यमों से सरकारी अलर्ट प्राप्त करें।

» अफवाहों पर विश्वास न करें; केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान दें।

**2. सुरक्षित स्थान (शरणस्थल)**

» निकटतम बंकर अथवा सार्वजनिक शरणस्थल की जानकारी रखें।

» अपने घर में एक मजबूत, बिना खिड़की वाला कमरा चिन्हित करें।

» शरणस्थल तक शीघ्र पहुँचने का मार्ग पूर्वनिर्धारित रखें।

3. आवश्यक सामग्री तैयार रखें

» कम से कम तीन दिन का पीने योग्य जल।

» सूखा भोजन जैसे बिस्कुट, ड्राई फ्रूट्स आदि।

» प्राथमिक चिकित्सा किट।

» टॉर्च और अतिरिक्त बैटरियाँ।

» पोर्टेबल रेडियो।

» आवश्यक दस्तावेज़ (पहचान पत्र, चिकित्सा रिपोर्ट, बैंक विवरण आदि)।

» मोबाइल चार्जर और पावर बैंक।

**4. अंधकार और सुरक्षा**

» रात के समय पूर्ण ब्लैकआउट सुनिश्चित करें - सभी लाइटें बंद रखें।

» खिड़कियों को मोटे पर्दो, काले कागज़ या ब्लाइंड से ढकें।

» शीशों से दूर रहें; आवश्यकता पड़ने पर ज़मीन पर लेट जाएँ।

**5. अभ्यास और पूर्व तैयारी**

» परिवार के साथ हवाई हमले से बचाव की ड्रिल का अभ्यास करें।

» बच्चों को सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया से अवगत कराएँ।

» पड़ोसियों से संपर्क बनाए रखें और सामूहिक सहयोग सुनिश्चित करें।

**6. हमले के पश्चात सावधानियां**

» केवल सरकारी निर्देश मिलने पर ही बाहर निकलें।

» घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दें।

» किसी भी संदिग्ध वस्तु या बम को न छुएँ; तुरंत पुलिस अथवा संबंधित विभाग को सूचित करें।

**7. सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर आचरण एवं सावधानियाँ**

» अफवाह न फैलाएँ। किसी भी सूचना को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि करें।

» भावनात्मक या उकसाने वाली पोस्ट से बचें। यह शांति और सुरक्षा के लिए घातक हो सकता है।

» सरकारी या सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी सूचनाओं को ही आगे बढ़ाएँ।

» अनधिकृत वीडियो या फोटो साझा करने से बचें। इससे आतंक और भ्रम फैल सकता है।

» "सोशल मीडिया पर संयम और समझदारी, हमारी नागरिक जिम्मेदारी है।"

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा सहित संबंधित अधिकारीगण व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण, विद्यार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

**अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराएं - जिलाधिकारी**




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आज जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कुल 15 शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें 09 राजस्व विभाग, 04 पुलिस विभाग, 01 पूर्ति विभाग तथा 01 चकबंदी विभाग की शिकायत प्राप्त हुई जिनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व विभाग की शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान दें।

### विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति द्वारा जिले में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा को किया सम्मानित



**सीखड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में श्री शंकराश्रम इण्टर कालेज सीखड़ की मेधावी छात्रा आरोही दूबे ने मीरजापुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया तो उसी क्रम में बुधवार को शंकराश्रम इण्टर कालेज सीखड़ के विद्यालय के परिवार एवं प्रबंध समिति द्वारा आरोही दूबे को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा छात्रा को 5100 रूपए नगद धनराशि देकर कर पुरस्कृत किया गया प्रबंधक राधेश्याम चतुर्वेदी ने कहा कि मेधावी छात्रा के आगे की पढ़ाई में हर संभव मदद किया जाएगा। उक्त अवसर पर उप प्रबंधक कृपा शंकर चौबे प्रधानाचार्य शिव कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य अनिल कुमार पाण्डेय, राकेश चन्द्र दूबे, दिलीप कुमार सिंह, घनश्याम गुप्ता,रूपम शुक्ला, लक्ष्मी कांत यादव, विपीन, अनिल कुमार, मनोज कुमार चौबे सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण एवं टूलकिट के लिए करें आवेदन




**चित्रकूट-** उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि शासन द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुशल व अकुशल कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों आदि के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना लागू की है। जिसमें जिला चित्रकूट में एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत काष्ठ कला उत्पाद, बुढेन गुड्स व लकड़ी के खिलौनें का चयन किया गया है। कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित लाभार्थी विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि आवेदन करने वाले लाभार्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। बताया कि आवेदन की अन्तिम तिथि 30 जून निर्धारित है।

# मॉकड्रिल से पहले जिलाधिकारी ने सिविल डिफेंस को दिए निर्देश

## मॉकड्रिल से होने वाले फायदों के विषय में भी डीएम ने समझाया

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किये जाने से पहल जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने फूलबाग में नागरिक सुरक्षा कार्यालय में उपस्थित सिविल डिफेंस के वार्डनों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सिविल डिफेंस के वार्डेनों को संबोधित करते हुए उनकी सेवाओं की सराहना की और उन्हें नागरिकों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने भी सिविल डिफेंस को नागरिक सुरक्षा में पहली पंक्ति में रखा है, जो उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य सिविल डिफेंस के वार्डेनों को नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षित करना और उनकी क्षमताओं का परीक्षण करना है। इससे उन्हें किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी। सिविल डिफेंस की भूमिका नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षा में बहुत महत्वपूर्ण है। वे आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों को सुरक्षित रखने और सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सिविल डिफेंस के वार्डेनों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति और अधिक जागरूक होने में मदद मिलेगी। इससे नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षा में सुधार होगा।



### संभागीय परिवहन कर्मचारी संघ का सम्मान समारोह संपन्न



**कानपुर।** संभागीय परिवहन कर्मचारी संघ के सम्मान समारोह में आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव व सतेंद्र कुमार को नव निर्वाचित अध्यक्ष अंबरीश राव, मंत्री श्याम करण यादव व उपाध्यक्ष सरफराज ने प्रतीक चिन्ह देकर व अंगवस्त्र पहना कर किया सम्मानित। सम्मान समारोह में अपने संबोधन ने परिषद के अध्यक्ष ने कहा,आरटीओ कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने में परिषद अग्रणी भूमिका निभायेगी।

## यह हर भारतीय के हृदय की पीड़ा पर मरहम लगाने का क्षण है - सतीश महाना

**● भावुक सतीश महाना ने शुभम के घर पहुंच कर पत्नी ऐशान्यां के पैर छुए**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आज भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से 'ऑपरेशन सिंदूर 'की सफलता के बाद प्रातः शुभम् द्विवेदी के घर पहुंचे और पत्नी ऐशान्यां के पैर छुए और बोले जो कहा वो किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा के हम वो पल भूले नहीं हैं जब हमारी बच्चियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ दिया गया था। और आतंकी बोल कर गये थे कि मोदी से कह देना कि उन्होंने मार दिया है। सतीश महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चियों की वेदना को समझा और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम वह क्षण भूले नहीं हैं जब एक बच्ची अपने पति के शव के पास बैठी रो रही है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जबाब मिल गया है। सतीश महाना इस समय काफी भावुक दिखाई दिए। वो शुभम् द्विवेदी की पत्नी ऐशान्यां के पैर छूने के लिए झुके लेकिन ऐशान्यां ने उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने ऐशान्यां को गले लगा लिया पीठ थपथपाई और हिम्मत बढ़ाई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुभम के पिता व अन्य परिवारीजनो से बात की और कहा कि पाकिस्तान को जवाब दे दिया गया है। आज प्रातः विधानसभा क्षेत्र में 'भारत माता की जय 'का ओजस्वी उद्घोष किया, तो सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावधारा से सराबोर हो उठा। हर दिशा में गर्व, श्रद्धा और सुकून की लहर दौड़ गई। सतीश महाना ने इस ऐतिहासिक क्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, अपितु हर भारतीय के हृदय की पीड़ा पर मरहम रखने वाला क्षण है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम और संकल्प का सजीव प्रमाण है। हमें अपनी सेना पर गर्व है, जो हर बार देश की अस्मिता के लिए ढाल बनकर खड़ी होती है।"

### दोना मशीन के लिए करें आवेदन




**चित्रकूट-** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीनों का निःशुल्क वितरण किया जाना है। परम्परागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले एवं दोना बनाने वाले ऐसे कारीगर जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हो, इस योजना का लाभ पाने के लिए विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करने के बाद लाभार्थी अपना आधार कार्ड, फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड एवं शिक्षा सम्बन्धी अभिलेख एकत्रित कर आगामी 20 मई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन सोनेपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। बताया कि शासन द्वारा गठित समिति द्वारा चयन की कार्यवाही की जायेगी।

# मॉकड्रिल की गतिविधियों की कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** दिनांक 07.05.2025 को "ऑपरेशन ब्लैक आउट"के अंतर्गत चल रही मॉक ड्रिल की निगरानी हेतु अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा स्वयं इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर (ICCC) पहुंचकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही मॉक ड्रिल गतिविधियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की गई। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा मॉक ड्रिल से जुड़े संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए, जिससे कि इस अभ्यास को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। इस मॉक ड्रिल की ICCC से निगरानी की जिम्मेदारी अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था मनीष चन्द्र सोनकर को सौंपी गई है। उन्होंने फील्ड में मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेन्स और पुलिस की उपस्थिति एवं तत्परता की लगातार समीक्षा की। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त (अभिसूचना) राजेश कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहें। कमिश्नरेट कानपुर नगर की यह पहल आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु शहर की तैयारी एवं समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा लांच की गई निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड योजना

**● मिलेगा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व लैब जांचो पर आर्थिक सहयोग**

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** भारत का सबसे मजबूत व प्रतिष्ठित संगठन नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा संगठन से जुड़े सभी सदस्यों व पदाधिकारियों हेतु ÷निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड÷ योजना लांच की जा चुकी है । उक्त योजना के विषय में नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा ने बताया कि यह योजना स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु निःशुल्क संचालित की गई है और यह निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड संपूर्ण भारत में निःशुल्क बनाया जा रहा है जो संपूर्ण भारत में मान्य होगा और इस कार्ड के माध्यम से कोई भी कार्ड धारक निःशुल्क अनुभवी डॉक्टरो से किसी भी तरह की स्वास्थ्य जानकारी निःशुल्क ले सकेगा साथ में स्वास्थ्य जांच जैसे लैब टेस्ट, खून जॉच, अल्ट्रासाउंड, CT Scan, MRI, इत्यादि अनेक जांचों में 20% से 50% तक का अनुदान राशि सीधे अपने बैंक खाते में पा सकेगा ।

नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा ने यह भी बताया कि वह अभी सदस्यों के लिए स्वास्थ्य, बीमा, पेंशन जैसी अनेक योजनाओं हेतु पहल कर रहे हैं जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड से शुरुवात हो चुकी है जो 10 मई 2025 से संगठन के प्रत्येक कार्यालय पर बनाएं जाएंगे जिससे निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से संगठन से जुड़े समस्त पत्रकारों, अधिवक्ताओं व समाजसेवियों को स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ सहायता के साथ साथ आर्थिक सहयोग भी मिल सकेगा। यह निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड बनवाने हेतु निम्नतम 18 वर्ष की आयु होनी चाहिए साथ में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो (लाइव 10 से 15 सेकंड का वीडियो), मोबाइल नंबर लगेगा। स्वास्थ्य कार्ड आईडी 24 घंटे के अंदर मिल जाती है। उक्त योजना घोषणा होते ही संपूर्ण भारत के संगठन से जुड़े पत्रकारों अधिवक्ताओं व समाजसेवियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जहां एक तरफ पत्रकार, अधिवक्ता व समाजसेवी देश व समाज हित में कार्य करते हुए धूप, बरसात व ठंडी में अपना कर्तव्य निभाते हुए जिम्मेदारी से कार्य करता है ऐसी स्थिति में इनके लिए स्वास्थ्य सुरक्षा, जीवन सुरक्षा, परिवार सुरक्षा को लागू किया जाना नितांत आवश्यक है।

# कानपुर में ईएनटी सर्जरी व वोन डिसेक्शन कोर्स का होगा आयोजन

**● आईएमए कानपुर में प्रेस वार्ता में डा. रोहित मेहरोत्रा ने दी जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** एन. मेहरोत्रा मेमोरियल ईएनटी फाउंडेशन, एओआई कानपुर शाखा व ईएनटी विभाग, उर्सला अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में पांचवां लाइव ईएनटी सर्जरी कोर्स व टेम्पोरल बोन डिसेक्शन कोर्स का आयोजन किया जायेगा. इसमें सौ से अधिक नाक, कान, गले के देश, विदेश से आए चिकित्सक सम्मिलित होंगे। यह बात आज एक प्रेस कांफ्रेंस में आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ रोहित मेहरोत्रा ने बताया कि यह आयोजन 9 से 11 मई तक किया जाएगा।आईएमए कानपुर में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डा. प्रवीण सक्सेना ने बताया कि 9 मई को लाइव टेम्पारल वोन डिसेक्शन ट्रेनिंग का आयोजन होगा, इसमें नागपुर के सुविख्यात ईएनटी सर्जन डा प्रशान्त नायक 40 से अधिक ईएनटी सर्जनों को प्रशिक्षित करेंगे। ऑर्गनाइजिंग को चेयरमैन डा. बृजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 10 व 11 मई को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ईएनटी सर्जन डा. सतीश जैन, डॉ के आर मेघनाथ, डा. सुब्बा रायडू व अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न प्रकार के जटील ईएनटी ऑपरेशनों का लाइव प्रदर्शन अन्य ईएनटी सर्जनों को सिखाने के लिये करेंगे व विभिन्न विषयों पर व्याख्यान भी दिए जायेंगे। ऑर्गनाइजिंग को सेक्रेट्री डा. रोहित मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन के दौरान 100 से अधिक नाक, कान गला चिकित्सक नई विधाओं व जानकारियों से लाभान्वित होगे जिससे आम जन मानस को जटिल ईएनटी सर्जरी की विधाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाया जा सकेगा। प्रेस कांफ्रेंस को डा. रोहित मेहरोत्रा, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन, डा. बृजेन्द्र शुक्ला, ऑर्गेनाइजिंग को चेयरमैन, डा. प्रवीण सक्सेना, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटी, डॉ रोहित मिश्रा, ऑर्गनाइजिंग को सेक्रेट्री ने संयुक्त रूप से सम्बोधित किया।

### जानलेवा हमला करने वालों पर कार्रवाई की गुहार




**चित्रकूट-** उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में पीड़ित ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। भरतकूप थाना क्षेत्र के रसिन गांव के निवासी हीरामन वर्मा ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि बीती 29 अप्रैल को रसिन से बांदा जिले के कालिंजर थाने के रानीपुर गांव के राजू के यहां वह पांच लोग बैंड-बाजा लेकर गए थे। रात में देवी-पूजन के दौरान गाना बजाने की बात को लेकर लड़की के दादा रानीपुर निवासी रामरूप ने उसके लड़के ज्ञान प्रकाश पर चाकू से गले पर प्राणघातक हमला कर दिया। गले में चाकू का वार होने के कारण उसका बेटा ज्ञानप्रकाश मरणासन्न हो गया और वह लोग तत्काल उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां अभी भी उसका इलाज चल रहा है। जिसकी रिपोर्ट कालिंजर थाने में दर्ज कराई गई है। पीड़ित ने उसके पुत्र के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## कानपुर में सिविल डिफेंस के वालेंटियर ने कई जगह किया मॉकड्रिल






**● आपातकाल में किस तरह से बचाव किया जाए, उसका अभ्यास किया गया**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पाकिस्तान से युद्ध की आशंकाओं को देखते हुए आज अन्य जनपदों की तरह कानपुर महानगर में भी अलग-अलग सोलह जगहों पर मॉकड्रिल किया गया। यह मॉकड्रिल आग लगने तथा रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर किया गया। इस मॉकड्रिल से पुलिस, सेना, सिविल डिफेंस के वालेंटियर ने आम जनता के साथ आपात स्थिति में किस तरह बचाव किया जाए उसका रिहल्सल किया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह का मॉकड्रिल आगे भी होता रहेगा। आज कानपुर"ऑपरेशन ब्लैक आउट"की मॉक ड्रिल को सफल बनाने के उद्देश्य से अनवरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसमण्डी चौराहा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड टीम, स्थानीय पुलिस एवं सिविल डिफेन्स द्वारा संयुक्त रूप से अभ्यास किया गया। साथ ही ई-रिक्शा द्वारा साउंड बॉक्स के माध्यम से अनाउंसमेंट कर आमजन को फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से जनता को आपातकालीन स्थितियों में उचित प्रतिक्रिया की जानकारी दी गई। कमिश्नरेट कानपुर नगर नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है।

### साइबर ठग द्वारा काटे गये 10,000/- रुपये को थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा 24 घंटे में वापस कराया गया




**शुकुल बाजार अमेठी।** मनोज कुमार यादव पुत्र दुख हरन यादव निवासी ग्राम पूरे लदई मजरे दक्खिन गांव क्यार थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी द्वारा दिनांक 06.05.2025 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि साइबर अपराधी द्वारा आवेदक के खाते से अपने खाते में कुल 10,000/- रुपये ट्रांसफर करा लिया गया है । जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना साइबर क्राइम एवं थाना बाजारशुक्ल को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी में संलिप्त बैंक खाते को Lien/Freeze कराते हुए पीड़ित के बैंक खाते में दिनांक 07.05.2025 को 10,000/- रुपये वापस कराया गया ।साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 एवं www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें ।

# चकेरी में चोरी की दो मोटरसाइकिल समेत अभियुक्त गिरफ्तार



**●एसएचओ चकेरी संतोष कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में पकड़ा गया अभियुक्त**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक चकेरी संतोष कुमार शुक्ला ने अपराधियों की कमर तोड़ने की ठान ली है। एसएचओ के निर्देशन में अब चकेरी क्षेत्र में अपराधी धरधर कांप रहे हैं। और यही कारण है कि अपराधी तुरंत गिरफ्तार किए जा रहे हैं। एसएचओ चकेरी संतोष कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में थाने पर पंजीकृत धारा 303 (2) के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त वीरेन्द्र साहनी पुत्र रमेश केवट निवासी 24 न्यू आजाद नगर थाना सेन पश्चिम पारा उम्र करीब 24 वर्ष को चोरी गयी मोटर साइकिल नम्बर यूपी 78 ईजे 0211 व मोटरसाइकिल यूपी 78 सीबी 5242 के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक चकेरी संतोष कुमार शुक्ला के कड़े निर्देशन में पुलिस ने की कार्रवाई। उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौकी प्रभारी श्याम नगर मय हमराह पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। दौराने गिरफ्तारी उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों, निर्देशों का पालन किया व कराया गया है। गिरफ्तारी शुदा अभियुक्त को थाने लाकर विधिक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत का आतंक के आकाओं और पाकिस्तान को करारा जवाब- राघवेंद्र नारायण

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र, उत्तर प्रदेश-** भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह एक साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में स्थित आतंकी ठिकानों पर अचूक हमले किए। यह सैन्य कार्रवाई हाल ही में, 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की प्रतिक्रिया थी, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक शहीद हो गए थे। इस ऑपरेशन के माध्यम से, भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे खूंखार आतंकी संगठनों के कई ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प और बुलंद आवाज को विश्व मंच पर मजबूती से स्थापित किया है।नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने भारतीय सेना की इस शानदार सफलता की हृदय से प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके स्पष्ट रूप से दिखा दिया है कि भारत का धैर्य उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी अटूट शक्ति है। यह कार्रवाई न केवल पहलगाम के शहीदों के बलिदान का प्रतिशोध है, बल्कि यह हर भारतीय नागरिक के भीतर धधक रहे आक्रोश का भी प्रतीक है।श्री नारायण ने आगे कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण में देश का प्रत्येक नागरिक और विपक्ष पूरी तरह से सरकार और भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध यह लड़ाई भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए है। देश का युवा वर्ग और आम जनता सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक इस सैन्य कार्रवाई का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। यह ऑपरेशन न केवल आतंकवादियों के लिए एक कठोर सबक है, बल्कि पूरे विश्व समुदाय के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि आतंकवाद को किसी भी रूप में शरण देना अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने भारतीय सेना के वीर जवानों की अद्वितीय बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने शौर्य से देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। कांग्रेस पार्टी पहलगाम के शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और इस दुख की घड़ी में उनके साथ है। श्री नारायण ने सरकार से यह अपेक्षा भी की कि आतंकवाद के खिलाफ इस प्रकार की निर्णायक कार्रवाइयां निरंतर जारी रहनी चाहिए, ताकि भारत की पवित्र धरती से आतंक के काले साये को हमेशा के लिए मिटाया जा सके। ऑपरेशन सिंदूर भारत के आतंकवाद विरोधी संकल्प का एक शक्तिशाली प्रमाण है और यह स्पष्ट करता है कि भारत अपनी सुरक्षा और नागरिकों की जान-माल की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए दृढ़ है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवागत सीईओ का जनपद अधिकारियों सहित सचिव एवं रोज़गार सहायकों ने किया स्वागत



**शहडोल।** स्थानीय जनपद पंचायत बुढार में पदस्थ नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव लघाटे का जनपद पदाधिकारियों सहित सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक संगठन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किये है, इस दौरान नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं समग्र ई केवायसी की कार्यो पर विशेष ध्यान दें, जिससे शासन की योजना फलीभूत हो। इस अवसर पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा दिवाकर सिंह, सहायक यंत्री बुद्धमान पेड्रो, रामजस पटेल, शरद वर्मा, अजय शुक्ला देवेन्द्र गौतम गोविद चौधरी दिलीप पैकरा, राजेंद्र सूर्या, दीपक पटेल, संजीव तिवारी, विकास चौधरी, विकाश वर्मन, सहित जनपद के कई सचिवो व सहायक सचिवों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बैनर में एमएलसी का नाम न होना डीएम ने लिया संज्ञान, उप निर्देशक मंडी को भेजा पत्र

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी का लोहिया कला भवन में मंगलवार को आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में बैनर में नाम न होने पर उप निदेशक मंडी बस्ती मंडल को बुधवार को एक पत्र जारी करके जबाव तलब किया है। लोहिया कला भवन में मंगलवार को एक सरकारी कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान कृषि विपणन दिनेश प्रताप सिंह आए थे और मंच के पीछे बैनर में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी का नाम अंकित नहीं था जबकि कार्यक्रम में आमंत्रित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर शिक्षक विधायक ने बैनर पर चित्र और नाम न देखकर नाराजगी व्यक्त की थी और उसे विशेषाधिकार के हनन बताते हुए इस मामले को सदन में उठाने की बात प्रेस वार्ता के माध्यम से की थी। इस पर बुधवार को जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए तीन दिन में संबंधित जिम्मेदार से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम द्वारा उप निदेशक मंडी को भेजे गए कारण बताओ नोटिस में लिखा गया है की यदि तीन कार्य दिवस में संबंधित मामले में स्पष्टीकरण नही दिया गया तो यह माना जायेगा की उन्हे कुछ नही कहना है और आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### चामुंडा घाट पर यमुना में मिला युवक का शव

**करीब 30 वर्षीय मृतक की नहीं हुई पहचान, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम गृह भेजा**

**मथुरा।** वृन्दावन थाना कोतवाली इलाके के चामुंडा घाट के समीप यमुना नदी में अज्ञात युवक का शव उतराता मिला है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भेज कर पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है। अद्धा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत वृंदावन पानी गांव मार्ग स्थित चामुंडा घाट के समीप बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक अज्ञात युवक का शव यमुना नदी में उतराता दिखाई दिया। शव मिलने की जानकारी लगते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवा कर कब्जे में ले लिया। अद्धा चौकी प्रभारी कुलवीर तरार ने बताया मृतक गहरे रंग की कैफरी पहने हुए हैं। सब एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा है आसपास के लोगों को दिखाने पर भी शिनाख्त नही हो सकी। शव को पोस्टमार्टम गृह भिजवाकर मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के बसखोरिया गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों में 27 वर्षीया विवाहिता की मौत का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। सूचना पर फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने भी मौका मुआयना किया। मौके पर चौकी प्रभारी जगत नरायन यादव भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार बरेली के सिविल लाइन निवासी स्व0 राम खेलावन मिश्रा की पुत्री कल्पना मिश्रा की शादी पांच वर्ष पूर्व बसखोरिया निवासी अमरेश चंद दूबे के बड़े पुत्र मनीष दूबे के साथ हुई थी। घटना की सूचना पर बरेली से देर शाम बसखोरिया पहुंचे मृतका के मायके वाले शव को देख विलाप करने लगे। मृतका की माँ व साथआए अन्य रिश्तेदार महिलाओं के करुण क्रन्दन को सुन हर किसी का मन भारी हो गया। मायके वालों ने मृतका के पति मनीष दूबे व उनके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग किया। इस संबध में थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने कहा कि लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। समाचार भेजे जाने तक पुलिस पंचनामा आदि की कार्यवाही में जुटी रही।

# शहर के अतिक्रमण पर नगर आयुक्त के सख्त हुए तेवर

**● भैंस बहोरा क्षेत्र में नाले पर अतिक्रमण देख चौंक गये डीएम**

**नगर आयुक्त के साथ जिलाधिकारी ने क्षेत्र में किया पैदल भ्रमण**

**नाले में पानी के प्रवाह में जहां भी रुकावट है उसे किया जाएगा दूर**



भैंस बहोरा क्षेत्र में नालों को देखते जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** वर्षा ऋतु से पूर्व नगर निगम द्वारा बृहद अभियान चलाकर नाला सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिसके दृष्टिगत नगर निगम टीम के द्वारा नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देशन पर विशेष अभियान चलाकर नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए नाला सफाई का कार्य कराया जा रहा है। कार्यो का नगर आयुक्त द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने नगर निगम टीम के साथ भैंस बहोरा क्षेत्र में स्थित मुख्य नाले की साफ सफाई, अतिक्रमण आदि व्यवस्थाओं का पैदल भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वार भैंस बहोरा नाले के सभी चोक पॉइंट्स तथा नाले से जुड़े हुए सभी मार्गो का पैदल भ्रमण कर नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण नाले की सफाई, जल निकासी, नाले की चौड़ाई गहराई आदि सभी स्थिति का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा नाले के ऊपर स्लैब तथा पटिया डालकर अतिक्रमण किया गया है।

स्थानीय लोगों से स्वतः अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में नगर निगम टीम को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, सहायक अभियंता निर्माण श्री शशांक सिंह, सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया आदि उपस्थित रहे।

**केआर कॉलेज वाले नाले के लिए प्रोजेक्ट होगा तैयार**

डीएम ने निर्देश दिए हैं कि जिस जिस जगह से नाला संकरा है उसे चौड़ा कर रिटेन वॉल बनाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज से कैलाश नगर मोड़ तक नाले को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रोजेक्ट के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिससे नाले में पानी का बहाव सुगमता से हो सके। इसके अतिरिक्त के.आर गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास स्थिति कूड़ा स्थल के लिए स्थानीय निवासियों को कूड़ा डालने के लिए दो कूड़ा गाड़ियों को खड़ी करने तथा कूड़ा स्थल को सौंदर्यीकरण कराने के लिए निर्देश दिए गए।

## समस्तीपुर में कॉलेज फॉर्म भरने गई बीए की छात्रा 6 दिन से लापता

**समस्तीपुर** में एक छात्रा के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। वारिसनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय तामजिद प्रवीण 2 मई की सुबह अपने कॉलेज एसएमआरसी में परीक्षा फॉर्म भरने निकली थी। परिजनों के अनुसार दोपहर तक उसकी मोबाइल पर बातचीत होती रही। उसने बताया था कि वह घर लौट रही है और मुक्तापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही है। उसके साथ उसकी सहेली कोमल भी मौजूद थी। लेकिन इसके बाद तामजिद का फोन अचानक बंद हो गया और तब से उसका कोई पता नहीं चला है। परिजनों ने तुरंत वारिसनगर थाने में जाकर मामला दर्ज कराया और आशंका जताई कि उनकी बेटी का अपहरण किया गया है। तामजिद की मां हुस्नो बेगम ने बताया कि कोमल ने एक मोबाइल नंबर का जिक्र किया था, जिससे तामजिद किसी युवक से बातचीत करती थी। शक की सुई अब उसी युवक की ओर है। परिजनों का आरोप है कि कोमल युवक की पहचान छिपा रही है और पुलिस से भी पूरी जानकारी साझा नहीं कर रही है। तामजिद के मामा मोहम्मद जमील ने कहा कि लड़की के गायब होने के बाद से संदिग्ध मोबाइल नंबर भी लगातार बंद आ रहा है, जिससे संदेह और गहरा गया है। सदर एसडीपीओ विजय महतो ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तफ्तीश जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्रा की जल्द बरामदगी होगी।

## 693 ग्रामीणों ने उठाया हरे कृष्णा मूवमेंट के स्वास्थ्य शिविर का लाभ'



ग्रामीणों का उपचार करती चिकित्सकों की टीम।

**● रामताल, बाटी, मघेरा, भरतिया और परखम गुर्जर के ग्रामीणों को मिला चिकित्सा सुविधा का लाभ**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा** हरे कृष्ण मूवमेंट, जो वर्ष 2008 से ब्रज क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है, ने ''स्वस्थ ब्रज'' अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बुधवार को ग्राम परखम गुर्जर में हरे कृष्ण मूवमेंट, केशव माधव चिकित्सालय और एम्स, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 167 ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान हेतु चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। संस्था के मीडिया प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मार्च के प्रथम सप्ताह से लेकर अब तक हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा ब्रज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों रामताल, बाटी, मघेरा, भरतिया और परखम गुर्जर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 693 ग्रामीणों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श व निःशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। केशव माधव चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप ने जानकारी दी कि संस्था का लक्ष्य आगामी तीन महीनों में प्रति सप्ताह नियमित चिकित्सा शिविरों का आयोजन करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर रोगों की समय पर पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से युवाओं को नशामुक्ति के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। परखम गुर्जर में आयोजित इस शिविर में एम्स, दिल्ली के डॉ. दीपिका मिश्रा, डॉ. तनुराग और डॉ. भरत, केशव माधव चिकित्सालय के डॉ. सौरभ रॉय, डॉ. सोमेश चौहान, सुनीता जी, केडी मेडिकल एवं केडी डेंटल से डॉ. शशांक, डॉ. देवरा, डॉ. निधि और डॉ. दीक्षा ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं।

## अच्छे सिविल स्कोर वाले खातों पर साइबर अपराधियों की नजर

**● आपके कागजात होंगे और दूसरे का फोटो आसानी से मिल जाता है लोन**



साइबर ठगी में पकडे गये दोनो आरोपि।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** अच्छे सिबिल स्कोर वाले बैंक अकाउंट अब साइबर ठगों के निशाने पर हैं। आपके कागजात होंगे और फोटो किसी और का। सिविल अच्छी होने के चलते आसानी से लोन पास हो जाता है। थाना साइबर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से फाइनेंस कम्पनी से ऑनलाइन लोन लेने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाने पर पंजीकृत पंजीकृत कराये गये धोखाधडी के मामले में पुलिस ने यह कार्यवाही की है। घटना में प्रकाश में आये अभियुक्त यतीन्द्र कुमार पुत्र स्व. नरेन्द्र पाल निवासी हाल पता शम्भू नगर एटा रोड थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद स्थाई पता ग्राम रामपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र 56 वर्ष 2.शिवम पुत्र यतीन्द्र कुमार निवासी हाल पता शम्भू नगर एटा रोड थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद स्थाई पता ग्राम रामपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र 28 वर्ष को टूंडला फिरोजाबाद किराये के मकान के पास से गिरफ्तार किया गया। 22 फरवरी 2025 को इस संबंध में साइबर थाने पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें अज्ञात द्वारा बजाज फाइनेंस कम्पनी से यतीन्द्र कुमार निवासी तारीनपुर सीतापुर के नाम पर 5,22,232 रूपये का फर्जी तरीके से लोन लेना बताया गया।

प्रार्थना पत्र के आधार पर विवेचना प्रारम्भ की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों का एक ग्रुप है जिसमें काफी सारे सदस्य हैं। ये लोग बैंकिंग या लोन सेक्टर में ही काम करते हैं जिस कारण बैंकिंग और लोन डिपार्टमेंट की अच्छी जानकारी है। ये लोग पहले लोगों का डेटा इकठ्ठा करते है जैसे कि पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि जिसके बाद उन व्यक्तियों के सिबिल स्कोर चेक करते है। जिन व्यक्तियो के सिविल स्कोर अच्छे होते है उन व्यक्तियो के पैन नम्बर और आधार नम्बर का प्रयोग कर फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड तैयार करते है जिसमे पिता का नाम, पता सब फर्जी होता है और फोटो इन्हीं के किसी साथी का होता है उसके बाद उन दस्तावेज के आधार पर फर्जी बैंक खाते खुलवाए जाते है और उनकी पास बुक मे फर्जी एन्ट्री कर मोटी लेन देन दिखाई जाती है जिसे देख बैंक आसानी से लोन दे देते है बड़े लोन के लिए फर्जी आईकार्ड जैसे कि प्रधान अध्यापक, सरकारी अधिकारी, आर्मी अफसर आदि भी तैयार करते है। लोन आवेदन के बाद लोन का पैसा अपने खातो मे ट्रांसफर कर लेते है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल थाना साइबर क्राइम, निरीक्षक प्रमोद कुमार थाना साइबर क्राइम, एसआई आशीष मलिक थाना साइबर क्राइम, एसआई मोहित वर्मा थाना साइबर क्राइम मथुरा आदि थे।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु का ऐतिहासिक प्रयास, बुद्ध से संबंधित पूरावशेषों की नीलामी रोकी गई

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु की कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने कहा कि विश्विद्यालय द्वारा किए गए महत्वपूर्ण एवं समर्पित प्रयासों के फलस्वरूप महात्मा गौतम बुद्ध से संबंधित महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पूरावशेषों की नीलामी को रोका गया है। यह प्रयास विशेष रूप से सिद्धार्थनगर परिक्षेत्र और संपूर्ण भारत के लिए सांस्कृतिक आत्मगौरव का विषय है। उन्होंने इस घटना के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रखते हुए बताया कि यह पूरावशेष जनवरी 1898 में बर्डपुर (सिद्धार्थनगर) के तत्कालीन जमींदार विलियम क्लॉस्टन पेपे की देखरेख में हुई खुदाई के दौरान पिपरवा स्तूप से प्राप्त हुए थे। इस खुदाई में लगभग 20 फीट नीचे से 700 किलोग्राम वज़न वाला एक पत्थर का बॉक्स मिला था, जिसमें लगभग 1800 मनके पाए गए थे। इनमें से 331 मनके विलियम पेपे को प्रदान किए गए, जिन्हें वे इंग्लैंड ले गए थे। पेपे की चौथी पीढ़ी, क्रिप्स पेपे, ने इन पूरावशेषों को हांगकांग की विख्यात नीलामी संस्था सोतबीज़ के माध्यम से 7 मई 2025 को नीलाम करने की योजना बनाई थी।

कुलपति ने बताया कि जैसे ही यह सूचना सिद्धार्थ विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई, विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के शिक्षक डॉ. शरदेंदु त्रिपाठी तथा उर्दू विभाग के डॉ. बाल गंगाधर एवं विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों और मीडिया के साथ मिलकर इस विषय पर तत्परता दिखाई। उन्होंने भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं अन्य संबंधित संस्थाओं को पत्र एवं ईमेल के माध्यम से सूचित कर इस नीलामी को रोकने की मांग की। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह हुआ कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए सोतबीज़ और क्रिप्स पेपे को कानूनी नोटिस जारी किया, जिसके पश्चात 7 मई को होने वाली नीलामी स्थगित कर दी गई।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के आत्मसम्मान एवं सांस्कृतिक गौरव की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, जो राजकुमार सिद्धार्थ (बाद में गौतम बुद्ध) के नाम पर स्थापित है, की नैतिक जिम्मेदारी है कि ऐसे अमूल्य पूरावशेषों को भारत वापस लाया जाए।

कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने यह भी अवगत कराया कि वर्ष 1898 की खुदाई में प्राप्त पाँच अस्थिकलश, जो इस समय कोलकाता के नेशनल म्यूज़ियम में सुरक्षित हैं, उन्हें भी कपिलवस्तु स्थित राजकीय संग्रहालय में लाने का प्रयास किया जाएगा। इससे न केवल क्षेत्रीय धरोहर का पुनर्स्थापन होगा, बल्कि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अध्ययन एवं शोध का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। साथ ही, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से महात्मा बुद्ध के जीवन एवं दर्शन पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने की योजना बना रहा है। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए अध्ययन, शोध और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। यह प्रयास न केवल अतीत की धरोहर को सुरक्षित रखने की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारत की सांस्कृतिक गरिमा से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध होगा।

## रेलवे फाटक बंद हो गया तो कटरा बाजार से कट जाएंगे ग्राहक

**● कटरा बाजार रेलवे फाटक बचाने को व्यापारियों ने बनाई संघर्ष समिति**



रेलवे फाटक लेकर रणनीति तैयार करते लोग।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** राया में पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा कस्वे के मुख्य बाजार कटरा रेलवे फाटक को बंद करने की जानकारी होते ही कस्बावासी एक जुट हो गए है। जिसके लिये मंगलवार की सायं व्यापारियों की एक बैठक रेतिया बाजार स्थित विहारी जी मंदिर पर आयोजित की गयी जिसमे लोगो ने रणनीति बनाकर राया बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसके बैनर तले लोग सांसद हेमामालिनी, जिलाधिकारी मथुरा, रेलमंत्री, क्षेत्रीय विधायक, अन्य सम्बंधित अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। बैठक में व्यापारियों ने कहा अगर रेल प्रसाशन हमारी मांगे नही मानता है तो राया बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले लोग बाजार बंद के साथ आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बताते चले फाटक बंद होने से कस्वे में निकलने वाली शोभायात्राये , प्रभात फेरिया, ताजिये जुलूस, रामबारात आदि इसी कटरा बाजार से होकर निकलते है। फाटक बंद होने से लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा वही बाजार के अंदर कोई आगजनी की अनहोनी घटना घटित हो जाये तो उनका बचाब किस प्रकार से होगा। इस सम्बंध में गुरुवार को राया बचाओ संघर्ष समिति जिलाधिकारी मथुरा चंद्रप्रकाश सिंह से मुलाकात करेगी। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा पं अरविंद शर्मा भूपेश अग्रवाल पवन अग्रवाल मदन अग्रवाल विकास चौधरी रामलीला कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर मन्कामेश्वरी मेला कमेटी अध्यक्ष विशाल पाराशर , महा बाघेश्वरी मेला कमेटी के शौरभ गर्ग अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राकेश बंसल आदि मौजूद प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी में दो गिरफ्तार

**● दो टेंकर, 300 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ बरामद**

**बीपीसीएल डिपो से 300 मीटर दूरी पर किया गया गिरफ्तार**





थाना रिफाइनरी में दोनों पकडे गये आरोपित।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** पेट्रोलियम पदार्थ की कालाबाजारी में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना रिफाइनरी क्षेत्र से दो टैंकर पकड़े हैं और 300 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया है। पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय मथुरा की टीम के साथ मिल कर थाना रिफाइनरी पुलिस ने कार्यवाही की। पांच मई को करीब पौने दस बजे चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर बीपीसीएल डिपो से 300 मीटर दूरी पर पुलिस को यह कामयाबी मिली। अभियुक्त योगेश पुत्र नेत्रपाल निवासी बरौली थाना जबां जनपद अलीगढ़ (उम्र 35 वर्ष) व देवेन्द्र पुत्र बल्लू निवासी महरौली थाना गोवर्धन जनपद मथुरा (उम्र 20 वर्ष) को एक टैंकर पैट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ (वाहन संख्या यूपी 85 ईटी 6568), टैंकर संख्या यूपी 85 ईटी 8519 खाली, 8 जरिकेन में लगभग 300 लीटर पैट्रोलियम पदार्थ व टैंकर से तेल निकालने के लिए एक कीप एवं एक प्लास्टिक पाईप जिसकी लम्बाई पांच मीटर के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना रिफाइनरी पर धारा 3, 7 ईसी एक्ट के में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है। कार्यवाही करने वाली टीम में शांति स्वरूप पूर्ति निरीक्षक मथुरा (मुख्यालय), फूल सिंह यादव क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मथुरा, थानाध्यक्ष अजय वर्मा थाना रिफाइनरी, एसआई अखिलेश कुमार थाना रिफाइनरी आदि शामिल थे।

## शहर से गांव तक गूंजे भारत माता के जयकारे

**● जगह जगह अतिषबाजी की गई, मिठाई बांटी गई**



तिरंगा झंडा लेकर सडक पर निकले लोग।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बुधवार की सुबह जोश और जुनुन से लबरेज थी। हर चेहरे पर जोश साफ दिख रहा था। लोग एक दूसरे को बता रहे थे कि रात भारतीय सेना ने किस तरह पराक्रम किया। हर जगह सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा थी। जगह जगह आतिशबाजी की गई, लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। राया में क्षेत्रीय लोगों ने हाथरस मथुरा मार्ग नेहरू पार्क पर जमकर आतिशबाजी चलायी। पाकिस्तान मुर्दाबाद भारत माता की जय के नारे लगाए। आतिशबाजी चलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय राकेश बंसल मोहन नारायण अग्रवाल पवन अग्रवाल मनोज नागर विकास चौधरी अंकुर देवा प्रधान प्रमोद कुमार नितेश पाठक गोविंद सिंह मनोज शर्मा चौधरी शेखर सिंह अफजल , आदि मौजूद रहे। वृंदावन में व्यापारियों ने नगर की अनाज मंडी में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए भारतीय सेना को सलाम करते हुए हर्ष व्यक्त किया। वहीं इस मौके पर पदाधिकारियों के द्वारा आतिशबाजी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर विस्तृत जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल और चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि आज हर हिंदुस्तानी के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण दीक्षित, आनंद गुप्ता, भीमसेन अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, बालकिशन वार्ष्णेय, लक्ष्मी नारायण सैनी, मुकेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे। मथुरा में होली गेट पर लोगों ने जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर लोग एक दूसरे को बधाई देते रहे।

## छिनैती करने वालों की दो स्थानों पर मथुरा पुलिस के साथ मुठभेड़

**● वृंदावन और गोवर्धन थाना क्षेत्रों में हुई पुलिस मुठभेड़**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** एसओजी टीम व थाना गोवर्धन पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गोवर्धन में श्रद्धालु महिला से पर्स लूटने की घटना को अंजाम के आरोपी लुटेरे को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मई को हेमा पत्नी मनोज निवासी केलकर रोड वर्धा महाराष्ट्र के पर्स को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से दो अज्ञात बाइक सवार द्वारा छीन लिया गया था। जिसके संबंध में थाना गोवर्धन पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। बुधवार को यह घटना कारित करने वाले अभियुक्त मोहन उर्फ मोहित पुत्र नारायण कटड़ा थाना कोतवाली डींग जिला डिंग राजस्थान व एक बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस के साथ मुठभेड नीम गांव चौराहा डिंग रोड थाना गोवर्धन पर हुई। इसके कब्जे से छीना गया फ़ोन, 2200 रुपये, पर्स असलाह कारतूस व लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा गया। दूसरी मुठभेड वृंदावन क्षेत्र में हुई, यहां थाना वृन्दावन पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुये पुलिस मुठभेड़ में एक अभियुक्त को एक मोबाइल आई फोन, 4600 रुपये, एक अवैध तमन्चा (02 जिन्दा व 03 खोखा)कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकि के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त गणेश उर्फ अनेश पुत्र सतीश निवासी सौंसा थाना मगोर्रा जिला मथुरा उम्र करीब 28 वर्ष को पुलिस ने गौ ग्राम गेट चेतन्य बिहार फेस-2 से धौरेरा की तरफ 250 मीटर की दूरी पर वृन्दावन से गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया।

## मथुरा में बढ़ी चौकसी, अजनबियों पर पैनी नजर

**प्रमुख मंदिरो, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि पर चला सघन चौकिंग अभियान**

**मथुरा।** बॉर्डर पर तनाव के बीच आंतरिक सुरक्षा को भी चुस्त किया गया है। प्रमुख मंदिरों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड और भीडभाड वाले स्थानों पर सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सघन तलाशी कराई जा रही है। किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। जहां एक ओर खुशियां मनाई जा रही है तो वहीं पुलिसकर्मी मुस्तैदी से तैनात हैं। जगह जगह चेकिंग पॉइंट बने हुए हैं। मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की जा रही है। रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों ने चेकिंग चला कर व्यवस्था पर की। आरपीएफ सहायक आयुक्त एके सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी के साथ जंक्शन के प्लेटफार्म एक और दो पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जंक्शन पर फोर्स तैनात की है। दिल्ली की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों पर टीम कोच में जाकर चेकिंग करेगी, इसके अलावा संदिग्ध चीजों पर भी टीम की कड़ी निगरानी रहेगी।